Established 1865

# पायनियर

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

RNI N0. UPHIN/2010/36547 | वर्ष-16 | अंक-51 | लखनऊ, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-16, मूल्य 6 रुपये | ( नगर संस्करण )

# वंदे मातरम के टुकड़े किए इसलिए बंटा भारत


## पीएम मोदी ने भाषण में 13 बार कांग्रेस, 7 बार नेहरू का किया जिक्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दावा किया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम् के टुकड़े कर दिए गए और एक दिन पार्टी को भारत के बंटवारे के लिए भी झुकना पड़ा। मोदी ने सदन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चर्चा की शुरूआत करते हुए 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल का हवाला दिया और कहा कि जब राष्ट्रीय गीत के 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और संविधान का गला घोंट दिया गया था।

> कांग्रेस वंदे मातरम पर झुकी, इसलिए भारत के बंटवारे के लिए भी झुकना पड़ा: प्रधानमंत्री

उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा, जब आजादी को कुचलने की कोशिश हुई, संविधान की पीठ पर छुरा घोंप दिया गया और देश पर आपातकाल थोप दिया गया, तब इसी वंदे मातरम ने देश को खड़ा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 1875 में लिखित वंदे मातरम जब देश की ऊर्जा और प्रेरणा का मंत्र बन रहा था और स्वतंत्रता संग्राम का नारा बन गया था, तब मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति और मोहम्मद अली जिन्ना के दबाव में कांग्रेस झुक गई। उन्होंने कहा, तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। नेहरू जी मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों पर करारा जवाब देते, मुस्लिम लीग के बयानों की निंदा करते, वंदे मातरम के प्रति खुद की और कांग्रेस पार्टी की निष्ठा को प्रकट करते, उसके बजाय उन्होंने वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। जिन्ना के विरोध के पांच दिन बाद ही तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष नेहरू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिखा और उसमें जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए कहा वंदे मातरम की आनंद मठ की पृष्ठभूमि मुसलमानों को इरिटेट (क्षुब्ध) कर सकती है। इसके बाद कांग्रेस ने वंदे मातरम के उपयोग की समीक्षा की घोषणा की जिससे पूरा देश हैरान था।



### बिहार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सांसदों से बोले प्रधानमंत्री मोदी

## बड़ी जीत के साथ ही आती है बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों से हाल में संपन्न राज्य विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन की शानदार जीत के बाद लोगों के कल्याण के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करने का आान किया। उन्होंने कहा, बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राजग सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को उस समय यह संदेश दिया, जब वे (राजग सांसद) उन्हें (मोदी को) बिहार चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन की भारी जीत की बधाई देने के लिए दिल्ली आए थे। बैठक के बाद शांभवी ने पत्रकारों से कहा, हमने बिहार में शानदार नेतृत्व और प्रचार अभियान के समर्थन के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी तथा उनका आभार जताया, जिसके कारण हमारे चुनाव अभियान को मजबूत गति मिली थी। प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया कि बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है।

> घृणा और झूठ के बजाय प्रगति पर ध्यान करें केंद्रित



### कांग्रेस की नीतियां आज वैसी की वैसी

प्रधानमंत्री के मुताबिक, नेहरू ने पत्र में लिखा, मैंने वंदे मातरम गीत की पृष्ठभूमि पढ़ी है। मुझे लगता है कि जो पृष्ठभूमि है, इससे मुस्लिम भड़केंगे। मोदी ने कहा, कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे पर झुकी, इसलिए उसे एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा। मोदी ने कहा, दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां आज वैसी की वैसी ही हैं और आज आईएनसी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) चलते-चलते एमएमसी हो गया है। प्रधानमंत्री ने गत 14 नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव में राजग की जीत के बाद अपने भाषण में कांग्रेस के लिए एमएमसी (मुस्लिम-लीगी माओवादी कांग्रेस) शब्द का इस्तेमाल किया था। मोदी ने लोकसभा में कहा, वंदे मातरम, सिर्फ राजनीतिक लड़ाई का मंत्र नहीं था। अंग्रेज जाएं और हम अपनी राह पर खड़े हो जाएं।

### वंदे मातरम का पुण्य स्मरण बड़ा सौभाग्य

मोदी ने कहा, जिस मंत्र ने, जिस जयघोष ने देश की आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और हम सभी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा, वंदे मातरम की 150 वर्ष की यात्रा अनेक पड़ावों से गुजरी है, लेकिन जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष हुए थे, तब देश गुलामी में जीने के लिए मजबूर था। जब वंदे मातरम् के 100 वर्ष हुए, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और जब वंदे मातरम् का अत्यंत उत्तम पर्व होना चाहिए था, तब भारत के संविधान का गला घोंट दिया गया था।

### 2047 तक विकसित भारत बनाना सपना

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी से पहले महापुरुषों का सपना स्वतंत्र भारत का था और आज की पीढ़ी का सपना समृद्ध भारत का है। मोदी ने कहा कि वंदे मातरम गीत ऐसे समय लिखा गया था, जब 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेज सल्तनत बौखलाई हुई थी। उन्होंने कहा, हमारा सपना है कि 2047 में देश विकसित भारत बनकर रहे। अगर आजादी के 50 साल पहले कोई देश की आजादी का सपना देख सकता था तो 25 साल पहले हम भी समृद्ध, विकसित भारत का सपना देख सकते हैं। मोदी ने कहा, यहां कोई पक्ष, विपक्ष नहीं है। यहां बैठे हम सब लोगों के लिए सोचने का विषय है कि आजादी के आंदोलन के परिणामस्वरूप हम यहां बैठे हैं। हम जन प्रतिनिधियों के लिए वंदे मातरम के ऋण को स्वीकार करने का अवसर है।

# कोडीनयुक्त प्रतिबंधित दवाओं से कोई कैजुअल्टी नहीं

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

प्रदेश सरकार द्वारा कोडीन प्रतिबंधित दवाओं के खिलाफ जीरो टालरेंस के तहत अड्डियान चलाया जा रहा है। प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर अत्यन्त गंभीर है। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश है कि सभी ड्रग्स मानक के अनुरूप होने चाहिए। मानक के अनुरूप न पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। कोडीन युक्त कफ सिरप से प्रदेश में एक भी कैजुअल्टी नहीं हुई है। पुलिस महानिरीक्षक की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया है जिसमे एफएससीए के अफसरों को शामिल करते हुए कोडीन युक्त कफ सिरप की जांच करने के निर्देश दिये गये है।

> पुलिस महानिरीक्षक स्तर पर एसआईटी टीम का गठन: प्रमुख सचिव गृह

ये बातें प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने लोकभवन में आयोजित प्रेसवार्ता में बतायी। कोडीन कप सिरप को लेकर सोमवार को प्रमुख सचिव गृह, पुलिस महानिदेशक व आयुक्त खाद्य रसद एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में लोक ड्डावन एक प्रेस वार्ता की गयी थी। डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि पिछले दो माह में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विड्डाग (एफएसडीए), जनपदीय पुलिस तथा यूपी एसटीएफ द्वारा समन्धित अड्डियान चलाकर कोडीन युक्त कफ सिरप एवं एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण एवं अवैध डायवर्जन के संबंध में एक सघन अड्डियान चलाया गया। उन्होने यह भी बताया कि सोशल मीडिया या अन्य किसी भी तरह से गलत या चामक अफवाह फैलाने पर नियमानुसार कार्रवाही की जा रही है जिसके क्रम में जनपद वाराणसी में एफआईआर ड्डी दर्ज की गयी है।

आयुक्त खाद्य रसद एवं औषधि प्रशासन रोशन जैकब ने बताया कि एफएसडीए मुख्यालय स्तर की विशेष टीम द्वारा केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीए), मध्य प्रदेश से प्राप्त महत्वपूर्ण इनपुट की अग्रिम जाँच के क्रम में औषधि विभाग के विड्डिान्न औषधि निरीक्षकों द्वारा हिमाचल प्रदेश स्थित दो, उत्तराखंड राज्य स्थित तीन कोडीनयुक्त कफ सिरप के निमार्ता फर्मों एवं हरियाणा राज्य स्थित निर्मात्ता फर्म के एक डिपो व झारखंड राज्य के रांची स्थित एक बहुराष्ट्रीय निमार्ता फर्म के सुपर स्टॉकिस्ट सैली ट्रेडर्स की गहन जांच कर, कोडीनयुक्त कफ सिरप के निर्माण, भंडारण क्रय-विक्रय एवं वितरण संबंधित सूचना व अभिलेखों को प्राप्त किया गया। उपरोक्त से प्राप्त सूचना व संकलित अभिलेखों के परिशीलन में यह पाया गया कि, उपरोक्त फार्मों द्वारा केवल कोडीनयुक्त कफ सिरप का विक्रय, प्रदेश के कतिपय जनपदों के चुनिंदा औषधि प्रतिष्ठानों को पुनरावृत ड्डारी मात्रा में किया गया है।

इनमें से कुछ प्रतिष्तान एक ही व्यक्ति अथवा उनके सगे संबंधियों के नाम के हैं, जिनके अधिप्रमाणित साक्ष्यों में फर्जी अनुड्डाव प्रमाण पत्र कर औषधि लाइसेंस प्राप्त करने के भी प्रमाण मिले हैं, कुछ प्रतिष्ठान जिनका औषधि लाइसेंस पूर्व में निरस्त किया जा चुका है, ऐसे प्रतिष्ठानों को ड्डी एक से तीन लाख कोडीनयुक्त कफ सिरप बोतल की भारी मात्रा में बिक्री की गई है। जिससे स्पष्ट है कि इन फर्मों। व्यक्तियों द्वारा कोडीन फॉस्योट युक्त औषधियों (कफ सिरप) का गैर चिकित्सकीय उपयोग हेतु संगठित रूप से अवैध डायवर्जन कर नशे के रूप में दुरुपयोग कराया जा रहा है। जोकि एक संगवित अपराध की श्रेणी में आता है।



### 28 जिलों में दर्ज हुए 128 एफआईआर

डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि अड्डियान में किये गए निरीक्षणों के दौरान पाये गयी सड्डी उल्लंघनों की पुष्टि हो जाने पर अपराध की निरन्तरता को रोकने के लिए औषधि विड्डाग के निरीक्षकों द्वारा 28 जनपदों के कुल 128 प्रतिष्ठानों व संबंधित संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। जिसमें वाराणसी 38, जौनपुर 16, कानपुर नगर 08, गाजीपुर 06, लखीमपुर खीरी 04, लखनऊ 04, बहराइच, बिजनौर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सीतापुर, सोनड्डाद्र, बलरामपुर रायबरेली, रायबरेली, संतकबीर नगर हरदोई, आवस्ती, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, बस्ती, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, सहारनपुर, बरेली, सुल्तानपुर, चंदौली. रायबरेली, मिजार्पुर में कुल मिलाकर 52 एफआईआर दर्ज हुई है।

# किसी की नियुक्ति से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें: योगी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नागरिकों से अपील की कि वे सतर्क रहें और घरेलू अथवा व्यावसायिक कार्यों में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह अपील ऐसे समय में की है, जब उनके निर्देश पर पिछले सप्ताह से पूरे प्रदेश में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। उन्होंने सोमवार सुबह 'एक्स' पर एक पोस्ट में उच्चतम न्यायालय की हालिया टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण टिप्पणी की है कि घुसपैठियों के लिए लाल कालीन नहीं बिछाया जा सकता। इससे स्पष्ट है कि घुसपैठिए किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों पर अधिकार नागरिकों का है, घुसपैठियों का नहीं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राज्य की सुरक्षा और सामाजिक संतुलन बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध सघन अभियान शुरू किया गया है तथा सभी शहरी स्थानीय निकायों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान कर सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संसाधनों पर अनधिकृत बोझ हटाना आवश्यक है और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को वंचितों तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता, इसी उद्देश्य से दस्तावेज सत्यापन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और पहचाने गए घुसपैठियों को आगे की कार्रवाई के लिए निरुद्ध केंद्र भेजा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मंडल में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। जनता से अपील करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घरेलू या व्यावसायिक कार्यों में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। उन्होंने कहा, राज्य की सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि सुरक्षा ही समृद्धि की नींव है।

## वुजूखाना के सर्वे की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई टली

**पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के वुजूखाना के एएसआई सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई सोमवार को टाल दी और अगली तिथि 12 जनवरी, 2026 निर्धारित की। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल, वाराणसी की एक अदालत में वादियों में से एक राखी सिंह द्वारा दायर की गयी पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं। उच्च न्यायालय ने कहा, संबंधित पक्षकारों के वकीलों ने बताया कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय में सुनवाई चल रही है जिसे देखते हुए इस मामले में सुनवाई टाली जाती है। यह पुनरीक्षण याचिका वाराणसी के जिला न्यायाधीश के 21 अक्टूबर, 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई है। जिला न्यायाधीश ने एएसआई को ज्ञानवापी मस्जिद में वुजूखाना क्षेत्र (कथित शिवलिंग) का सर्वेक्षण करने का निर्देश देने से मना कर दिया था।



> उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के चलते लिया फैसला

### सरकार ने इंडिगो की चालक दल की कमी पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

# हर एयरलाइन के लिए मिसाल कायम करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा में सोमवार को नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार ने इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द किए जाने के संबंध में जांच शुरू कर दी है और एयरलाइन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि अन्य एयरलाइनों के लिए उदाहरण पेश किया जा सके। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए नायडू ने इंडिगो एयरलाइंस को उसके दिन-प्रतिदिन के संचालन के दौरान चालक दल और ड्यूटी रोस्टर को प्रबंधित करने में विफल करार दिया। उन्होंने कहा, हम इस स्थिति को हल्के में नहीं ले रहे हैं।

> इंडिगो के खिलाफ जांच जारी, एयरलाइन पर होगी कार्रवाई

हम एक जांच कर रहे हैं। हम न केवल इस मामले में बल्कि एक मिसाल पेश करने के लिए भी बहुत, बहुत कड़ी कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पूरक प्रश्न पूछते हुए यह जानना चाहा कि क्या इंडिगो संकट ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में गलती के कारण हुआ था? यह एक तकनीकी समस्या है जिसने नवंबर 2025 की शुरूआत में उड़ान सेवाओं को बाधित किया था। विमानन मंत्री ने स्पष्ट किया कि इंडिगो संकट एएमएसएस से संबंधित नहीं था बल्कि इंडिगो की आंतरिक क्रू रोस्टर प्रणाली में विसंगतियों और कुप्रबंधन के कारण हुआ था। अप्रैल 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश के बाद तैयार किए गये नये उड़ान ड्यूटी समय पाबंदी (एफडीटीएल) दिशानिर्देश की विस्तार से जानकारी देते हुए नायडू ने कहा कि कुल 22 एफडीटीएल दिशानिर्देश थे, जिनमें से 15 को एक जुलाई 2025 से और शेष सात को एक नवंबर 2025 से लागू किया गया।

नायडू के अनुसार, एफडीटीएल के कार्यान्वयन के संबंध में इंडिगो सहित कई हितधारकों से परामर्श किया गया था और सरकार ने यह बहुत स्पष्ट कर दिया था कि सभी एयरलाइनों को सुरक्षा से समझौता किए बिना नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि एक नवंबर 2025 को जब एफडीटीएल पूरी तरह से लागू हुआ, उसी समय नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) सभी एयरलाइनों के साथ निरंतर परामर्श करता रहा है, क्योंकि उन्होंने अपने संचालन में विविधताओं के कारण कुछ छूट का अनुरोध किया था। नायडू ने कहा, व्यापक परामर्श और सुरक्षा जोखिम मूल्यांकन के बाद, आवश्यक विविधताएं और छूट पहले ही दे दी गई थीं।



### इंडिगो ने 500 उड़ानें कीं रद्द

**नई दिल्ली।** परिचालन संकट से जूझ रही घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने सोमवार को 500 उड़ानें रद्द कर दी हैं और उसकी दिन भर में 1,802 उड़ानों के संचालन की योजना है। नागर विमानन मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एयरलाइन ने यात्रियों के कुल 9,000 बैग में 4,500 बैग उन्हें वापस कर दिए हैं और बाकी बैग भी अगले 36 घंटों में यात्रियों को सौंप दिए जाएंगे। मंत्रालय ने कहा, आज (सोमवार) इंडिगो 138 में 137 गंतव्यों के लिए 1,802 उड़ानें संचालित करने की योजना बना रही है। उसकी 500 उड़ानें रद्द हुई हैं। साथ ही 9,000 बैग में 4,500 बैग ग्राहकों को सौंप दिए गए। एयरलाइन ने अगले 36 घंटों में बाकी बैग भी सौंपने का लक्ष्य तय किया है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि एक से सात दिसंबर की अवधि के लिए बुक किए गए 5,86,705 टिकटों के पीएनआर रद्द किए गए और उनका पैसा लौटा दिया गया। इसकी कुल राशि 569.65 करोड़ रुपये है।

### राजनाथ सिंह ने संसद में सुनाया इतिहास

# वंदे मातरम के साथ न्याय हुआ ही नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि 'वंदे मातरम' के साथ हुआ अन्याय कोई अलग-थलग घटना नहीं, बल्कि तुष्टीकरण की राजनीति की शुरूआत थी, जिसे कांग्रेस ने अपनाया था और इसी राजनीति ने देश का विभाजन कराया। लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लेते हुए सिंह ने कहा कि यह सच स्वीकार करना पड़ेगा कि वंदे मातरम के साथ जो न्याय होना चाहिए था, वह नहीं हुआ।

> रक्षा मंत्री ने बंगाल पर भी बोला हमला

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आजाद भारत में राष्ट्र गान और राष्ट्रीय गीत को एक समान दर्जा देने की बात थी, लेकिन (राष्ट्रीय गीत) वंदे मातरम को खंडित किया गया। सिंह ने कहा, वह धरती, जिस पर वंदे मातरम की रचना हुई, उसी धरती पर कांग्रेस ने इसे खंडित करने का काम किया। उन्होंने कहा, वंदे मातरम के साथ हुआ अन्याय अलग-थलग घटना नहीं थी, यह तुष्टीकरण की राजनीति की शुरूआत थी, जिसे कांग्रेस ने अपनाया।



### गौरव लौटाना समय की मांग

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वंदे मातरम का गौरव लौटाना समय की मांग और नैतिकता का तकाजा है। हम सभी को मिलकर सोचना चाहिए कि क्या संविधान में नया दायित्व नहीं जोड़ा जा सकता कि राष्ट्रगान की तरह राष्ट्रगीत को सम्मान दिया जाए। सिंह ने कहा कि वंदे मातरम और बंकिमचंद्र चटर्जी की पुस्तक 'आनंद मठ' कभी भी इस्लाम के विरुद्ध नहीं था। आज पश्चिम बंगाल से बहुत से परिवारों को पलायन करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी ने 'जनता दर्शन' में आये नागरिकों से की मुलाकात

❖ फरियाद लेकर 42 से अधिक लोग पहुंचे, मुख्यमंत्री ने एक-एक की सुनीं समस्याएं

## कब्जे आदि की शिकायत पर अधिकारियों को दिया कार्रवाई का निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यस्तताओं के बीच भी सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। प्रदेश के हर तबके की खुशहाली के लिए सीएम योगी आमजन से सीधे मुखातिब होकर जनता दर्शन करते हैं। इसके जरिए वे सभी की समस्याएं सुनते और उनका निस्तारण भी कराते हैं। इसी क्रम में सोमवार को भी अपनी फरियाद लेकर 'जनता दर्शन' में पहुंचे हर नागरिक से सीएम योगी ने मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा



कि आप सभी निश्चिंत होकर घर जाइए, हर समस्या का उचित समाधान कराया जाएगा। 'जनता दर्शन' में 42 लोग अपनी परेशानी लेकर पहुंचे। इसमें से पांच लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाते हुए मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र सौंपा। इस पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल से एस्टिमेट बनवाने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार पहले ही दिन से चिकित्सा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। धन के अभाव में किसी का भी इलाज नहीं प्रभावित होगा। प्रदेश में जिस भी जरूरतमंद को इलाज के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता होगी तो सरकार सदैव उसके साथ सदैव खड़ी रहेगी। 'जनता दर्शन' में लोग पुलिस, अवैध कब्जे की शिकायत लेकर भी पहुंचे। सीएम योगी ने सभी का प्रार्थना पत्र लिया और आदेश दिया कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। इसके बाद शिकायत करने वालों से फीडबैक भी लिया जाए। सरकार हर पीड़ित की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

## एमपी शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव बुधवार को

❖ सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे अध्यक्षता, मुख्य अतिथि होंगे उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह

**पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर**

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव (समापन कार्यक्रम) बुधवार (10 दिसंबर) को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) आरोग्यधाम, बालापार रोड के परिसर में भव्यतापूर्वक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह शामिल होंगे। समारोह में उत्कृष्टता के आधार पर एमपी शिक्षा परिषद की संस्थाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और संस्थापक सप्ताह समारोह के तहत आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी, पदक व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर एमपी शिक्षा परिषद के स्मृतिशेष अध्यक्ष प्रो. यूपी सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी होगा। मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार प्रातः 9.30 बजे से प्रारम्भ होगा। 1932 में पूर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के ध्येय से ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ था। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी उपस्थित थे। 10 दिसंबर को इसका समापन सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के मेधावियों को पुरस्कृत करने के साथ होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हाथों पुरस्कृत होंगी। इस दौरान परिषद की सर्वश्रेष्ठ संस्था, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, इंटरमीडिएट, स्नातक व परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा।

संस्थापक समारोह के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हाथों महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति स्वर्गीय प्रो. यूपी सिंह पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। इस पुस्तक 'जीवन के साधना पथ का गृहस्थ सन्यासी प्रो. उदय प्रताप सिंह एवं जीवन मूल्य' का प्रकाशन प्लाक्षा प्रकाशन ने किया है।

### सामाजिक और जनसेवा पुण्य का कामः भाटिया

**लखनऊ।** सामाजिक और जनसेवा के कार्यों में अग्रणी संस्था रजनी केयर फाउंडेशन ने स्थापना के तीन वर्ष पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्थापक और आध्यामिक गुरु देवेंद्र मोहन भइया के मार्गदर्शन में संस्था देश के विभिन्न राज्यों में रक्तदान, मेडिकल कैंप, आईकैंप, योग मेडिटेशन, दिव्यांग सहायता, वृद्धजन सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में जो उल्लेखनीय योगदान देती आ रही है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनऊ की पूर्व महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया ने संस्था के कार्यों की जमकर सराहना की। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से योगदिवस, मेडिकल कैंप के कई कार्यक्रमों में वो शामिल हो चुकी हैं। वृद्धाश्रमों में संस्था की ओर से किए जा रहे कार्यों को उन्होंने विशेष रुप से सराहा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सदस्य पूर्व धनन्जय गुप्ता ने संस्था की ओर से वंचित वर्ग के लिए शिक्षा के प्रयासों की जमकर सराहना की। मुख्य ट्रस्टी गीता मिश्रा के साथ ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों में प्रिया बजाज और प्रवीन मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर रजनी केयर फाउंडेशन की कोलकाता, बरेली, हरिद्वार, लखनऊ और डिजिटल टीमों का सम्मान भी किया गया।

## बेहतर जल प्रबंधन व हरित आवरण वाले आवासीय क्षेत्र बनेंगे यूपी की पहचान

❖ सरकार अधिक समावेशी आवासीय क्षेत्रों के विकास का रोडमैप कर रही तैयार

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार विजन 2047 के अंतर्गत एक व्यापक कार्ययोजना पर काम कर रही है। प्रदेश के नगरीय आवासीय क्षेत्रों को स्वच्छ, सुरक्षित, हरित तथा जलवायु के अनुकूल बनाने की दिशा में रोडमैप का निर्माण किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के मोहल्लों को जलवायु तथा पर्यावरण समावेशी स्वरूप देने की रणनीति पर काम किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर, शुद्ध हवा, सुरक्षित जलापूर्ति तथा स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। प्रदेश सरकार का उद्देश्य शहरी विकास को केवल सड़कों व भवनों तक सीमित न रखते हुए उसे पर्यावरण संतुलन तथा जनस्वास्थ्य से भी जोड़ना है। यह पूरी कार्ययोजना दो प्रमुख आधारों पर केंद्रित है- पहला, जलवायु सहिष्णु हरित अवसंरचना का विस्तार, वहीं दूसरे घटक के तौर पर जल सुरक्षा एवं पारिस्थितिकीय संतुलन को मजबूत बनाने पर जोर है। इन्हीं दोनों स्तंभों के माध्यम से प्रदेश के शहरी आवासीय क्षेत्रों का व्यापक कायाकल्प किया जाएगा। योगी सरकार प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने पर फोकस कर रही है। योजना के अनुसार, प्रत्येक नगरी क्षेत्र के लिए सिटी सेंट्रिक क्लाइमेट एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से वर्षा, तापमान, जलभराव, वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन जैसी स्थानीय जलवायु संकटों का आकलन कर उनके समाधान लागू किए जाएंगे। कार्ययोजना के अनुसार, नगरीय हरित आवरण को लेकर कई पहलों को बड़े पैमाने पर जमीन पर उतारा जाएगा। इसके अंतर्गत, नगरों में पार्क, हरित पट्टियां, हरित गलियारे व खुले हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे, जिससे आवासीय इलाकों में शुद्ध हवा, तापमान संतुलन और पर्यावरणीय स्वास्थ्य बेहतर हो सके। साथ ही, मोहल्ला स्तर पर जलवायु नियोजन को लागू किया जाएगा, ताकि स्थानीय समस्याओं जैसे जलभराव, बाढ़, अत्यधिक गर्मी और प्रदूषण जैसी समस्याओं की रेगुलकर मॉनिटरिंग कर रियल टाइम में कार्ययोजना क्रियान्वित कर सीधा नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इस योजना का दूसरा मुख्य उद्देश्य जल सुरक्षा व इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी यानी पारिस्थितिकीय सततता को सुदृढ़ करना है। इसके तहत शहरों के तालाबों, झीलों और जलाशयों के पुनरुद्धार की योजनाएं लागू की जाएंगी, जिससे वर्ष भर जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। वर्षा जल संचयन को प्रत्येक आवासीय क्षेत्र में विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि भूजल स्तर में सुधार लाया जा सके। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण के लिए विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करने पर फोकस है।

## किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी का 104वाँ वार्षिक खेल समारोह उत्साह और जोश के साथ भव्य रूप से प्रारंभ हुआ। छात्रों और शिक्षकों की ऊर्जावान भागीदारी ने खेल, अनुशासन और टीम-स्पिरिट की परंपरा को और सशक्त बनाया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पैरा-एथलीट व कअर अधिकारी सुहास एलवाई, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. एपी टिक्कू उपस्थित रहे। साथ ही एथलेटिक्स एसोसिएशन के ट्रेज़रर एवं सेक्रेटरी प्रो. अंजनी कुमार पाठक, प्रेसिडेंट प्रो. रश्मि कुशवाहा और को-प्रेसिडेंट प्रो. आर. के. दीक्षित ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। विश्वविद्यालय नेतृत्व–कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद, प्रो. अपजीत कौर, डॉ. वीरेन्द्र आतम, डॉ. के. के. सिंह, डॉ. अमिता पांडेय, डॉ. सुरेश बाबू, डॉ. आर. ए. एस. कुशवाहा सहित अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे। झंडारोहण एवं तिरंगे गुब्बारों के साथ समारोह का भव्य शुभारंभ किया गया।

चारों ओर गूंजते जोशपूर्ण नारों और रोमांचक मुकाबलों ने पहले दिन के खेल को और भी जीवंत बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्पोर्ट्स सेक्रेटरी दिव्यांशी सिंह, स्पोर्ट्स कैप्टन देवेश प्रताप यादव, एथलेटिक्स कैप्टन प्रांशुल, बॉयज़ रिप्रेज़ेन्टेटिव दिव्यांशु यादव तथा गर्ल्स रिप्रेज़ेन्टेटिव खुशी सक्सेना द्वारा किया गया। खेल महोत्सव विद्यार्थियों में साहस, खेलभावना और एकता की भावना को और मजबूत करता है।

### आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल को सेबी से अंतिम मंजूरी मिली

लखनऊ। मुंबई स्थित आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को पूँजी बाजार नियामक सेबी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) से इसके इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 8 जुलाई, 2025 को सेबी के पास अपने आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। यह आईपीओ प्रमोटर- प्रुडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स द्वारा ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के रूप में होगा।डीआरएचपी जमा करने की तारीख तक कंपनी का सब्सक्राइब्ड और पेड-अप शेयर कैपिटल 17,652,090 इक्विटी शेयर था। इसकी फेस वैल्यू 1 रुपए है। प्रस्तावित बोनस इश्यू पूरा होने के बाद कंपनी की जारी, सब्सक्राइब्ड और पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 176,520,900 इक्विटी शेयरों से बढ़कर 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 494,258,520 इक्विटी शेयर हो जाएगी। प्रस्तावित बोनस इश्यू होने के बाद (यदि होता है), तो प्रुडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स द्वारा ऑफर किए जाने वाले शेयरों की संख्या अधिकतम 49,425,852 इक्विटी शेयर होगी।

## उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की मखाना विकास योजना की शुरुआत

❖ 158 लाख रुपए की कार्ययोजना स्वीकृत, पूर्वांचल को मिलेगा विशेष लाभ

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



मखाना विकास योजना उत्तर प्रदेश के किसानों को उच्च मूल्य वाली फसलों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। यह योजना उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के गठन के उपरान्त प्रथम चरण में 10 राज्यों में योजना लागू की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है। यह बात सोमवार को 19, गौतमपल्ली, लखनऊ में प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने प्रेसवार्ता कर कही। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में मखाना विकास योजना के शुभारम्भ की घोषणा की। प्रदेश में इस योजना का क्रियान्वयन उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा।

उद्यान मंत्री ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तैयार की गई कार्ययोजना को भारत सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। वित्तीय वर्ष में सीमित समय शेष होने के बावजूद केंद्र सरकार ने 158 लाख रुपए की धनराशि क्रियान्वयन हेतु स्वीकृत की है। इस धनराशि से मखाना की खेती हेतु तालाबों का चयन एवं निर्माण, किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, बायर-सेलर मीट, मखाना पवेलियन के माध्यम से प्रचार-प्रसार, निर्यातकों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भागीदारी तथा जनपद एवं राज्य स्तरीय सेमिनार जैसे कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। साथ ही ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मखाना'' की स्थापना की दिशा में भी कार्य शुरू किया जाएगा।

मंत्री सिंह ने कहा कि मखाना अपने औषधीय गुणों और उच्च बाजार मूल्य के कारण सुपरफूड के रूप में लोकप्रिय है। अब तक इसकी खेती मुख्य रूप से बिहार में होती थी, परंतु उत्तर प्रदेश की जलवायु और जलभराव वाले क्षेत्र मखाना उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। पूर्वांचल के जनपद कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, बलिया, महाराजगंज, वाराणसी और बस्ती मखाना उत्पादन की दृष्टि से विशेष रूप से उपयुक्त माने जाते हैं। जहां सिंघाड़े की खेती संभव है, वहां मखाना उत्पादन भी अत्यंत सफल रहेगा। अगले वित्तीय वर्ष से विभाग मखाना की खेती के क्षेत्र का विस्तार, गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री का उत्पादन तथा प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों को और व्यापक स्तर पर प्रारम्भ करेगा।

प्रेसवार्ता के दौरान मंत्री सिंह ने आलू निकासी की स्थिति पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि उद्यान विभाग पूर्णतः पारदर्शी ढंग से कार्य कर रहा है। इस वर्ष की निकासी दर 99.35 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष की 99.31 प्रतिशत से अधिक है। 15 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत निकासी पूरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आलू से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं है और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। विभाग द्वारा प्रत्येक जनपद की निकासी का विस्तृत विवरण भी उपलब्ध कराया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित रहे कि किसानों की उपज का कहीं भी दुरुपयोग न हो।

## भारत विकास परिषद् पंच सूत्रीय कथा महोत्सव की शुरुआत

**पायनिर समाचार सेवा। लखनऊ**

भारत विकास परिषद्, अवध प्रान्त द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की प्रेरणा से आयोजित 5 दिवसीय पंच सूत्रीय कथा महोत्सव का शुभारम्भ शुक्रवार को कृष्णा नगर स्थित सुमितनाथ सेवा भवन में धार्मिक एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने परिषद् की पंचसूत्रीय अवधारणा - संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण को समाज-निर्माण के पाँच आधारस्तंभ बताते हुए इसे राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया। अपने संबोधन में डॉ. सिंह ने भारतीय संस्कृति के प्रकृतिझसमन्वित दर्शन को रेखांकित करते हुए कहा कि तेजी से बढ़ता संसाधन-दोहन



आज गंभीर पर्यावरण संकट का रूप ले चुका है। उन्होंने बताया कि -2013 से 2023 के बीच लखनऊ के कई इलाकों में भूजल स्तर 20 मीटर तक गिरा है। डॉ. सिंह ने वैश्विक पर्यावरण स्थिति को समझाते हुए World Overshoot Day का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा,''1970 में World Overshoot Day 25 दिसम्बर को आता था, यानी मानवता लगभग पूरे वर्ष पृथ्वी की वहन क्षमता के भीतर रहती थी। पर आज यह तिथि घटते-घटते 24 जुलाई तक पहुँच गई है, जो बताती है कि हम केवल आधे वर्ष में ही पृथ्वी के पूरे वर्ष के संसाधन समाप्त कर देते हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि सरोजनीनगर क्षेत्र पर्यावरणीय पहल के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, लखनऊ में स्थापित कुल Solar Capacity का 50% से अधिक सरोजनीनगर में स्थापित है। ताराशक्ति केंद्रों द्वारा तैयार किए गए 30,000 से अधिक Eco-Friendly Bags बच्चों में वितरित कर पर्यावरण जागरूकता बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर ऐसे प्रयास ही पृथ्वी के संसाधनों को बचाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान के लिए चंद्र भूषण तिवारी (पेड़ वाले बाबा), राजेंद्र प्रताप सिंह और विजय सक्सेना को डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

## अशरफनगर वासियों ने रखी आवास, लाइट व पेंशन जैसी समस्याएं

### विधायक राजेश्वर के संवाद शिविर में लगा SIR कैंप, फॉर्म भरने में लोगों को मिली सहायता

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को उनके द्वार तक पहुंचाने तथा मेधावियों व गाँव के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के उद्देश से शुरू की गयी 'आपका विधायक - आपके द्वार' जन संवाद शिविर की साप्ताहिक पहल 146 आयोजनों का कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है।

रविवार को सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में अर्जुनगंज मंडल के अंतर्गत अशरफनगर में 146 वें 'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया। शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों ने स्ट्रीट लाइट, ढट आवास, नाली, सड़क, आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन आदि से जुडी करीब 23 समस्याओं/सुझाओं से अवगत कराया जिनमें से 3 समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। शिविर के दौरान 'गांव की शान' पहल के अंतर्गत हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले अशरफ़ नगर के 4 मेधावियों - प्रशांत वर्मा (96.5%), साधना रावत (80%), श्लोक कश्यप (73%) तथा अमरदीप (69%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प क्रम में 160 वें Youth Club (Boys) ½f 95½fmÔ Girls Youth Club का गठन कर कैरम, वॉलीबॉल, क्रिकेट किट, फुटबॉल आदि प्रदान की गईं। स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से विजन प्लस हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य तथा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, इस दौरान 50 क्षेत्रवासियों के नेत्र परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार चश्में भी प्रदान किए गये। साथ ही, SIR हेल्प डेस्क के माध्यम से ग्रामीणों को मतदाता पुनरीक्षण फॉर्म भरने आदि में सहयोग भी किया गया, इस दौरान संबंधित BLA-2 एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान सेक्टर संयोजक दिनेश कश्यप एवं सचिन नाथ, बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार, सूबेदार लोधी, मुकेश लोधी, राम नरेश लोधी, रामू लोधी, लता तिवारी, रेनू कुशवाहा, मोनिका गौतम, सुष्मिता सिंह, अर्चना, कुलदीप, ननकी, बसंती, सावित्री, अर्जुन धानुक एवं अन्य क्षेत्रवासियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## महापौर ने घुसपैठियों के खिलाफ सत्यापन अभियान पर जोर दिया

### राजधानी की जनता से समर्थन की अपील

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को कहा कि नगर निगम पिछले एक वर्ष से अधिक समय से संदिग्ध रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ दस्तावेज सत्यापन अभियान चला रहा है। खर्कवाल ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा कि इस अभियान के स्पष्ट परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार पूरा का पूरा इलाक तेजी से खाली कराया गया।

महापौर ने कहा कि एक बार, सिर्फ एक घंटे में एक इलाके से लगभग 50 लोगों को हटाया गया। मैं वहीं बैठी रही और अधिकारियों से कहा कि जब तक ये अवैध कब्जा करने वाले हट नहीं जाते, मैं वहां से नहीं उठूंगी। उन्होंने बताया कि यह सत्यापन अभियान का विस्तार नगर निगम तक किया गया है। खर्कवाल ने कहा कि पिछले एक-दो हफ्तों में लगभग 160 लोगों ने (नगर निगम की) नौकरी छोड़ दी है। अगर हमारा अपना घर साफ है, तभी हम बाहर देख सकते हैं। नगर निकाय के अंदर सफाई भी उतनी ही जरूरी है। महापौर ने कहा कि उन्होंने सभी



जोनों को संदिग्ध व्यक्तियों की सूची तैयार करने और आवश्यक होने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।

लंबे समय के परिणामों को लेकर उन्होंने चेताया कि अगर हम अभी चीजें ठीक नहीं करेंगे तो 20 साल बाद हालात बहुत गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा, सरकार या नगर निगम अकेले सफल नहीं हो सकते। इस अभियान को सफल बनाने के लिए मीडिया, सरकार और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। निरुद्ध केंद्र स्थापित करने की उत्तर प्रदेश सरकार की योजना पर उन्होंने कहा कि यह जिला प्रशासन का विषय है।

उन्होंने कहा कि जिस वक्त जिला प्रशासन हमसे जिमीन मांगेगा, मैं तुरंत उपलब्ध करा दूंगी। मेरा काम झुग्गियों और बस्तियों में सत्यापन सुनिश्चित करना है, जो पहले से ही जारी है। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि नागरिकों से सतर्क रहें और घुसपैठियों की पहचान में सहयोग करें। मुख्यमंत्री की अपील का जिक्र करते हुए महापौर ने कहा कि राज्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की है। जब नेता जनता के साथ होता है, तो लोग भी आगे आते हैं। अगर किसी को अपने आसपास, खासकर झुग्गियों में घुसपैठिए दिखते हैं, तो वे हमें बताएं। मैं खुद वहां जाऊंगी।

## शिक्षक की भूमिका में दिखाई दिए भजन सम्राट

❖ इंडियन फिल्म एकेडमी के कार्यक्रम में शामिल हुए भजन सम्राट अनूप जलोटा और राज्य सूचना आयुक्त

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

इंडियन फिल्म एकेडमी के कार्यक्रम में भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा और राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री सहभागी हुए। यहां के अनुभव को युवा कलाकार कभी भुला नहीं सकते। उनके सामने देश के भजन सम्राट थे। जिन्हें लोग बड़े मंचों के अलावा छोटे बड़े पर्दे पर देखते रहे है। प्रसार माध्यमों से उनके भजन सुनते रहे है। आज वह सामने थे। उनके गीत संगीत से श्रोता प्रभावित




होते है। लेकिन इंडियन फिल्म एके-डमी के कार्यक्रम में उनकी सहजता का भी प्रत्यक्ष अनुभव हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एकेडमी के संस्थापक दिनेश सहगल और योगेश मिश्रा ने किया था।

अनूप जलोटा ने वहां उपस्थित युवा कलाकारों का परिचय प्राप्त किया। कला संगीत की किस विधा में उनकी रुचि है,यह जानकारी ली। कुछ कलाकारों को गायन में रुचि थी। अनूप जलोटा ने उन सभी का गाना सुना। उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों की फरमाइश पर उन्होंने भी अपने प्रसिद्ध भजनों की पंक्तियां सुनाई। यहां अनूप जलोटा मुख्य अतिथि की जगह संगीत के शिक्षक की भूमिका में आ गए। कहा कि गायन में रियाज अपरिहार्य होता है। सुबह के समय संगीत साधना उपयुक्त होती है। उस समय स्वर या राग आदि लय में नहीं होते है। उन्हें साधना पड़ता है। यह कार्य प्रयास और अभ्यास से होता है। फिर शेष दिन में भी लयबद्धता रहती है। इसके साथ ही अनूप जलोटा ने वर्तमान समय की व्यवहारिक समस्या भी बताई। कहा कि सुबह जल्दी उठने के लिए रात्रि में जल्दी सोना आवश्यक होता है। लेकिन सभी के लिए अनेक कारणों से ऐसा करना संभव नहीं होता। ऐसे लोग जब उठें,तभी अभ्यास करें। इस कार्यक्रम के बाद अनूप जलोटा उठे, उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि किसी को उनके साथ तस्वीर लेनी है।

स्टूडेंट्स उत्साहित हो गए। यही तो वह चाहते थे। अनूप जलोटा नहीं सभी के साथ अलग अलग फोटो खिंचवाई। सभी से स्नेह पूर्वक मिले। शुभकामना दी। उनकी यह सहजता प्रभावित करने वाली थी।

# प्रेमिका ने प्रेमी की गला रेतकर की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



❖ पुलिस ने महिला व उसकी दो बेटियों हिरासत में लिया

❖ लिव-इन-रिलेशन में रहते थे प्रेमी-प्रेमिका

शहर में एक बार फिर रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। बीबीडी थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने प्रेमी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने महिला और उसकी दो बेटियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में प्रॉपर्टी को लेकर चल रहा विवाद हत्या की बड़ी वजह के रूप में सामने आया है। बताया जा रहा है कि दोनों ही लिव-इन-रिलेशन में रहते थे।

जानकारी के अनुसार मृतक सूर्य प्रताप सिंह (33) और आरोपित महिला रत्ना (46) कई वर्षों से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। बताया जाता है कि रविवार रात दोनों के बीच प्रॉपर्टी को लेकर जोरदार विवाद हुआ। इसी दौरान रत्ना ने अपनी दोनों बेटियों जानवी (18) और 14 वर्षीय नाबालिग के साथ मिलकर सूर्य प्रताप की गला रेतकर हत्या कर दी,वारदात के बाद तीनों आरोपित पूरी रात घर में ही मौजूद रहीं और सोमवार सुबह करीब 9 बजे रत्ना ने खुद पुलिस को फोन कर हत्या की जानकारी दी। सूर्य प्रताप सिंह मूलरूप से देवरिया के रहने वाले थे और पिछले 10 वर्षों से एवरेडी कंपनी में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक पिछले कुछ महीनों से सूर्य प्रताप और रत्ना के बीच प्रॉपर्टी और पैसों को लेकर लगातार विवाद चल रहा था।

अक्सर दोनों की चीख-पुकार बाहर तक सुनाई देती थी, जिससे मोहल्ले वाले भी परेशान थे।रविवार रात भी खूब झगड़ा हुआ और इसी गुस्से में रत्ना और उसकी बेटियों ने मिलकर सूर्य प्रताप की हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना चाकू बरामद किया है। घटना की सूचना पाकर मृतक के पिता नरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और रत्ना व उसकी दोनों बेटियों पर प्रॉपर्टी के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया।

उनकी तहरीर पर तीनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है। प्रभारी निरीक्षक बीबीडी ने बताया कि सोमवार को सुबह 9 बजे महिला ने पुलिस को सूचना दी थी कि मैंने अपने प्रेमी की हत्या कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और महिला उसकी दो बेटियों को हिरासत में लिया, सभी से पूछताछ की जा रही है।

### वर्ष 2012 में बढ़ी थी दोनों में नजदीकियां

वर्ष 2012 में वह जानकीपुरम में रत्ना की दोनों बेटियों को ट्यूशन पढ़ाने जाते थे। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। रत्ना के पति राजेंद्र कुमार की वर्ष 2014 में बीमारी से मौत हो गई थी, जिसके बाद वह पति की दो बेटियों के साथ अकेली रहती थी। धीरे-धीरे सूर्य प्रताप और रत्ना का रिश्ता गहरा हुआ और दोनों साथ रहने लगे। कुछ साल पहले दोनों अपने परिवारों के विरोध के बाद ग्रीन सिटी, सेलरगंज गाँव में रहने लगे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जानकीपुरम थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 28 वर्षीय युवक राहुल शर्मा ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मूलरूप से हरदोई जिले के अतरौली थाना क्षेत्र के रसूलवा निवासी राहुल अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा, सास और डेढ़ साल की बेटी के साथ ग्राम खरगापुर, जानकीपुरम में किराए के मकान में रहता था। राहुल सैलून में काम करता था और काफी समय से नशे का आदी होने के कारण पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। सोमवार दोपहर करीब 3 बजे दुकान से आया और दारू के नशे में पत्नी अनुष्का से झगड़ा हो गया गुस्से में कमरे में गया और कमरे में फंखे के सहारे अंगोछे से फांसी लगा ली।

## इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा यूपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डिजाइन लीडरशिप और हाई-वैल्यू इनोवेशन के लिए एक अहम दशक में कदम रख रहा है। राज्य के एम्बिशन, स्केल और पॉलिसी विजन के एक साथ आने से यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स वैल्यू चेन में एक ग्लोबल हब के रूप में उभर रहा है। आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने आलोक कुमार, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, अनुराग यादव, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स, आलोक कुमार प्रिंसिपल सेक्रेटरी प्लानिंग, नेहा जैन, स्पेशल सेक्रेटरी, आईटी, यूपी सरकार से मुलाकात की। आईसीईए के अनुसार उत्तर प्रदेश 2030-31 तक यूएसडी 500 बिलियन के नेशनल टारगेट में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में यूएसडी 150 बिलियन का योगदान दे सकता है, जो मौजूदा रफ़्तार और हाई-ग्रोथ प्रोडक्ट वर्टिकल में लीड करने की राज्य की लंबे समय की क्षमता, दोनों को दिखाता है। आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा, यूपी में सीनियर लीडरशिप की क्लैरिटी, रिसेप्टिवनेस और दूरदर्शिता देखकर बहुत सुकून मिला। यूपी तेजी से अपना मैन्युफैक्चरिंग बेस बढ़ा रहा है और साथ ही अपनी डिजाइन और इनोवेशन क्षमताओं को भी मजबूत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक को बंधक बनाकर दस हजार छीने

**पायनियर, लखनऊ।** बुद्धेश्वर इलाके में शुक्रवार दोपहर मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। स्कूटी को साइड न देने पर डाला सवार तीन युवकों ने पारा निवासी युवक को पहले मारपीट कर घायल कर दिया और फिर जबरन डाले में बैठाकर अगवा कर ले गए। आरोपियों ने पीड़ित को करीब पांच घंटे तक तेलीबाग के कल्याण लॉन में बंधक बनाए रखा और मारपीट कर 10 हजार रुपये भी छीन लिए। घटना की सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पारा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से पीड़ित को पांच घंटे के भीतर खोज निकाला और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल डाला भी बरामद किया है। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक, हरदोई के सुरसा मयोनि निवासी विवेक राज रावत पारा में किराये पर रहकर सराफा की दुकान पर काम करते हैं। शुक्रवार को वह अपने परिचित वंश और ओम के साथ स्कूटी सर्विस सेंटर, बुद्धेश्वर गए थे। डाला चालक ने विवेक को साइड देने को कहा, लेकिन अचानक से जगह कम होने के कारण विवेक तुरंत किनारे नहीं हो सके।

### युवक ने किशोरी को जेवर के साथ लेकर भागा

**पायनियर, लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बेटी गत छह दिसंबर 2025 की रात करीब 12 बजे से रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों के अनुसार, लड़की अपने साथ 10 हजार रुपये नकद, एक जोड़ी झुमकी, पायल और जेवरों का एक सेट भी ले गई है। तलाश करने पर परिजनों को पता चला कि वह नानामऊ, थाना बंथरा के रहने वाले करन नाम के युवक के साथ गई है। परिवार का आरोप है कि करन ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम नाबालिग की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

### अस्पताल महिला सफाईकर्मी की गिरकर मौत

**पायनियर, लखनऊ।** कृष्णानगर के कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी सेक्टर-बी में स्थित लोकबंधु अस्पताल मे कार्यदाई संस्था द्वारा कार्यरत एक महिला सफाई कर्मी सोमवार शाम कार्य दौरान गश्त खाकर गिर पड़ी और मौके पर महिला सफाई कर्मी की मौत हो गई। मूलरूप से सिवान बिहार प्रांत की रहने वाली अधेड़ उम्र की महिला किरन (45) पत्नी राम प्रवेश लखनऊ के पारा बुधेश्वर में किराए के मकान में रहकर विगत तीन वर्षों से कार्यदाई संस्था द्वारा राजकीय लोकबंधु अस्पताल में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत थी। सोमवार शाम उसकी ड्यूटी अस्पताल के प्रथम तल पर स्थित महिला वार्ड में थी। शाम करीब पांच बजे स्टाफ रूम मे चाय पीने के बाद वार्ड गैलरी मे सफाई कार्य करने के दौरान महिला सफाईकर्मी अचानक चक्कर आने से गस्त खाकर गिर पड़ी और मुह से झाग आने लगे मौके पर ही महिला सफाई कर्मी की मौत हो गई।

### प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर आठ लाख की ठगी

**पायनियर, लखनऊ।**पारा थाना क्षेत्र की रहने वाली गुजराज वर्मा ने प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपये की ठगी और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपी और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, करीब तीन वर्ष पूर्व गुजराज वर्मा की मुलाकात सोनू उर्फ बब्लू से हुई थी, जो स्वयं को स्ट्रांग इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड का संचालक बताकर प्रॉपर्टी खरीद-फरोख्त का काम करता था। सोनू ने पीड़िता को एक प्लॉट दिखाया और सौदे के दौरान सात लाख रुपये ऑनलाइन तथा एक लाख रुपये नकद ले लिए। आरोप है कि रुपये लेने के बाद आरोपी ने न तो प्लॉट उपलब्ध कराया और न ही रकम वापस की। जब पीड़िता ने विरोध किया तो सोनू ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

### ट्रैक्टर चालक को दबंगों ने पीटा

**पायनियर, सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर इलाके में ट्रैक्टर चालक ने तीन लोगों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मानकनगर के अमरुदही बाग, पूरननगर निवासी अनुराग पाल के मुताबिक रविवार सात दिसंबर की शाम करीब पाँच बजे वह अपने साथी सत्यम पाल के साथ ट्रैक्टर से पालखेड़ा से गड़िरयन खेड़ा की ओर जा रहा था। अनुराग का कहना है कि वह ट्रैक्टर रोककर ठेला उठवाने के लिए नीचे उतरा था कि तभी रूपखेड़ा निवासी नीरज, अपने दो साथियों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतर आए। आरोप है कि तीनों ने बांस की बल्ली से हमला कर दिया, जिसमें अनुराग का हाथ दो जगह से टूट गया।

### एसटीएफ ने तस्कर को पकड़ा

**पायनियर, लखनऊ।** एसटीएफ ने अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करने वाले गैंग के सक्रिय तस्कर कन्हैया लाल सिंह को थाना कोसीकलां, जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 195 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की कीमत करीब 50 लाख रूपए बतायी जा रही है। एसटीएफ आगरा की इकाई के अपर पुलिस अधीक्षक राकेश ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में जानकारी हुई कि एक ट्रक में अवैध गांजा भरकर नूंह मेवात कोसीकलां मथुरा के रास्ते फरीदाबाद जा रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए कोसीकलां थाना क्षेत्र में एक स्थान पर बेरिकेडिंग लगाकर चेकिंग की गयी। तभी कामर रोड की तरफ से एक ट्रक आता दिखाई दिया, जिसे मुखबिर द्वारा बताया गया कि यही ट्रक है। एसटीएफ टीम द्वारा ट्रक को रोकने के प्रयास पर ट्रक के अन्दर बैठा एक व्यक्ति घबराकर परिचालक की तरफ की खिड़की को खोलकर ट्रक से कूदकर भागने लगा।

## बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात मड़ियाव थाना क्षेत्र के हरिओमनगर में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात, नकदी, कीमती सामान के साथ-साथ घर में रखा राशन तक चोरी कर लिया। वारदात उस समय हुई जब घर का परिवार शादी समारोह में शामिल होने बाहर गया था।

वारदात हरिओम नगर स्थित मजार वाली मस्जिद के पास रहने वाले अंसार अहमद के घर की है। अंसार अहमद अपनी पत्नी अफसाना, मां अख्तरी बानो, एक बेटी और दो जुड़वा बेटों के साथ रहते हैं। सऊदी से लौटने के बाद वे प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। पीड़ित अंसार के मुताबिक वे शनिवार शाम करीब सात बजे पूरे परिवार के साथ अपनी ससुराल एक कार्यक्रम में गए थे।

अंदर जाकर पता चला कि अलमारी और बक्सों के ताले भी तोड़ दिए गए थे और सामान बुरी तरह बिखरा हुआ था। दूसरे कमरे में मां अख्तरी बानो का बक्सा भी टूटा मिला। चोरी का पता चलते ही उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। सरोजनीनगर

बंथरा के लालाखेड़ा निवासी महिला रीना ने बंथरा स्थित औरावां के फूलचंद, करन, रामगोपाल, बीनू, उन्नाव के पुरवा स्थित मिहीखेड़ा निवासी अंकुश, मंगल प्रसाद और नवाबगंज निवासी प्रभात व दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ पति सुनील के साथ धोखाधड़ी, मारपीट और जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाया है। उसने इसकी शिकायत न्यायालय में की। न्यायालय के आदेश पर बंथरा पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रीना के मुताबिक उसके पति सुनील अनपढ़ होने के साथ उन्नाव के पुरवा में इब्राहिमपुर स्थित गाटा संख्या 334/1 रकबा 0.7590 हेक्टेयर के सहखातेदार व भूमिधर हैं। आरोप है कि विपक्षी फूलचन्द्र और उसके सहयोगी अंकुश, मंगल प्रसाद, करन, रामगोपाल, बीनू और प्रभात ने साजिश के तहत सुनील से धोखे में 0.1265 हे. जमीन का बैनामा अपने नाम करवा लिया।



# कोडीन कफ सिरप प्रकरण में अब तक प्रदेश भर में 70 से अधिक गिरफ्तार

❖ 400 ड्रग लाइसेंस रद्द, 219 लोगों को नोटिस, दो दर्जन दुकान सील

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

मुख्यमंत्री के निदेर्शों पर जनपदीय पुलिस एवं एसटीएफ द्वारा कोडीनयुक्त कफ सिरप और एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध व्यापार, डायवर्जन के खिलाफ कड़ी एवं व्यापक कारांवई की जा रही है। अब तक प्रकरण में प्रदेश भर में 70 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही 219 लोगों को नोटिस जारी की गयी है। जबकि 400 लोगों के ड्रग लाइसेंस निरस्त हुए है। यह दावा प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्णा ने लोकभवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान किया है। आयुक्त खाद्य रसद एवं औषधि प्रशासन रोशन जैकब ने बताया कि इस प्रकरण में खास बात यह है कि छोटे दुकानदारों को नही परेशान किया गया है। कोडीन कफ सिरप को लेकर दो दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है।

डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि सोनभद्र पुलिस ने गत 18अक्टूबर 2025 को कोडीनयुक्त कफ सिरप से भरे दो ट्रक को पकड़ा था। जिसमें 1,19.675 बोतलें बरामद की गई। इस प्रकरण में तीन अभियुक्तों हेमन्त पाल, बजमोहन शिवहरे एवं रामगोपाल धाकड़ को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा एक नवंबर 2025 को रांची झारखंड से 13.400 कोडीनयुक्त कपफ सीरप बरामद की गई है।

डीजीपी ने बताया कि गत चार नंवबर 2025 को सोनभद्र पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर, गाजियाबाद एवं सोनभद्र पुलिस ने संयुक्त रूप से थाना नंदग्राम क्षेत्रांतर्गत बड़े पैमाने पर संचालित एक अवैध फार्मास्यूटिकल नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान 04 ट्रकों से 1.67.350 शीशियां कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की गई तथा आठ अभियुक्तों सौरभ त्यागी,



शादाब, शिवकान्त उर्फ शिव, सन्तोष भडाना, अम्बुज कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, दीपू यादव एवं सुशील यादव) को मौके पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण से की गयी पूछताछ में उक्त अपराध में शुभम जयसवाल, आसिपा, अभिषेक शर्मा, विशाल उपाध्याय व अन्य एक अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आये, जिनका इस तस्करी के सिन्डिकेट में शामिल होना पाया गया, जिसके आधार पर इस प्रकरण में पंजीकृत अभियोग में कुल 17 अभियुक्तों को नामजद किया गया है। वहीं लखनऊ जोन के विभिन्न जनपदों में कुल 11 अभियोग पंजीकृत करते हुए दो अभियुक्तों रूपम राय एवं दिवाकर सिंह को गिरफ्तार किया गया है जबकि बरेली जोन के विभिन्न जनपदों में कुल 14 अभियोग पंजीकृत करते हुए 12 अभिमुक्तों (अब्दुल कादिर एवं रहमान नूरी) को गिरफ्तार किया गया है।

डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि गोरखपुर जोन के विभिन्न जनपदों में कुल 10 अभियोग पंजीकृत करते हुए तीन अभियुक्तों नीरज कुमार दीक्षित, अली सरीम मेकरानी एवं मोहम्मद आफताब को गिरफ्तार एवं दो अभियुक्तों कल्पना एवं मोहम्मद असद को नोटिस तामील किया गया है। इसके अलावा कमिश्नरेट वाराणसी के विभिन्न जिलों में दो अभियोग पंजीकृत करते हुए चार अभियुक्तों भोला प्रसाद जायसवाल, विशाल जायसवाल, बावल आर्या एवं आजाद सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

### एसटीएफ ने की बड़ी कार्रवाई

डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि यूपी एसटीएफ द्वारा उक्त प्रकरण में कुल 29 अभियुक्तों (धर्मेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, पवन गुप्ता, शैलेन्द्र आर्या, विभोर राणा, विशाल सिंह, बिट्टू कुमार, सचिन कुमार, अमित कुमार सिंह उर्फ अमित टाटा एवं आलोक प्रताप सिंह) को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसटीएफ लगातार इस पर कार्रवाई कर रही है। जिसमें एक बर्खास्त सिपाही को भी पकड़ा गया था। उन्होंने सिडिकेंट के मुख्य अभियुक्त शुभम के बारे में जानकारी होने से इंकार करते हुए कहा कि कहीं भी होगा उसे जल्द ही गिरफ़्तार किया जायेगा। फिलहाल इस मामले में उसके पिता की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### वित्तीय लेन-देन की जांच ईडी कर रही है

डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि कोडीन कफ सिरप के प्रकरण में विस्तृत वित्तीय जांच के लिए ईडी ने भी केस अपने कब्जे में लिया है। उसने इस संबंध में शुभम जायसवाल के वाराणसी स्थित आवास पर नोटिस भी तामिल करायी है। इस केस में बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन हुई है। जिस पर स्थानीय स्तर पर भी जांच की जा रही है। डीजीपी ने बताया कि प्रदेश स्तर पर एक एसआईटी का गठन किया जा रहा है। यह एसआईटी सभी प्रचलित जांचों की नियमित समीक्षा करेगी, आरोपितों से प्राप्त जानकारियों की हर कड़ी को जोड़ते हुए आगे की कार्रवाई तय करेगी तथा वित्तीय लेन-देन से जुड़े तथ्यों की भी गहन जांच करेगी।

# बीएलओ की दूसरी मतदाता सूची पर लापरवाही पर कार्रवाई की मांग

❖ एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके: श्याम लाल पाल

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ को ज्ञापन देकर मांग की है कि जनपद मऊ में घोसी विधानसभा में मतदेय स्थलों में 2003 की मतदाता सूची बदल कर सात दिसंबर-2025 को बीएलओ को दूसरी मतदाता सूची दिये जाने की घोर लापरवाही की जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाये, जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके।

ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद मऊ, घोसी विधान सभा में 2003 की मतदाता सूची में मतदेय स्थल संख्या-75 में 488 मतदाताओं के नाम दर्ज होने की मतदाता सूची बीएलओ को उपलब्ध कराई गयी थी, सात दिसंबर 2025 को 2003 की मतदाता सूची में मतदेय स्थल संख्या- 75 में 1318 मतदाता दर्ज होने की मतदाता सूची बीएलओ को दी गयी और बीएलओ से दो दिन में सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने तथा गणना प्रपत्रों को बीएलओ ऐप में अपलोड करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम द्वारा दबाव बनाया जा रहा है तथा 830 मतदाताओं को भी गणना प्रपत्र भरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार घोसी विधान सभा में मतदेय स्थल संख्या 3, 4, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 15, 18, 20, 21, 28, 31, 38, 34, 35, 44, 46, 48, 49, 57, 59, 62, 71, 73, 74, 75, 76, 77, 81, 84, 85, 95, 96, 97, 98, 99, 100, 102, 104, 109, 110, 113, 114, 115, 116, 118, 119, 120, 122, 123, 124, 125, 126, 128, 130, 132, 134, 135, 136, 137, 138, 139, 140, 141, 142, 144, 145, 146, 147, 148, 150, 151, 152, 170, 171, 172, 184, 175, 177, 178, 179, 180, 181, 182, 183, 184, 185, 186, 187, 188, 189, 190, 191, 192, 193, 194, 195, 196, 197, 198, 199, 200, 202, 203, 204, 205, 206, 208, 210, 212, 125, 230, 232, 233, 234, 235, 236, 237, 238, 240, 241, 242, 243, 244, 245, 246, 247, 248, 249, 250, 253, 254, 255, 256, 257, 258, 259, 260, 261, 262, 263, 234, 265, 266, 267, 268, 269, 270, 271, 272, 273, 274, 275, 276, 277, 278 में भी 2003 की मतदाता सूची बदल कर सात दिसंबर 2025 को बीएलओ को दूसरी मतदाता सूची दे दी गई है। ज्ञापन को सौंपते हुए केके श्रीवास्तव और राधेश्याम सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती ने लगाया ब्लैकमेलिंग छेड़छाड़ का आरोप

❖ एसीपी को दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

जानकीपुरम थाना क्षेत्र की एक युवती(22) ने अलीगंज क्षेत्र में रहने वाले युवक पर लगातार ब्लैकमेलिंग, छेड़छाड़, धमकी और फोटो वायरल करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता मूल रूप से जनपद गोंडा की रहने वाली हैं और वर्तमान में जानकीपुरम में रहती हैं। उन्होंने पूरे प्रकरण की शिकायत अउढ अलीगंज को तहरीर देकर की है। तहरीर के अनुसार, आरोपी आयुष गुप्ता पुत्र आनंद कुमार गुप्ता पिछले काफी समय से युवती को परेशान कर रहा है। आरोप है कि वह लगातार छेड़छाड़ करता है, युवती की फोटो गलत तरीके से वायरल कर रहा है और अलग-अलग नंबरों से गंदी गालियाँ व आपत्तिजनक संदेश भेजता है। इतना ही नहीं, आरोपी युवती और उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसका फोन भी हैक कर लिया गया है। कई नंबर ब्लॉक करने के बाद भी आरोपी नए नंबरों से कॉल और मैसेज करके मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है, जिससे वह अत्यधिक परेशान हो चुकी है। युवती ने एसीपी अलीगंज से न्याय की गुहार लगाते हुए मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर प्रकरण की जांच में जुट गई है।

### ई-रिक्शा चालक ने मजदूर दम्पत्ति को पीटा

❖ चालक ने कांच की बोतल से महिला का सिर फोड़ा

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र के वृदावंन गेट निवासी संतोष यादव ने बताया वो अपनी पत्नी गीता के साथ झुग्गी में रहकर कबाड़ बीनने का काम करता था। सोमवार की दोपहर चार बजे के करीब मोहनलालगंज क्षेत्र से कबाड़ बिनकर पत्नी गीता के साथ साइकिल से पैदल वापस घर जा रहा था जैसे ही हरकशंगढी चौकी के पास पहुंचा था कि तभी चालक अज्ञात ने ई-रिक्शा से साइकिल में टक्कर मार दी। जिसके बाद उसकी साइकिल समेत उसमें बोरियो में लदा कबाड़ सड़क पर गिर गया। जिसके बाद उसने विरोध जताया तो ई-रिक्शा चालक ने गाली-गालौज करते हुये सड़क पर बिखरे कबाड़ से कांच की बोतल उठाकर उसके सिर व पत्नी गीता के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुये ई-रिक्शा लेकर मौके से भाग निकला। राहगीरों की सूचना के बाद पुलिस फोर्स संग मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज साजिद अली ने घायल दम्पत्ति को इलाज के लिये सीएचसी भेजा। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया ई रिक्शा व साइकिल में टक्कर के बाद मारपीट होने की जानकारी मिली है,पीड़ित दम्पत्ति के तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

# भाजपा राष्ट्रवादी नहीं राष्ट्रविवादी पार्टी है

❖ वंदे मातरम सिर्फ गाने के लिए नहीं है निभाने के लिए होना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राष्ट्रवादी नहीं राष्ट्रविवादी पार्टी है। देश में जहां विवाद करना होता है वहां भाजपा के लोग सबसे आगे रहते हैं। भाजपा फूट डालो राज करो नीति पर चलती है। श्री यादव ने कहा कि वंदे मातरम गाने से ज्यादा निभाना जरूरी है। वंदे मातरम सिर्फ गाने के लिए नहीं है निभाने के लिए होना चाहिए। पीछे मुड़कर देखना चाहिए कि कितना निभाया जा रहा है। वंदे मातरम ने आजादी के आंदोलन में सबको जोड़ा लेकिन आज के दरारवादी लोग उसी के देश को तोड़ना चाहते है। ऐसे लोगों ने पहले भी देश के साथ दगा किया आज भी दगा कर रहे हैं।

वंदे मातरम गीत के 150वर्ष पूरे होने पर संसद में हुई चर्चा में भाग लेते हुए सोमवार को अखिलेश यादव ने कहा कि जब कोलकाता के कांग्रेस के अधिवेशन में गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर ने पहली बार वंदे मातरम गीत गया, उसके बाद वंदे मातरम की लोकप्रियता आम लोगों में पहुंच गयी। जब क्रांतिकारियों को अंग्रेजों से लड़ना होता था तब वंदे मातरम का नारा देकर लोगों को जोड़ने का काम करते थे। स्वतंत्रता आंदोलन हो या स्वदेशी आंदोलन। क्रांतिकारी इसी नारे को लेकर आगे चले। वंदे मातरम के माध्यम से देश एकजुट हुआ। अंग्रेज घबरा गये। अंग्रेज जहां कहीं वंदे मातरम का नारा सुनते और देखते थे, वे क्रांतिकारियों पर देशद्रोह का मुकदमा लगा देते थे। जेल भेज देते थे। बंगाल में बच्चों ने जब क्लास रूम में वंदे मातरम का गीत गया, तब अंग्रेजों ने उन पर देशद्रोह का मुकदमा लगा कर जेल भेज दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि आज सत्ता पक्ष हर चीज को अपना दिखाना चाहता है। इस महान गीत को बंकिम चन्द चट्टोपाध्याय ने लिखा था। लेकिन देखा जा रहा है जो महान पुरुष और जो चीज सत्ता पक्ष की नहीं है वह उसे अपनाना चाहती है। जब भाजपा का गठन हो रहा था, उस समय बीजेपी के चुने गए अध्यक्ष के भाषण पर चर्चा हो रही थी। चर्चा इस बात की थी कि भाजपा सेकुलर और सोशलिस्ट रास्ते पर जायेगी कि नहीं जायेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को तमाम विरोध के बावजूद समाजवादी आन्दोलन, समाजवादी विचारधारा और सेकुलर रास्ता अपनाना पड़ा। यही नही भाजपा ने मंच पर जयप्रकाश की तस्वीर लगाकर भ्रम फैलाने की कोशिश की कि वह जेपी के रास्ते पर चलेगी। आज सरकार के मंत्री बताएं की वे कितने सेक्युलर और सोशलिस्ट हैं? अखिलेश यादव ने कहा कि वंदे मातरम कोई दिखावा या राजनीति का विषय नहीं है। जब हम लोग बाहर सत्ता पक्ष के भाषणो और विचारों को सुनते है तो ऐसा लगता है वंदे मातरम इन्हीं का बनवाया गीत है।

### कुर्सी रोड पर बैट्री की दुकान में चोरी

**लखनऊ।** गुडंबा थाना क्षेत्र के कुर्सी रोड पर स्थित एक बैटरी की दुकान में रविवार को चोरों ने शटर का ताला तोड़कर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह वारदात रविवार रात को अंजाम दी गई, जिसमें चोर दुकान से पांच इनवर्टर बैटरी और करीब 6800 रुपये नकद चोरी कर ले गए। पीड़ित विकास सोनी, निवासी 13 अलकापुरी कॉलोनी अदिलनगर की पहाड़पुर चौराहा पर सोनी इनवर्टर नाम से दुकान संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब 8:30 बजे वे रोज की तरह शटर बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह करीब 10 बजे जब दुकान पहुंचे तो देखा कि शटर आधा उठा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो पांच इन्वर्टर बैटरी और गल्ले में रखे 6800 रुपये गायब थे।

### आज अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अतिरिक्त 7 सदस्य नामित किए गए हैं। उक्त प्राधिकरण की प्रथम बैठक दिनांक 09 दिसंबर 2025 को परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित की जा रही है। जिसके अंतर्गत प्रथम सत्र में प्रातः 10:30 बजे से समस्त स्टेकहोल्डर के साथ विचार विमर्श किया जाएगा तदोपरांत में उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में अपर मुख्य सचिव, वित्त दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव, परिवहन अर्चना अग्रवाल, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग अजय चौहान, प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग श्री अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग अनिल कुमार।

# महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर नन्हे कलाकारों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा

❖ कथक फ्यूजन डांस कर अक्षिता दीक्षित ने दर्शको को मंत्रमुग्ध किया

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**





कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य शेरोगेसी बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार, पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग सुनीता बंसल आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह एवं हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक संध्या में नेचुरल टच वेलफेयर सोसाइटी संस्था की अध्यक्ष स्मृति शर्मा, सचिव प्रदीप कुमार शर्मा के निर्देशन में बालीवुड क्लासिकल डांस की सुन्दर प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक मंच पर नन्हे कलाकारों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया इसके बाद बच्चों ने बालीवुड क्लासिकल डांस कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतिभा पाडेंय, आयुषी, शिवाक्ष एवं नंन्दनी की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। लखनऊइट्स कनेक्ट के संस्थापक अर्पित वर्मा, सह-संस्थापक रशिका शर्मा के निर्देशन में अक्षिता दीक्षित कथक फ्यूजन डांस,डॉ खुशी राज एक्स प्रखर गुप्ता कथक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा दिया, वहीं कबीर ने सुरमई रचनाओं को पढ़ा कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। स्टैंड अप कॉमेडी, शायरी, रैप गायन ने सांस्कृतिक संध्या को गुलजार कर दिया। इस दौरान महोत्सव समिति के मोनालिसा, रोली जयसवाल व मनोज सिंह चौहान,रोली सिंह ने नन्ही प्रतिभाओं का सम्मान किया। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला सहसंचालक विजय गुप्ता ने किया। इस मौके पर दर्शकों ने कलाकारों का तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया।

# उत्तर प्रदेश की मॉडल पंचायतों से सीखकर दूसरी ग्राम पंचायतें बनेंगी सशक्त और आत्मनिर्भर

❖ आंतरिक एक्सपोज़र विज़िट से पंचायतों को मिल रहा बदलाव और नई ऊर्जा का अनुभव

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों के लिए स्वीकृत एक्सपोज़र विज़िट कार्यक्रम प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पंचायती राज विभाग द्वारा क्रमिक रूप से आयोजित किया जा रहा है। रामपुर, श्रावस्ती, ललितपुर और अमेठी समेत कई जनपदों में यह बैचवार विज़िट वर्तमान में चल रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे नवीन, उत्कृष्ट और व्यवहारिक विकास कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से दिखाकर अन्य ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे स्वयं को रोल मॉडल के रूप में विकसित कर सकें। प्रतिभागियों ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, बायोगैस यूनिट, वर्मी कम्पोस्टिंग, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, जल प्रबंधन, कॉमन सर्विस सेंटर संचालन एवं ओएसआर सृजन के सफल मॉडलों को ज़मीन पर देखा और समझा। कार्यक्रम के दौरान लगभग 2000 प्रतिभागी नवंबर 2025 से जनवरी 2026 की अवधि में दो-दिवसीय एक्सपोज़र विज़िट में भाग ले रहे हैं। ई-सर्टिफिकेट हेतु फीडबैक एवं ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी की सुविधा टीएमपी पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। पंचायती राज विभाग का संकल्प है कि इस क्रॉस-लर्निंग प्रक्रिया के माध्यम से सशक्त पंचायतें, सशक्त भारत का लक्ष्य साकार किया जाए।

माननीय पंचायती राज मंत्री, श्री ओमप्रकाश राजभर जी ने कहा कि आंतरिक एक्सपोज़र विज़िट केवल देखने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यवहारिक सीख और परिवर्तन की दिशा है। हमारा लक्ष्य है कि हर पंचायत सशक्त हो, संसाधन पैदा करे और आत्मनिर्भर मॉडल के रूप में विकसित हो, जो प्रतिभागी लौट रहे हैं या उसमें शामिल हो रहे हैं।

# हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता व प्राथमिकता: केशव

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे। श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। श्री मौर्य ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे-यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। श्री मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े।

# सर्दियों की दस्तक के साथ प्रवासी पक्षियों ने डाला डेरा

## यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड रामसर साइट्स पर विकसित कर रहा पर्यटक सुविधाएं: जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की प्राकृतिक संपदा इस वर्ष भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। दिसंबर की शुरुआत के साथ ही प्रदेश के सभी 10 अंतरराष्ट्रीय महत्व वाले रामसर साइट्स प्रवासी पक्षियों की चहचहाहट से गुलजार हो उठे हैं। प्रतिवर्ष हजारों किलोमीटर दूर से आने वाले इन दुर्लभ पक्षियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल आश्रय स्थली पर्यटकों के लिए भी पूरी तरह तैयार है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड लगातार पर्यटक सुविधाओं के उन्नयन, संरक्षण कार्यों और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रहा है, जिससे प्रदेश की समृद्ध जैव-विविधता नए आयाम प्राप्त कर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है, ताकि पर्यटकों को बेहतर और सुरक्षित अनुभव मिल सके। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी निरंतर जारी हैं। विकास परियोजनाओं के माध्यम से अभी तक आगरा और हैदरपुर की दो परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी हैं।

मंत्री ने बताया कि आगरा स्थित सूर सरोवर बर्ड सेंक्चुरी में 167.85 लाख रुपए की लागत से पर्यटक सुविधाओं का विकास किया गया है, जिससे यह स्थल प्रकृति प्रेमियों और बर्ड वॉचर्स के लिए और भी आकर्षक बन गया है। सेंक्चुरी में पार्किंग एरिया, पाथवे एवं नेचर ट्रेल, सोविनियर शॉप, वॉच टावर, साइनजेज, शौचालय, आरओ वॉटर कूलर जैसी सुविधाओं को विकसित किया गया है, ताकि आगंतुकों को समृद्ध पर्यटन अनुभव मिल सके। इसी प्रकार, मुजफ़्फ़रनगर स्थित हैदरपुर वेटलैंड में 165.71 लाख रुपए की लागत से पर्यटक सुविधाओं का व्यापक संवर्धन किया गया है, जिससे यहां आने वाले आगंतुकों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो रहा है। यहां प्रवेश द्वार, नेचर ट्रेल, नेचर कैंप, आरामदायक बेंचेज, साइनेजेज, ऊंचाई से दृश्य अवलोकन के लिए वॉच टावर साथ ही कैंटीन, रिसेप्शन, गोल हट, आरओ वाटर कूलर आदि सुविधाओं का विकास किया गया है। इन व्यवस्थाओं से हैदरपुर वेटलैंड अब अधिक सुव्यवस्थित, पर्यटक अनुकूल और ईको-टूरिज़्म की दृष्टि से और भी आकर्षक गंतव्य बन गया है। उन्नाव स्थित नवाबगंज बर्ड सेंक्चुरी में पर्यटकों के अनुभव को नई ऊंचाई देने के लिए आधुनिक तकनीक से लैस एआर-वीआर डोम का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। लगभग 280.44 लाख रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा यह अत्याधुनिक डोम आगंतुकों को पक्षी अभ्यारण्य की समृद्ध जैव-विविधता, प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों और पूरे वेटलैंड इकोसिस्टम को इमर्सिव तरीके से अनुभव कराने में सक्षम होगा। उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध जैव-विविधता के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है ,यहां कुल 10 रामसर साइट्स हैं-नवाबगंज पक्षी अभ्यारण्य (उन्नाव), पार्वती आर्गा पक्षी अभ्यारण्य (गोंडा), समान पक्षी अभ्यारण्य (मैनपुरी), समसपुर पक्षी अभ्यारण्य (रायबरेली), सांडी पक्षी अभ्यारण्य (हरदोई), सरसई नावर झील (इटावा), सूर सरोवर पक्षी विहार (आगरा), ऊपरी गंगा नदी (ब्रजघाट से नरौरा विस्तार), बखिरा वन्यजीव अभ्यारण्य (संत कबीर नगर) और हैदरपुर वेटलैंड (मुजफ्फरनगर), प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं।

# ऊर्जा के बगैर जीवन की कल्पना करना असंभव: महाप्रबंधक

## बनारस रेल इंजन कारखाना में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का शुभारंभ

❖ ऊर्जा संरक्षण जागरूकता रैली के माध्यम से दिया ऊर्जा संरक्षण का संदेश



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार महाप्रबंधक सोमेश कुमार के नेतृत्व में बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में विद्युत विभाग द्वारा 08 से 14 दिसंबर 2025 तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष सप्ताह का उद्देश्य अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जन-मानस को ऊर्जा के महत्व के प्रति जागरूक कर ऊर्जा संरक्षण करना है। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर आज दिनांक 08 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को बरेका प्रशासन भवन से महाप्रबंधक सोमेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली बरेका परिसर के प्रमुख स्थलों,बरेका प्रेक्षागृह, कुंदन, केंद्रीय चिकित्सालय से होते हुए बरेका स्काडा स्टेशन पर समाप्त हुई। इसके पूर्व महाप्रबंधक ने ऊर्जा संरक्षण के नियमों से युक्त लीफलेट का भी विमोचन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ''जिस तरह के समाज एवं समय में हम लोग रह रहे हैं, बिना ऊर्जा के किसी भी इच्छा एवं कार्य को पूरा नहीं कर सकते हैं। ऊर्जा के संसाधन पुरे विश्व में सीमित है। हमें अपने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए ऊर्जा बचाना चाहिए क्योंकि वर्तमान जीवन शैली में ऊर्जा के बगैर जीवन की कल्पना करना असंभव है। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह हमें कम से कम ऊर्जा का उपयोग करने एवं ऊर्जा संरक्षण हेतु प्रेरित करता है।

इस जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एस.के.श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक शील, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी लालजी चौधरी, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक आलोक अग्रवाल, प्रधान वित्त सलाहकार मुक्तेश मित्तल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार सिंह के साथ ही रेलवे सुरक्षा बल, सिविल डिफेंस, बरेका इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं, प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु सहित काफी संख्या में बरेका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने ऊर्जा संरक्षण से संबंधित स्लोगन लिखित तख्तियां लेकर बरेका परिसर में नारे लगाकर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया।

# स्टेमी केयर प्रोजेक्ट से दिल के मरीजों को बड़ी राहत

पायनियर संवाददाता। बलरामपुर



जिले में हृदय रोगियों को त्वरित, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित स्टेमी केयर प्रोजेक्ट ने कम समय में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 16 जून 2025 से प्रारंभ इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 1595 मरीजों की जांच की गई है। इनमें से 30 गंभीर मरीजों को उन्नत उपचार के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ रेफर किया गया, जहां समय पर चिकित्सा मिलने से उनकी जान बचाई जा सकी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि जिले में पाँच प्रमुख चिकित्सालयों को स्टेमी केयर सेंटर के रूप में जोड़ा गया है। जिला मेमोरियल चिकित्सालय, जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला। इन सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ईसीजी व थ्रॉम्बोलिसिस की सुविधा उपलब्ध है, जिससे हृदयाघात के मरीजों को तुरंत प्राथमिक उपचार देकर ''गोल्डन आवर'' में उनकी स्थिति को स्थिर किया जा सके। परियोजना के तहत डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ को हब सेंटर बनाया गया है, जहां अत्याधुनिक उपचार की व्यवस्था है। डॉ. रस्तोगी ने बताया कि सीने में दर्द, अत्यधिक पसीना, बेचैनी, घबराहट जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्टेमी केयर सेंटर पहुंचना जीवनरक्षक सिद्ध हो सकता है। जरूरत पड़ने पर मरीज को निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से लखनऊ भेजा जाता है, ताकि समय पर विशेषज्ञ उपचार मिल सके।

# खो-खो मुकाबले से शुरू हुआ टाइनी टाट्स का स्पोर्ट्स वीक



❖ खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार : सैफ अली

पायनियर संवाददाता। उतरौला (बलरामपुर)

उतरौला बाजार स्थित टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार से सात दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली के दिशा-निर्देशन तथा प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह के प्रभावी मार्गदर्शन में किया गया।

प्रथम दिवस बालिकाओं के लिए आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सात दिवसीय खेल महोत्सव के अंतर्गत विद्यालय द्वारा कई आउटडोर और इंडोर खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें खो-खो, कबड्डी, वालीबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, रस्साकशी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ सहित अन्य रोचक प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। प्रतियोगिता हेतु मैदान एवं समस्त खेल सामग्री विद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्व ही व्यवस्थित कर दी गई थी।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि''खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार है। खेल जहां शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, वहीं मानसिक एकाग्रता, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और अनुशासन का भी निर्माण करते हैं। हमारा उद्देश्य है कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के अंत में विजयी प्रतिभागियों को मेडल, शील्ड और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। वहीं, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि''प्रतिस्पर्धा जीवन का अहम हिस्सा है और खेल बच्चों को चुनौतियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करते हैं। विद्यालय सतत प्रयास करता है कि प्रत्येक छात्र खेलों में अपनी छिपी प्रतिभा को पहचान सके और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो। पहले दिन बालिकाओं के बीच हुए खो-खो मुकाबलों में 7A (प्रिया ग्रुप) ने 7B (कशिश ग्रुप) को हराकर जीत दर्ज की।

# विधायक ने किया 'उतरौला रसोई' का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता। उतरौला (बलरामपुर)




उतरौला में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक नई पहल की शुरुआत हो चुकी है। ब्लेसिंग वेलफेयर फाउंडेशन ने डॉ भीमराव अंबेडकर चौराहा के निकट व पेट्रोल पंप के बगल मात्र दस रूपये दस रूपये उतरौला रसोई सेवा शुरू की है। सोमवार को उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने फीता काटकर उतरौला रसोई का शुभारंभ किया।

विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि यह पहल समाज के गरीब वंचित व जरुरतमंद वर्ग के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। उन्होंने कहा कि ब्लेसिंग वेलफेयर फाउंडेशन की यह पहल समाज में मानवता और सेवा का एक बेहतर उदाहरण पेश कर रही है। इस तरह की पहल से उन लोगों को मदद मिलेगी जो अक्सर समाज में नजर अंदाज कर दिए जाते हैं। दस रुपए के बेहद न्यूनतम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना इस पहल का उद्देश्य अत्यंत सराहनीय है। यह संस्था गरीबों का पेट भरने के लिए उन्हें 10 रुपये में भरपेट भोजन देकर पुण्य का काम कर रही है।

ब्लेसिंग वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक घनश्याम वर्मा का मानना है कि भोजन सिर्फ पेट भरने का माध्यम नहीं है। यह पहल गरीब और जरूरतमंद लोगों को सम्मान के साथ जीने का अवसर देगी। साथ ही उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगी। कहा कि उतरौला रसोई में मात्र दस रुपए में भर पेट स्वादिष्ट भोजन कराया जाएगा। सप्ताह के सातों दिन अलग-अलग प्रकार के भोजन परोसे जाएंगे।

# विशेषज्ञों की कमी से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित



पायनियर संवाददाता। तुलसीपुर ,बलरामपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर 30 शैय्या का प्रमुख सरकारी अस्पताल है, लेकिन यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों, फार्मासिस्टों और तकनीकी सुविधाओं की कमी लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित कर रही है। प्रतिदिन 300 से 350 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिससे सामान्य ओपीडी से लेकर इमरजेंसी तक सभी सेवाओं पर दबाव बढ़ा हुआ है। अस्पताल में कुल 6 डॉक्टरों की स्वीकृति है, जिनमें 3 मेडिकल ऑफिसर, 1 निश्चेतक, 1 स्त्रीरोग विशेषज्ञ और 1 बालरोग विशेषज्ञ तैनात हैं, लेकिन फिजिशियन, जनरल सर्जन और हड्डी रोग विशेषज्ञ न होने से गंभीर मामलों को न चाहते हुए भी जिला अस्पताल या अन्य केंद्रों पर रेफर करना पड़ रहा है। इससे मरीजों और परिजनों को अतिरिक्त खर्च और समय की परेशानी उठानी पड़ती है। फार्मासिस्टों की कमी भी एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। 5 स्वीकृत पदों के स्थान पर सिर्फ 2 फार्मासिस्ट ही उपलब्ध हैं, जिससे दवा वितरण प्रणाली पर सीधा असर पड़ता है।

## दुर्लभ प्रजाति का गिद्ध मिला, वन विभाग की टीम ने किया सफल रेस्क्यू

सादुल्लाहनगर/बलरामपुर। वन क्षेत्र सादुल्लाहनगर के फरेंदा खुर्द गांव में ग्रामीणों को एक दुर्लभ प्रजाति का काला गिद्ध घायल अवस्था में मिला। ग्रामीणों ने देखा कि कौवों का एक झुंड गिद्ध पर हमला कर रहा था। स्थिति को गंभीर देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही सादुल्लाहनगर वन रेंज की



टीम वन दरोगा बहुश्रुत यादव के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और गिद्ध को सुरक्षित रेस्क्यू किया। टीम ने सावधानीपूर्वक गिद्ध को पकड़कर प्राथमिक देखभाल प्रदान की। वन दरोगा बहुश्रुत यादव ने बताया कि ग्रामीणों की तत्परता से इस दुर्लभ काले गिद्ध को बचाया जा सका है। घायल गिद्ध को फॉरेस्ट सेंटर भेजा जाएगा, जहां उसका प्राथमिक उपचार एवं विस्तृत जांच की जाएगी। पूरी तरह स्वस्थ होने पर इसे सुरक्षित प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई और सफल रेस्क्यू ऑपरेशन की सराहना की। गौरतलब है कि गिद्ध आज संकटग्रस्त श्रेणी में शामिल हैं, और इनका संरक्षण जैवविविधता संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक माना जाता है।

## 64 वाहनों पर लगाया एक लाख 25 हजार का जुर्माना

बलरामपुर। सहायक संभागीय परिवहन और यातायात पुलिस के द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान अनियमिताएं पाए जाने पर 64 वाहनों पर एक लाख 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ए आरटीओ बृजेश ने बताया कि जिले के उतरौला तुलसीपुर व पचपेड़वा क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान 64 वाहनों पर जिमसे बिना हेलमेत, डीएल,बीमा और बाइक पर ट्रिपलिंग करते पाए जाने और यातायात नियमों को का पालन न करने वालो 25 वाहनों पर 71 हजार का जुर्माना किया गया है इसी तरह यातायात प्रभारी उमेश सिंह द्वारा चलाये गए चेकिंग अभियान में सड़क पर चार पहिया खड़ी पाए जाने,बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाते सहित यातायात नियमों को नजर अंदाज करते वाहन चलाने पाए जाने पर 39 वाहनों पर 54 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है।

# थाना सादुल्लाहनगर में एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम की सघन चेकिंग



पायनियर संवाददाता। सादुल्लानगर/बलरामपुर

महिला सुरक्षा व अपराध नियंत्रण के तहत थाना सादुल्लानगर की एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम प्रभारी उप-निरीक्षक शैलेन्द्र यादव ने किया। टीम ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, मुख्य चौराहों और विद्यालयों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहन जांच की। टीम ने राह चलती महिलाओं एवं छात्राओं से संवाद कर सुरक्षा संबंधी जरूरी जानकारी साझा की और हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने कई दोपहिया वाहनों के कागजात चेक किए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार वर्मा का कहना है कि क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# प्राथमिक विद्यालय मौहरवा में मासिक टेस्ट में अव्वल बच्चों को किया गया सम्मानित



पायनियर संवाददाता। सादुल्लाहनगर/बलरामपुर

प्राथमिक विद्यालय मौहरवा में आयोजित मासिक टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। न्याय पंचायत प्रभारी आदरणीय असगर अली व प्रधानाध्यापक कामता प्रसाद द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को मेडल पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्रथम स्थान अंजलि यादव, द्वितीय स्थान पिंकेश, तथा तृतीय स्थान प्रिंस यादव ने हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। सम्मान समारोह के दौरान प्रभारी असगर अली ने बच्चों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा बेहतर भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय स्टाफ व उपस्थित अभिभावकों ने भी मेधावी बच्चों की सफलता पर खुशी ज़ाहिर की।

# खेल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता। उतरौला (बलरामपुर)



युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा ब्लाक सभागार में खेल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महीपाल चौधरी तथा खंड विकास अधिकारी इंद्रावती वर्मा ने संयुक्त रूप से युवक मंगल दल तथा महिला मंगल दल के सदस्यों को खेल किट प्रदान की।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि किट में वॉलीबॉल, फुटबॉल, नेट, पंप सहित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। यह किट युवा एवं महिला मंगल दल के पंद्रह महिला तथा पंद्रह पुरुष सदस्यों को दी गई है, जिससे युवाओं में खेल के प्रति रूचि बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्र में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महीपाल चौधरी ने कहा कि आज के समय में युवाओं को नशा, भटकाव और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखने के लिए खेल सबसे बेहतर माध्यम है। खेल से शरीर ही नहीं, विचार भी स्वस्थ होते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उन्हें अवसर और साधन उपलब्ध कराने की होती है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक गांव और ग्राम पंचायत स्तर पर खेलकूद की गतिविधियां बढ़ें और खिलाड़ी आगे बढ़कर जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर अपना प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने सभी युवाओं से खेल भावना बनाए रखते हुए अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवक तथा महिला मंगल दल की सदस्य मौजूद रहे।

## गायत्री परिवार ने कराया महायज्ञ

तुलसीपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा तुलसीपुर के पवित्र यज्ञशाला प्रांगण में प्रतिदिन एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ प्रत्येक रविवार को द्वि कुंडीय गायत्री महायज्ञ साधकों द्वारा संपन्न किया जाता है। उक्त कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के जन्मदिन ,विवाह दिवस, पुंसवन ,नामकरण ,अन्नप्राशन, विद्यारंभ इत्यादि संस्कार गायत्री शक्तिपीठ तुलसीपुर द्वारा निशुल्क कराया जाता है। इसके साथ ही माह के प्रत्येक पूर्णिमा पर गायत्री परिजन द्वारा 101 वेदिए दीप महायज्ञ का आयोजन भी संपन्न किया जाता है। यज्ञ में 56 प्रकार की जड़ी बूटियां से निर्मित हवन सामग्री का प्रयोग किया जाता है, जिसके द्वारा राष्ट्र जागरण हेतु विशेष मंत्रों के माध्यम से व महामृत्युंजय मंत्र के साथ पर्यावरण संशोधन मंत्र के माध्यम से विशेष आहुतियां दी जाती हैं।

# बस स्टेशन से गोंडा मोड़ तक अतिक्रमण चिह्नित, जल्द चलेगा हटाओ अभियान

पायनियर संवाददाता। उतरौला



उतरौला नगर वासियों को अतिक्रमण व जाम की समस्या से शीघ्र निजात मिल सकती है। सोमवार को अध्यक्ष सविता गुप्ता एसडीएम अभय सिंह व अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा की टीम द्वारा उतरौला नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए बस स्टेशन से गोंडा मोड़ तिराहा तक चिन्हांकन कर लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दे दी गई है।

अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने बताया कि मंगलवार तक नगर के समस्त क्षेत्र के अतिक्रमण का चिन्ह्यांकन पूरा कर लिया जाएगा। और उसी दिन उप जिलाधिकारी अभय सिंह की अध्यक्षता में अतिक्रमण हटाओ अभियान से संबंधित बैठक कर अतिक्रमण हटाए जाने की तिथि का निर्धारण कर लिया जाएगा। स्वयं से अतिक्रमण न हटाने वाले का नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटवाया जाएगा व उस पर आने वाले व्यय भार की वसूली भी संबंधित अतिक्रमणकारियों से की जाएगी।

# पुलिस टीम ने किया जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता। सादुल्लाहनगर



पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय, क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह और थाना अध्यक्ष सादुल्लाहनगर सत्येंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम राम रतन चौधरी शिक्षण संस्थान, अचलपुर घाट में आयोजित हुआ, जहाँ छात्र-छात्राओं को सर्व शिक्षा अभियान, सब पढ़ें, सब बढ़ें, बाल विवाह, बाल श्रम, गुड टच-बैड टच, तथा यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम द्वारा विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया– 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112 पुलिस इमरजेंसी सेवा,108 एंबुलेंस सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा छात्र-छात्राओं को पंपलेट वितरित किए गए और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया, लेकिन किसी ने कोई समस्या नहीं बताई। पुलिस टीम ने सभी को कानून के नियमों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर महिला आरक्षी सीता गुप्ता, महिला आरक्षी शिवांगी भार्गव, कांस्टेबल उमेश पासवान, तथा कांस्टेबल अनिल नायक मौजूद रहे।

# समाजसेवी युगल किशोर व प्रेम कुमार ने लगवाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

तुलसीपुर, बलरामपुर। विकास खण्ड हरैंया सतघरवा में देवपुरा चौराहा के प्रेम जन सेवा केन्द्र पर समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल व प्रेम कुमार गुप्ता ने लगवाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर पूर्व सांसद प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ल ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया साथ ही विश्राम गुप्ता (पोस्टमास्टर) तथा प्रेम कुमार गुप्ता (जनसेवा केंद्र संचालक) ने निभाई अहम भूमिका। जिसमें 141 मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया 44 मरीजों को सघन परीक्षण हेतु अस्पताल बुलाया गया तो वहीं 37 वृद्ध जनों में मोतियाबिंद पाया गया जिन्हें ऑपरेशन कराने का सुझाव दिया गया, कई लोगों में लेंस कमजोर होना बताया गया जिन्हें चश्मा लगाने का सुझाव दिया गया, सभी लोगों को आंख को धुएं, धूल मिट्टी, तेज धूप, पसीने आदि से बचाव करने और ताजा संतुलित आहार लेने का सुझाव दिया गया। जिसमें देवीपाटन नेत्र चिकित्सालय बलरामपुर के डॉक्टर के ए द्विवेदी के टीम से डाक्टर अविनाश सिंह भदौरिया एवं संदीप पाण्डेय ने सेवा दिया जिससे इलाके के लोगों को बहुत फायदा हुआ। इस कार्यक्रम में राजीव कैराती, विश्राम कुमार, साधू चरण, तुलसी राम यादव, राधेश्याम गुप्ता, राजेस कैराती, प्रेमकुमार , ग्राम प्रधान बालक राम यादव समेत क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग सम्मिलित हुए।

# इनस्पायर 4.0 में प्रथमेश सिन्हा ने जगाई नई उम्मीद

## सनबीम एकेडमी में छात्रों ने सीखी आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच की शक्ति

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



सनबीम एकेडमी समूह द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम इंस्पायर 4.0 का भव्य आयोजन सनबीम एकेडमी सामने घाट में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की भारी मौजूदगी ने कार्यक्रम को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। इस वर्ष कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए प्रथमेश सिन्हा टेड एक्स स्पीकर, नेशनल अवॉर्डी, थिंकरबेल लैब्स के ब्रांड एम्बेसडर तथा शार्क टैंक इंडिया (सीजन 1) फेम एक ने अपनी प्रेरक जीवन यात्रा, संघर्षों और सफलताओं को अत्यंत सरलता और भावनात्मक प्रभाव के साथ साझा किया। उनकी बातों ने हर आयु के छात्रों के मन को गहराई से स्पर्श किया। प्रथमेश सिन्हा का संदेश ''सच्ची दृष्टि आंखों से नहीं, विश्वास से होती है'' पूरे कार्यक्रम का भावनात्मक केंद्र रहा और बच्चों को यह सोचने पर मजबूर कर गया की चुनौतियां बाधा नहीं बल्कि अवसर होती हैं। कार्यक्रम के दौरान एक प्रश्न में उनसे पूछा गया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'विकलांग' शब्द को 'दिव्यांग' किए जाने के निर्णय पर वह क्या सोचते हैं। प्रथमेश ने अत्यंत परिपक्वता और स्पष्टता से उत्तर देते हुए कहा की ''दिव्यांग शब्द किसी कमी की नहीं, बल्कि हमारे भीतर मौजूद विशेष क्षमताओं की पहचान कराता है। यह बदलाव सम्मान, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है।

पायनियर

लखनऊ, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025



# पुलिस लाइन में एडीजी ज़ोन का औचक निरीक्षण

❖ पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस किसी भी जिले की पुलिस व्यवस्था का मुख्य केंद्र होते हैं: मुथा अशोक जैन

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**

एडीजी ज़ोन मुथा अशोक जैन ने सोमवार को पुलिस लाइन परिसर, पुलिस ऑफिस और सभी प्रमुख शाखाओं का विस्तृत औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्वार्टर गार्ड, आरटीसी, एमईएस, एमटी शाखा, कैंटीन, लाइन परिसर और कार्यालयीन सेक्शन सहित सभी विभागों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एसएसपी कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर विभिन्न फाइलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीजी ने क्वार्टर गार्ड में ड्यूटी पर तैनात जवानों से बातचीत कर सुरक्षा प्रणाली, उपस्थिति रजिस्टर, हथियारों के रख-रखाव और गार्ड परिसर की सुव्यवस्था की जांच की। उन्होंने जवानों को अनुशासन और तत्परता के साथ कार्य करने की सलाह दी। इसके बाद आरटीसी की प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन करते हुए उन्होंने प्रशिक्षकों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार किया जाए और आधुनिक पुलिसिंग की आवश्यकताओं के अनुरूप अभ्यास कराया जाए।एमईएस शाखा में भवन संरचना, मरम्मत और बिजली व्यवस्था की समीक्षा की गई। वहीं एमटी शाखा में वाहनों की स्थिति, मेंटेनेंस रजिस्टर, दुरुस्ती कार्य और वाहन उपयोग विवरणों की जांच की गई। एडीजी ने स्पष्ट किया कि गश्त, रेस्पॉन्स और आपातकालीन सेवाओं में उपयोग होने



वाले वाहन हमेशा फिट कंडीशन में रखे जाएँ। कैंटीन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सामानों की गुणवत्ता, रेट लिस्ट और व्यवस्था की पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जवानों के लिए उपलब्ध भोजन और दैनिक उपयोग की सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप ही उपलब्ध कराई जाए। पुलिस लाइन परिसर में स्वच्छता व्यवस्था की जांच के दौरान उन्होंने खुले स्थान और आवासीय क्षेत्र की साफ-सफाई को और बेहतर बनाए रखने पर बल दिया। निरीक्षण के बाद एसएसपी कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फाइलों के त्वरित निस्तारण, लंबित विवेचनाओं, प्रशासनिक कार्यों, कार्यालय शाखाओं की दक्षता, अनुशासनिक कार्यवाहियों और डिजिटल रिकॉर्ड अद्यतन से संबंधित अनेक बिंदुओं पर चर्चा हुई।

एडीजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शाखाएँ निर्धारित समयसीमा में कार्य करें और रिकॉर्ड प्रबंधन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस किसी भी जिले की पुलिस व्यवस्था का मुख्य केंद्र होते हैं, इसलिए इनके कामकाज में सुधार और जवाबदेही अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही या विलंब भविष्य में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण और बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर, पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी, सीओ लाइन योगेंद्र सिंह, एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र, एसपी साउथ दिनेश कुमार पूरी, एसपी अपराध सुधीर जैसवाल, सीओ चौरी-चौरा मनीष शर्मा, कोतवाली प्रभारी ओमकार दत्त तिवारी, गोरखनाथ प्रभारी रवि सिंह और सीओ आफिस दीपांशी सिंह राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

❖ 17 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 5,50,000 रूपए की धनराशि वसूल की गई

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**

जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में खनन विभाग की टीम ने जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान चलाते हुए सख्त कार्रवाई की। प्रशासन की इस पहल से न केवल अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगा बल्कि राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई।दिनांक 7 दिसंबर 2025 को खनन विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न शक्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान



अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त कुल 7 वाहनों को पकड़कर संबंधित थानों में जमा कराया गया। इनमें 2 वाहन थाना रामगढ़ताल, 3 वाहन थाना बेलीपार तथा 2 वाहन थाना चौरी-चौरा में बंद कराए गए। इसी साथ ही टीम ने जनपद में भ्रमण के दौरान ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन में संलिप्त 10 वाहनों को मौके पर रोका। इन वाहनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन माध्यम से जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार कुल 17 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे लगभग 5,50,000 रुपये की राजस्व धनराशि प्राप्त हुई। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने इस अभियान को लेकर स्पष्ट संदेश दिया कि जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में आगे भी इसी प्रकार की निरंतर और कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि खनन विभाग की टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से क्षेत्रीय निरीक्षण करें और अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएँ। खनन विभाग की कार्रवाई से स्थानीय प्रशासन की गंभीरता साफ झलकती है। अवैध खनन और ओवरलोडिंग न केवल राजस्व की हानि का कारण बनते हैं बल्कि पर्यावरण और सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं।

## गोरखपुर पुलिस महकमे में फेरबदल

# सुनील राय बड़हलगंज के थानेदार, सीबी सिंह को मिली शाहपुर की जिम्मेदारी

**पायनियर संवाददाता**

गोरखपुर। जिले के पुलिस महकमे में सोमवार को अहम फेरबदल किया गया है। सूत्रों के अनुसार तीन अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। पुलिस विभाग ने एंटी थेफ्ट प्रभारी रहे सुनील राय को बड़हलगंज थाने का नया थाना प्रभारी एसएचओ नियुक्त किया है।सुनील राय को अपराध नियंत्रण और क्षेत्रीय कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की जिम्मेदारी दी गई है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि उनके अनुभव से बड़हलगंज क्षेत्र में पुलिसिंग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। जबकि बड़हलगंज थाने में तैनात एसओ सीबी सिंह को स्थानांतरित कर शाहपुर थाने का प्रभारी बनाया गया है।शाहपुर क्षेत्र में बढ़ते शहरी दबाव और अपराध नियंत्रण को देखते हुए विभाग ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। सीबी सिंह को सख्त और अनुशासित अधिकारी माना जाता है, जिससे शाहपुर थाने की कार्यप्रणाली में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा शाहपुर थाने के एसएचओ रहे नीरज राय को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार यह कदम प्रशासनिक कारणों से उठाया गया है। नीरज राय की तैनाती पर फिलहाल कोई नई जिम्मेदारी तय नहीं की गई है।पुलिस महकमे में हुए इस फेरबदल को कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने की कवायद माना जा रहा है। जिले में अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया गया है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इन नियुक्तियों से थानों की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और जनता को बेहतर पुलिसिंग का अनुभव मिलेगा।

# गोरखपुर को आज मिलेगा 11वां राजकीय आईटीआई

❖ युवाओं के कौशल विकास में मिलेगी नई उड़ान, खुलेंगे रोजगार के अवसर

❖ पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने 16 करोड़ रुपये के सीएसआर फंड से संस्थान का कराया है निर्माण

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 9 दिसंबर को गोरखपुर के पिपरौली क्षेत्र को एक नई सौगात देने जा रहे हैं। पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर फंड से निर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का शुभारंभ जिले के युवाओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा और कौशल विकास का नया अध्याय होगा। यह गोरखपुर का 11वां





राजकीय आईटीआई है, जो पीपीपी मोड पर संचालित होगा।गोरखपुर में तेजी से हो रहे औद्योगिकीकरण ने रोजगार की संभावनाओं को नई दिशा दी है। गीडा क्षेत्र औद्योगिक विकास का केंद्र बन चुका है और इसका बड़ा हिस्सा पिपरौली ब्लॉक में आता है। उद्योगों की बढ़ती श्रृंखला को देखते हुए सरकार ने यहां आईटीआई खोलने का निर्णय लिया। पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने इस पहल को सहयोग देते हुए 16 करोड़ रुपये के सीएसआर फंड से संस्थान का निर्माण कराया है।नरकटहा ग्राम में बने इस आईटीआई में युवाओं को बहुत कम शुल्क पर रोजगारपरक प्रशिक्षण मिलेगा। यहां ड्राफ्ट्समैन (सिविल), सर्वेयर, कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्क मेंटेनेंस, इलेक्ट्रिशियन और फिटर ट्रेड के पाठ्यक्रम संचालित होंगे। कौशल विकास के बाद युवाओं को स्थानीय उद्योगों के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।गोरखपुर में वर्तमान में 10 राजकीय और 103 निजी आईटीआई संचालित हैं। इनमें चरगावां, रेलवे कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी (महिला), बांसगांव, चौरीचौरा, खजनी, बड़हलगंज, कैम्पियरगंज, जंगल कौड़या और भटहट में राजकीय आईटीआई शामिल हैं। जंगल कौड़या और भटहट के आईटीआई पीपीपी मोड पर संचालित हैं। पिपरौली का आईटीआई इस श्रृंखला का 11वां और पीपीपी मोड पर चलने वाला तीसरा संस्थान होगा।पिपरौली क्षेत्र में आईटीआई के उद्घाटन को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है। नगवा गांव के विनोद का कहना है कि यह संस्थान युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण में मददगार साबित होगा। वहीं बाँसपार गांव के राकेश कुमार कहते हैं कि आईटीआई से पासआउट नौजवानों को विदेशों में भी नौकरी मिल जाती है।

### कौशल विकास को मिलेगी नई दिशा

राजकीय आईटीआई का शुभारंभ गोरखपुर के युवाओं को कौशल विकास की नई दिशा देगा। सरकार का उद्देश्य है कि स्थानीय स्तर पर ही युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा मिले और वे औद्योगिक विकास में भागीदार बन सकें। पिपरौली का आईटीआई न केवल गोरखपुर बल्कि आसपास के जिलों के युवाओं के लिए भी अवसरों का द्वार खोलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाकपा माले ने सरकार के नीतियों के खिलाफ ब्लाक कार्यालय का किया घेराव

**सिसवा बाजार.महराजगंज।** भाकपा माले के कार्यकर्ताओ ने प्रदेश सरकार द्वारा जनता पर मनमानी अपनी नीतियों थोपने व बंजर सीलिंग, आबादी परती जमीनों को उद्योगपतियों बेचने सहित बिजली के बढ़ते मूल्य के खिलाफ मोर्चा खोलते हुये सिसवा ब्लाक कार्यालय का घेराव किया। भाकपा माले के जिला सचिव संजय निषाद के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने सरकार के नीतियों के खिलाफ जुलुस निकाल कर ब्लाक कार्यालय का घेराव किया। और राजयपाल को सम्बोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी अर्जुन चौधरी को सौंपा। संजय निषाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सीलिंग, बंजर, परती, आबादी की जमीन नामी गिरामी कंपनियों को देने की नीति बना चुकी है। जिसके कारण सदियों से बसे गरीव परिवारों को अवैध अतिक्रमणकारी बताकर बुल्डोजर से उजाड़ फेकने का अभियान चला रही है। ग्रामीण गरीबों के पास रोजगार नहीं रह गया है। महंगाई चौतरफा बढ़ जाने से प्रत्येक गरीब परिवार माइक्रोफाइनेंस कंपनी (समूह) सूदखोरों के कर्ज, जाल में फंसी है। जिसमें हर गांव से दो-चार परिवार घर छोड़कर भागने को मजबूर हुई है।इस दौरान हारिश, राम आधार, सुग्रीव चौहान, राम निवास, बख्शीश अली, राम किसुन निषाद, प्रेमलाल द्वारपाल सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।





### क्षेत्रीय विधायक ने गन्ना किसानों की सुनी समस्याएं

**सिसवा बाजार. महराजगंज।** स्थानीय आईपीएल चीनी मिल के सिसवा इकाई परिसर मे क्षेत्रीय विधायक ने गन्ना किसानों के साथ बैठक कर उनके समस्याओं को सूना और मिल प्रबंधन से वार्ता कर निराकरण का आश्वासन दिया। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक प्रेमसागर पटेल ने मिल परिसर में पहुंचकर किसान नेताओं और गन्ना लदी ट्रालियां लेकर पहुंचे किसानों संग एक खुली बैठक कर उनकी समस्याओं का सुना। केनयूनियन चेयरमैन संजय राव ने गन्ना मूल्य का जल्दी भुगतान, किसान नेता जितेंद्र बहादुर सिंह एवं चंद्रशेखर लल्ले सिंह ने गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने, मिल की पेराई क्षमता बढ़ाने और मिल गोदाम में खाद, बीज एवं दवाओं की उपलब्धता, आशीष सिंह, मदन राजभर, जितेंद्र वर्मा ने यार्ड में शौचालय का मुद्दा उठाया। गन्ना लेकर आए किसानों ने डोंगा और ऑपरेटर की समस्याएं बताई।जिसके बाद विधायक ने इकाई प्रमुख संदीप पवार एव मिल प्रबंधन से वार्ता कर सुचारु रुप से खाद वितरण, दस सीटों वाले शौचालय का निर्माण सहित अन्य समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।इस दौरान बरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हरिनारायण यादव, प्रशांत शर्मा, गन्ना अधीक्षक शैलेश राव, विनोद यादव, ई.सुरेश खरवार, जितेन्द्र सिंह, जितेन्द्र चौधरी, संजय मौर्य सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।



### जिला जज, डीएम व एसपी ने किया दौरा

**महराजगंज।** जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने सभी बैरकों, बंदियों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन जांच की। इस दौरान किसी भी बैरक से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। जेल अधीक्षक ने बताया कि नियमित रूप से उनके द्वारा तथा स्टाफ द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की चेकिंग की जाती है। निरीक्षण के समय जिला कारागार की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि शातिर किस्म के बंदियों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा समय-समय पर कारागार में निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों की जानकारी उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए।



# ईंट भट्ठे पर मिला युवक का शव

❖ 4 दिसंबर को घर से रिश्तेदारी गया हुआ था

**पायनियर संवाददाता। (अतरौलिया) आजमगढ़**

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से सटे ईट भट्टे के बगल मे अज्ञात व्यक्ति का शव जमीन पर पड़ा मिला । सुबह लगभग 10:30 ईट भट्टे पर काम करने वाले दो मजदूर जो कहीं ईट पहुंचाकर कर जब भट्टे पर पहुंचे, तो ईट बनाने के लिए गिराई गई मिट्टी के ऊपर किसी को लेटे हुए देखे, मजदूरों ने जब नजदीक जाकर देखा तो व्यक्ति मरा हुआ प्रतीत हुआ तुरंत मजदूरों ने इसकी सुचना भट्टा मालिक केशव सिंह को दिया, तो वह मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस



को दिया, तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पहचान में जुट गई । प्रथमदृट्या शव देखने से प्रतीत हो रहा था, कि उसके नाक से खून बह कर जमीन पर गिरा हुआ दिखाई पड़ा, वह पेट के बल लेटा पड़ा था, तथा पैर से जमीन को कुरेदा था । पुलिस को उसके पास से 4 हजार रूपये भी मिले । सूचना पाकर सीओ सगड़ी अनिल वर्मा तथा थानाध्यक्ष अहिरौला अमित कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से पूछताछ की, तथा शव को पहचान के लिए सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से पहचान की कोशिश कराई । इसी दौरान गांव का ही कोई युवक यह बताया कि अमुक व्यक्ति चार दिन पहले इसी गाँव मे सडक के किनारे शराब के नशे में घूम रहा था । इसकी सूचना जनपद के कई पड़ोसी थानों को दी गई, तो जानकारी हुई की अमुक व्यक्ति फूलपुर कोतवाली क्षेत्र का फूलपुर कस्बा निवासी विनोद बरनवाल पुत्र श्री प्रकाश बरनवाल उम्र लगभग 52 वर्ष जो दिल्ली में कहीं प्राइवेट नौकरी करता था, का शव है। पुलिस द्वारा मृतक व्यक्ति के परिजनों से संपर्क करने पर पता चला कि 4 दिसंबर को बुढनपुर के किसी गांव में अपने किसी रिश्तेदार के यहां वह गया था, और तब से अभी तक वापस नहीं आयोमृतक के पास एक पुत्र तथा एक पुत्री है । पुलिस ने इस संदर्भ में ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों से इस्तफाकिया लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम निर्धारित

**पायनियर संवाददाता। आजमगढ़**

डीएम रविन्द्र कुमार ने बताया है कि शासन द्वारा माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गये है। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन अर्थात प्रथम व तृतीय शनिवार को यदि सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो उक्त तिथि का सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जायेगा, जिससे जन समस्याओं के निस्तारण में कोई बाधा न उत्पन्न हो सके।

उक्त के क्रम में जनपद के समस्त तहसीलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित करने हेतु चक्रानुक्रम कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके अन्तर्गत दिनांक 03 जनवरी 2025 को तहसील फूलपुर, 17 जनवरी को निजामाबाद, 07 फरवरी को सदर, 21 फरवरी को मार्टिनगंज, 07 मार्च को बूढ़नपुर, 21 मार्च को मेंहनगर, 04 अप्रैल को सगड़ी, 18 अप्रैल को लालगंज, 02 मई को फूलपुर, 16 मई को निजामाबाद, 06 जून को सदर एवं 20 जून 2025 को तहसील मार्टिनगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 एवं



मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन दिनांक 03 जनवरी 2025 को तहसील कलेक्ट्रेट, मेंहनगर एवं सदर में क्रमश, 17 जनवरी को बूढ़नपुर, सगड़ी एवं कलेक्ट्रेट में क्रमश, 07 फरवरी को फूलपुर, कलेक्ट्रेट एवं मार्टिनगंज में क्रमश, 21 फरवरी को कलेक्ट्रेट, सदर एवं निजामाबाद में क्रमश, 07 मार्च को सदर, मार्टीनगंज एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 21 मार्च को मार्टीनगंज, कलेक्ट्रेट एवं फूलपुर में क्रमश, 04 अप्रैल को कलेक्ट्ेट, निजामाबाद एवं बूढ़नपुर में क्रमश, 18 अप्रैल को लालगंज, बूढ़नपुर एवं कलेक्ट्रेट मे क्रमशः, 02 मई को सगड़ी, कलेक्ट्रेट एवं लालगंज में क्रमश, 16 मई को कलेक्ट्रेट, लालगंज एवं सगड़ी में क्रमश, 06 जून को को मेंहनगर, फूलपुर एवं कलेक्ट्रेट में क्रमश, 20 जून 2025 को निजामाबाद, कलेक्ट्रेट एवं मेंहनगर में क्रमश आयोजित किया जायेगा।

# 110 करोड़ का साइबर फ्रॉड पकड़ा, 15 गिरफ्तार

**पायनियर संवाददाता। आजमगढ़**

में फर्जी ''PM KISAN YOJANA (.APK)'' ऐप/लिंक व इन्वेस्टमेंट स्कीम के जरिये 110 करोड़ रुपये का अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गैंग का भंडाफोड़ पुलिस ने किया है, इसके अलावा 15 अभियुक्त भी गिरफ्तार हुए है, इन अभियुक्तों के पास से 23 मोबाइल फोन, 14 एटीएम कार्ड, 15 सिम सहित भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व घटना में प्रयुक्त 2 कार बरामद भी बरामद हुई है । बता दें कि आजमगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के पर्यवेक्षण में थाना साइबर क्राइम की पुलिस टीम द्वारा संगठित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के साइबर क्राइम गैंग का बड़ा पर्दाफाश किया गया है। गैंग के कुल 15 सक्रिय सदस्य गिरफ्तार किए गए। जानकारी के मुताबिक मुकदमा अपराध संख्या 37/2025, धारा 318(4), 111(4), 317(2) इठर तथा 66ऊ क्ळ अ्ऱ की विवेचना के दौरान दिनांक 30.11.2025 को दो अभियुक्तों परवेज अन्सारी व 2. मो0 कलीम कि गिरफ्तारी की गयी थी, जिसमें मुखबिर व तकनीकी इनपुट के आधार पर ज्ञात हुआ कि मुख्य वांछित अभियुक्त समद उर्फ इमरान अपने गैंग के सदस्यों के साथ लखनऊ में किसी बड़े साइबर फ्रॉड की तैयारी में है। इस सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह मय पुलिस टीम



लखनऊ पहुंचे। हुसड़िया चौराहे के पास दबिश देकर इमरान उर्फ समद व अर्जुन सिंह को दिनांक- 07.12.2025 को गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर ऋ्रटउ होटल व ढथ्रीङ्ग४२ इठइ होटल में छापेमारी कर क्रमशः 13 अन्य अभियुक्त पकड़े गए जिनके पास से कार ग्रान्ड विटारा व अंतिम चरण में होटल पर आई कार क-20 से आए तीन अन्य आरोपी–मोनू चौरसिया, सुल्तान अंसारी व बृजेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में इमरान अली उर्फ समद पुत्र इस्लाम नबी निवासी भण्डपुरा थाना शहजाद नगर जनपद रामपुर उ0प्र, सुल्तान अंसारी पुत्र वकील अंसारी निवासी वेलोनारी पोस्ट बंडिया बांध थाना बेंगा बाँध जनपद गिरीडीह झारखण्ड, अंकित कुमार पुत्र सुरेश सिंह निवासी स्वरूपनगर स्ट्रीट नं0- 16, हा0नं0 463 थाना स्वरूप नगर जनपद अलीपुर दिल्ली । सरफराज पुत्र इसराफिल निवासी ग्राम बैजनाथपारा नूरजहां होटल के पीछे थाना मोधापारा जनपद रायपुर, छत्तीसगढ़ । 5.आदेश सिंह पुत्र अजय कुमार निवासी इ 734 वर्ल्ड बैंक बर्रा कानपुर नगर थाना नौबस्ता जनपद कानपुर उ0प्र0, अमन प्रताप निषाद पुत्र राजेश कुमार निषाद निवासी ओबरा चोपन रोड हा0नं0 04/11 थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उ0प्र0, अमित सिंह पुत्र अंगद सिंह निवासी अवती थाना नक्सर जनपद गाजीपुर उ0प्र, अतुल सिंह चौहान पुत्र कृष्णपाल सिंह चौहान निवासी पकड़िया थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर उ0प्र0, विनायक मालवीय पुत्र स्व0 संजीव कुमार मालवीय निवासी सेक्टर 9 ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उ0प्र0, अर्जुन सिंह पुत्र जितेन्द्र नाथ सिंह निवासी 4 ऋ्ळ 24 सेक्टर 4 ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उ0प्र0, अतुल आनन्द पुत्र मनोज सिंह निवासी फफ मेमोरियल हास्पिटल के पीछे , आलू मिल, चकिया रोड मुगलसराय जनपद चन्दौली उ0प्र0, पकंज पाण्डेय पुत्र जनार्दन पाण्डेय निवासी शास्त्री कालोनी थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उ0प्र0, अभिनव उर्फ मोनू चौरसिया पुत्र कैलाश चौरसिया निवासी रिगौली बाजार थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर उ0प्र0, चन्द्रभूषण सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी उतरौली थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर उ0प्र0, ब्रिजेश कुमार पुत्र शम्भू राम निवासी जमुनीनार पोस्ट कोल्हुआ थाना अधौरा जनपद कैमूर भभूआ बिहार शामिल है ।

### स्वालंबन कैम्प तथा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान का कार्यक्रम हुआ

**आजमगढ़।** निदेशालय महिला कल्याण के आदेश के अनुपालन में जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय आजमगढ़ के स्तर से सोमवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत स्वालंबन कैम्प तथा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेशानुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सठियांव, में जागरूकता कार्यकम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बाल विवाह उन्मूलन तथा सामाजिक जागरूकता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की। बच्चों ने शपथ भी लिया कि वे न तो स्वयं बाल विवाह करेंगे और न ही अपने आस-पास समाज में कहीं भी होने देंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन एवं 181 महिला हेल्पलाइन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# पुलिस की ढिलाई में गई भैंसा गांव के विनोद की जान

❖ मामला गंभीर होने के बाद भी भिटौली पुलिस सिर्फ करती रही छोटे मोटे धाराओं में चालान

❖ लम्बे समय से चल रहा था विवाद, पुलिस ने लिया हल्के में

**पायनियर संवाददाता। महराजगंज**

भिटौली थाने से महज कुछ दूरी पर भैंसा गांव में घटित घटना ने एक बार फिर पुलिस को कटघरे में खड़ी की है।लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद ने आखिरकार एक अधेड़ की जान चली गई। भैंसा गांव में रविवार की शाम हुई



नृशंस हत्या से पूरे इलाके में दहशत और तनाव का माहौल है। मृतक विनोद तिवारी के छोटे भाई राम आशीष तिवारी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि न्यायालय के स्पष्ट स्थगन आदेश है। बावजूद भिटौली पुलिस द्वारा निर्माण कार्य को नहीं रोका गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस हर बार दोनों पक्षों का चालान कर अपने दायित्व से इतिश्री कर लेती थी।जबकि स्थगन आदेश का उल्लंघन करने वाले पक्ष पर एकपक्षीय कार्रवाई होनी चाहिए थी।विनोद तिवारी ने वर्ष 2018 में विवादित भूमि पर न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त किया था। इसके बावजूद बैजनाथ वर्मा के परिवार द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को बार-बार सूचना देने के बावजूद उसने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।यही वजह रही कि विवाद लगातार बढ़ता गया और अंततः हत्या तक जा पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने समय रहते न्यायालय के आदेश का पालन करवाया होता तो यह खून-खराबा टल सकता था। राम आशीष तिवारी ने कहा कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। हर बार दोनों पक्षों का चालान कर खानापूर्ति कर दी जाती रही। उन्होंने सवाल उठाया कि जब न्यायालय का आदेश स्पष्ट था, तो पुलिस ने उल्लंघन करने वाले पक्ष पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की। इस लापरवाही ने ही बैजनाथ वर्मा के बेटे वतन को प्रतिशोध की आग में झोंक दिया।

# गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर डीएम सख्त

- अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**पायनियर संवाददाता। अम्बेडकरनगर**



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में ग्रामीण एवं शहरी निकायों के तहत संचालित गो-आश्रय स्थलों की स्थापना, संचालन और अनुश्रवण से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में गो-आश्रय स्थलों की वर्तमान स्थिति, संरक्षित गोवंशों की संख्या, पोर्टल अपडेट, भरण-पोषण फंड की उपलब्धता और रिक्वेस्ट की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत विकास खंडवार जीवित गोवंश एवं फंड रिक्वेस्ट की प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही नए सहभागियों को गोवंश सुपुर्द करने की स्थिति पर भी विभागीय अधिकारियों से विस्तार से पूछा। बैठक में पराली संग्रहण अभियान (01 नवंबर से 15 दिसंबर 2025), गोचर व चारागाह भूमि पर हरा चारा बुआई, एसएफसी पूलिंग, गोबर निस्तारण हेतु कम्पोस्ट पिट निर्माण आदि बिंदुओं पर भी समीक्षा हुई।

डीएम ने निर्देश दिया कि ठंड से बचाव हेतु तिरपाल, अलाव, काउकोट, सुरक्षा के लिए गार्ड, तथा कंट्रोल रूम से जुड़े सीसीटीवी कैमरों की अद्यतन स्थिति सुनिश्चित की जाए। वृहद गो संरक्षण केंद्र की स्थापना हेतु भूमि चिन्हांकन की प्रगति पर भी चर्चा हुई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित एवं आवारा गोवंश को हर विकास खंड में खंड विकास अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी की मॉनिटरिंग में बनाई गई टीम के माध्यम से पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित किया जाए। नगर पालिका और नगर पंचायतों को भी इसी तरह अभियान चलाने के निर्देश मिले।

बैठक के अंत में डीएम ने कहा कि गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोवंश के संरक्षण, भोजन, सुरक्षा, स्वास्थ्य आदि सभी व्यवस्थाएं संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित की जाएं।

सभी विभागों को पोर्टल अपडेट समयबद्ध तरीके से पूरा करने और पराली संग्रहण व चारा बुआई के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के आदेश दिए गए। डीएम ने यह भी कहा कि वृहद गो संरक्षण केंद्र, सीसीटीवी निगरानी तथा नियमित मॉनिटरिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि जिले में गोवंश संरक्षण की व्यवस्था और अधिक प्रभावी व परिणामकारी हो सके।

## शराब के नशे में पड़े व्यक्ति की मौत

**जलालपुर-अम्बेडकरनगर।** जैतपुर थाना क्षेत्र के विजयनगर चैराहे पर रविवार देर रात शराब के नशे में पड़े 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया जानकारी के अनुसार, गोविंदपुर गांव निवासी जगतपाल दुबे 42 वर्ष पुत्र शंकर दत्त दुबे रविवार देर रात विजयनगर चैराहे पर नशे की हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से उसे जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर जलालपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके परिवार में एक बेटी तथा दो बेटे हैं। लगभग पाँच वर्ष पूर्व उसकी मां की भी मृत्यु हो चुकी है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# 38 गोशालाओं में 4985 गोवंश संरक्षित

- भटकते आवारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में कराया जा रहा संरक्षण

**पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर**



मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में कुल 38 गोशालाएं संचालित हैं, जिनमें 4985 गोवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित किए गए हैं। इसके साथ ही तीन वृहद/अस्थायी गो-आश्रय केंद्र निर्माणाधीन हैंकृग्राम सस्पना अकबरपुर, नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर तथा ग्राम रामकोला विकास खंड रामनगर जिन्हें शीघ्र ही पूर्ण कर संचालन में लाया जाएगा।

तेज ठंड को देखते हुए सभी गो-आश्रय स्थलों में शेड को तिरपाल से कवर करा दिया गया है। साथ ही अलाव जलाने तथा रात में शेड के अंदर पराली बिछाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। पंचायत सचिवों, ग्राम प्रधानों और गोशाला संचालकों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के लिए कहा गया है। 6 दिसंबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जनपद स्तरीय गोशाला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक के बाद सभी विकास खंडों, नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में अभियान चलाकर आवारा गोवंशों को पकड़ने की कार्रवाई तेज कर दी गई है।07 दिसंबर 2025 को विकास खंड कटेहरी में 05 गोवंशॉ 08 दिसंबर 2025 को इस्माईलपुर बेलदहा विकास खंड टांडा में 04 गोवंश पकड़कर गोशालाओं में सुरक्षित पहुंचाए गए हैं। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह ने ग्रामवासियों और किसानों से अपील की है कि आवारा गोवंश पकड़वाने में सहयोग दें, ताकि किसानों की फसलें सुरक्षित रहें और सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कहीं निराश्रित या आवारा गोवंश दिखाई दे, तो तत्काल संबंधित खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव या स्थानीय प्रशासन को सूचना दें।

# आग से टेलर की दुकान जलकर खाक

- तीन लाख से अधिक का नुकसान

**पायनियर संवाददाता। हजपुरा, अंबेडकर नगर**



सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बरियावन बाजार में देर रात सिलाई व रेडीमेड कपड़ों की एक दुकान में लगी आग ने देखते ही देखते बड़े हादसे का रूप ले लिया। अचानक उठी आग की लपटों ने संगम टेलर की दुकान को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया, जिससे तीन लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। दुकानदारों में हड़कंप मच गया और लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। अशरफपुर गांव निवासी फागू राम बरियावन टांडा मार्ग पर संगम टेलर नाम से दुकान चलाते हैं। शनिवार देर रात करीब तीन बजे दुकान से धुआं और तेज लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आग फैलते हुई बगल की टेलरिंग दुकान तक पहुंच गई। धुआं देखकर आदित्य कुमार तुरंत बाहर निकल आए और स्थानीय लोगों के साथ आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलते ही फागू राम भी मौके पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से बाल्टियों व अन्य साधनों से काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक तीन सिलाई मशीनें, एक पिको मशीन, एक इंटरलॉकिंग मशीन, दो सीलिंग फैन, रेडीमेड कपड़े, गद्दा, रजाई, रेडियो, बीस हजार रुपये नकद और ग्राहकों के तैयार कपड़े जलकर नष्ट हो चुके थे। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण माना जा रहा है। दुकानदार का आरोप है कि फायर ब्रिगेड को कई बार फोन किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया। दुकान जल जाने से फागू राम के परिवार की आजीविका पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। राजस्व लेखपाल रोहित कुमार ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट भेज दी गई है और जल्द ही राहत कोष से सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## कर्नल अमित भार्गव ने डीएम को लगाया प्रतीक झण्डा

**प्रयागराज।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कार्यालय द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को अवकाश प्राप्त कर्नल अमित भार्गव जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, प्रयागराज ने प्रतीक झण्डा लगाया तथा जिलाधिकारी ने स्वैच्छिक अंशदान देकर धन संग्रह का शुभारम्भ किया। समस्त जनपद वासियों सभी अधिकारियों से देश की सुरक्षा एवं अखण्डता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों की वीरांगनाओं, अपंग सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों के सहायतार्थ इस राष्ट्रीय कार्य में दिल खोलकर अधिक से अधिक दान देने की अपील की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया गया।

# नाजरेथ अस्पताल में स्वर्ण जयंती के दूसरे दिन भी मना उत्सव

**पायनियर संवाददाता। प्रयागराज**

प्रयागराज के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में से एक नाजरेथ अस्पताल में रविवार को स्वर्ण जयंती समारोह के दूसरे दिन भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सेंट जोसेफ कॉलेज ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। जिसमें अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता कमलेश त्रिपाठी और प्रयागराज के प्रतिष्ठित सामाजिक व्यक्तित शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में फादर आईवन संतोष डायस और सिस्टर लता सीएसएन उपस्थित रहीं। जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ टी बी सिंह रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### मेजर अमर बहादुर को दी श्रद्धांजलि



**बदलापुर/ जौनपुर।** स्थानीय बाजार में स्थित मेजर अमर बहादुर सरस्वती सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर में भाजपा नेता व समाजसेवी स्व. मेजर अमर बहादुर सिंह की 17वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संजय सिंह द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक-अध्यापिकाओं व छात्र-छात्राओं ने मेजर साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्रबंधक ने संस्थापक के जीवन संस्मरण पर प्रकाश डालते हुए कहाकि मेजर साहब अमूल्य प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। समाजसेवा करना उनके व्यक्तित्व में समाहित था, शिक्षा के प्रति उनका जो झुकाव था उसे लोग आज भी याद करते हैं। राजा हरपाल सिंह इंटर कालेज सिंगरामऊ में 40 वर्षों तक हिंदी प्रवक्ता पद पर सेवा देते हुए असंख्य विद्यार्थियों को खेल व शिक्षा के क्षेत्र में मदद दी। उन्ही यादों को संजोए रखने के लिए यह विद्यालय शिक्षा दान में कोई कोर कसर बाकी नहीं रख रहा है। उन्ही की याद में इस विद्यालय में हाईस्कूल की सौ छात्राओं को निःशुल्क दो साल पढ़ाया जाता है।साथ ही ड्रेस भी दिया जाता है। अरविंद दूबे, सौरभ दूबे, पूजा मिश्रा, प्रांजलि दूबे, पूनम सिंह, अर्पिता रावत, अनीता पांडेय, सोनी सिंह, राकेश उपाध्याय, बृजेश यादव उपस्थित रहे।

### 230 लीटर कच्ची देशी शराब नष्ट



**अम्बेडकरनगर।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भीटी पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 आबकारी अभियोगों में जब्त 230 लीटर कच्ची व देशी शराब को नियमानुसार नष्ट कर दिया। कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर फोटो व वीडियोग्राफी के साथ सम्पन्न हुई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के मार्गदर्शन में गठित टीम ने क्षेत्र में संचालित अवैध शराब गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अभियान चलाया। इसी क्रम में थाना भीटी क्षेत्र में दर्ज आबकारी अभियोगों से संबंधित बरामद शराब को नष्ट किया गया।कार्रवाई के दौरान लक्ष्मीकांत मिश्रा, क्षेत्राधिकारी भीटी मुकेश कुमार, आबकारी निरीक्षक अमित कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक भीटी सहित पुलिस व आबकारी टीम मौजूद रही। प्रशासन का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### ऑटोनॉमस लॉजिस्टिक ड्रोन का सफल परीक्षण

**जौनपुर।** तकनीक भारत की भौगोलिक वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर विकसित की गई है। विशेषकर तात्कालिक शिपमेंट्स के लिए। देवरिया को इस पायलट के लिए इसलिए चुना गया व्यापक और कई बार दुर्गम ग्रामीण आबादी की सेवा करता है डेल्हीवरी ने आज अपने ऑटोनोमस वर्टिकल टेक-ऑफ एंड लैंडिंग (वीटीओएल) ड्रोन तकनीक का सफल परीक्षण किया। सांसद श्री शशांक मणि की उपस्थिति में किया गया आज डेल्हीवरी द्वारा किया गया यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि किस प्रकार तकनीक का उपयोग हमारे ग्रामीण नागरिकों के 'ईज़ ऑफ लिविंग' को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। 'विकसित देवरिया' परियोजना और 'अमृत प्रयास' मिशन को प्रोत्साहित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर हम ऐसी डीप-टेक इनोवेशन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो एक डिजिटल रूप से जुड़े एवं सुलभ जिले के हमारे विज़न और इनोवेटिव उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# बड़ों का देखकर सीखते, समझते हैं बच्चेः स्वामी ध्रुव चैतन्य

- स्वामी ध्रुव चैतन्य सरस्वती, डा कृष्णा गुप्ता ने बच्चों को किया प्रेरित
- एमपीवीएम में 'मिनी मार्वल्स इन मोशन' थीम पर आधारित वार्षिक खेल दिवस संपन्न

**पायनियर संवाददाता। प्रयागराज**

महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर तेलियरगंज के विशाल प्रांगण में मिनी मार्वल्स इन मोशन की जीवंत थीम के तहत वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम एथलेटिक्स प्रतिभा, रचनात्मक ड्रिल और छात्रों की अदम्य भावना का शानदार प्रदर्शन था। मुख्य अतिथि स्वामी ध्रुव चैतन्य सरस्वती अध्यक्ष, सुबोधानंद फाउंडेशन, ऋषिकेश और हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना थे। इस अवसर पर विद्यालय की सचिव डॉ कृष्णा गुप्ता, कोषाध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता, निदेशक रेखा वैद्य और यशोवर्धन, गंगागुरुकुलम की प्रधानाचार्या माधुरी श्रीवास्तव, पतंजलि ऋषिकुल के प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह और पतंजलि नर्सरी स्कूल की हेडमिस्ट्रेस विभा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। सभी का स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना डे ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के ध्वजारोहण के बाद खेल महोत्सव के उद् घोषणा के साथ नन्हे मुन्ने बच्चों ने मशाल हाथ में लेकर पूरे मैदान का चक्कर लगाया। परिसर नन्हे मुन्ने बच्चों के अतिशय उत्साह एवं किलकारियों से गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 4 और 5 के छात्रों द्वारा एक स्वागत नृत्य रिदम ऑन द रनवे से हुई।

कक्षा एक की ड्रिल नाइट्स टू डाइस में शतरंज के मोहरों और लूडो काउंटरों के रूप में तैयार छोटे बच्चों ने रणनीतिक सोच को उजागर करते हुए ड्रिल का प्रदर्शन किया।

## पीडीए उपाध्यक्ष को अवमानना नोटिस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषि राज को अवमानना नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकल पीठ ने मंजू अग्रवाल की अवमानना याचिका पर यह आदेश दिया है। कहा है कि आदेश का अनुपालन हलफनामा दाखिल करें अथवा यह बताएं कि क्यों न उनके विरूद्ध अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। अगली सुनवाई 16 मार्च 2026 को होगी।प्रयागराज के खानूपुर झूंसी तहसील फूलपुर, स्थित भूखंड संख्या 53 का अधिग्रहण किया गया था। इसके निकट स्थित याची के भूखंड 54 का अधिग्रहण नहीं किया गया था। प्राधिकरण ने कहा याची प्लॉट संख्या 53 की 436 वर्ग मीटर भूमि प्लॉट संख्या 54 के 436 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के बदले में दी जाएगी। किंतु उसे विकास शुल्क का भुगतान करना होगा। याची ने 70 हजार रुपए जमा कराएं, प्राधिकरण ने इसके बाद याची को तीन अप्रैल 2007 को एक पत्र जारी कर 3,86,835 रुपये मांगे। हाईकोर्ट ने कहा था कि याची 2.78 लाख रुपए की राशि प्राधिकरण में जमा करे और ऐसा होने पर प्राधिकरण सचिव प्लॉट संख्या 53 पर 436 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का शांतिपूर्ण कब्जा याची को छह सप्ताह के भीतर सौंपेंगे।

# परंपरागत खेलों की तरफ ध्यान दें विद्यार्थीः प्रो सत्यकाम

**पायनियर संवाददाता। प्रयागराज**



उत्तर प्रदेश सरकार के अत्यंत महत्वपूर्ण मिशन समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को उच्च शैक्षिक तकनीकी प्रबंधन संस्थानों एवं विश्वविद्यालय में भ्रमण की योजना के क्रम में सोमवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रतापगढ़ के छात्र छात्राओं ने प्रधानाचार्य सारिका मालवीय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया। जिसमें उन्होंने मुक्त विश्वविद्यालय की शैक्षिक कार्य प्रणाली को विस्तार से समझने का प्रयास किया। मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सत्यकाम ने विद्यार्थियों से कहा कि वह परंपरागत खेलों की तरफ ध्यान दें। खेलना इसलिए जरूरी है कि खेलने से मन खुश हो जाता है और उससे ऊर्जा का संचार होता है। जिससे पढ़ाई में मन लगता है। मोबाइल का उपयोग कम से कम करें। साहित्य को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। प्रसिद्ध रचनाकारों की कविता व कहानी को स्मरण करें। यह विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में हर तरह की सहायता के लिए उपलब्ध है। यह मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षार्थियों के द्वार तक शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से शैक्षिक भ्रमण का संयोजन प्रो देवेश रंजन त्रिपाठी ने किया। विश्वविद्यालय की ओर से प्रत्येक समूह का मार्गदर्शन सहायक आचार्य डॉ सोहनी देवी, डॉ नीता मिश्रा, डॉ दीपशिखा श्रीवास्तव, डॉ कामना यादव एवं डॉ सुषमा सिंह ने किया।राजकीय विद्यालय की ओर से प्रत्येक समूह के साथ उनके शिक्षक सीमा तिवारी, अर्चना कुशवाहा, संगम एवं विनोद जायसवाल आदि उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय आगमन पर समूह का स्वागत कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। भ्रमण के द्वितीय चरण में सरस्वती परिसर स्थित विद्या शाखा में गए जहां संबंधित निदेशकों तथा अध्यापकों ने विभिन्न कार्यक्रमों और कोर्स के संबंध में विस्तार से सूचनाएं उपलब्ध कराई। प्रो आशुतोष गुप्ता ने शिक्षकों को मुक्त शिक्षा संचालन के विभिन्न गुणात्मक पहलुओं की जानकारी देते हुए उन्हें संबल प्रदान किया। तीसरे चरण में छात्राओं और अध्यापकों ने विश्वविद्यालय के विशाल पुस्तकालय का अवलोकन कर विभिन्न पुस्तकों के संबंध में अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया तथा भविष्य में वह भी इस पुस्तकालय का उपयोग कर सके ऐसा निवेदन किया।

## ऊर्जा मंत्री ने दिखाई संवेदनशीलता

**प्रयागराज।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एक और बड़ी राहत प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पहले 31 मार्च 2025 के बाद आंशिक भुगतान कर चुके उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया था। जिससे अनेक उपभोक्ता योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। विभिन्न जनपदों के दौरे और विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने मंत्री ए के शर्मा से अपील की है कि अप्रैल, मई, जून आदि महीनों में उन्होंने कुछ न कुछ भुगतान अवश्य किया है, किंतु फिर भी उनका काफी बकाया शेष है, इसलिए उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाए। उपभोक्ताओं की इस पीड़ा और वास्तविक स्थिति को समझते हुए ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने अत्यंत संवेदनशीलता के साथ अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं को योजना के लाभ से वंचित न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिकतम लोगों को राहत देना है, इसलिए भुगतान कर चुके किन्तु अब भी बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिलना चाहिए।

# 75 वर्ष बाद माघ मेले का बना है अद्भुत संयोग

- कुंभ स्नान के बराबर ही मिलेगा इस वर्ष माघ मास में स्नान करनाः ब्रह्मश्रम महाराज

**पायनियर संवाददाता। प्रयागराज**



संगम की रेती पर एक बार फिर से माघ मेला का दिव्य और भव्य आयोजन होने जा रहा है। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक मेले में ऐसा मुहूर्त आया है कि जो लोग महाकुंभ में नहीं आया था। वह इस माघ मेले में आकर पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। इस बार 75 वर्षों के बाद यानि 76वें वर्ष में सूर्य मकर राशि में अपने ही दिन यानी रविवार को प्रवेश कर रहे हैं। जिससे माघ मेले में अद्भुत संयोग बना रहा है। यही वजह है कि योगी सरकार भी माघ मेला 2025 26 को मिनी कुंभ के तौर पर आयोजित कर रही है। संगम की रेती पर तंबुओं का शहर आकर अब तेजी से आकार ले रहा है, लेकिन इस बार माघ मेले में ऐसा अद्भुत संयोग बन रहा है कि जो लोग महाकुंभ में नहीं आ सके। इस माघ मेले में आकर पुण्य के भागी बन सकते हैं। अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मश्रम महाराज ने बताया कि माघ मेला परंपरागत है और अनादि काल से चला रहा है। बताया कि कुंभ, महाकुंभ और माघ मेले मुहूर्त पर लगते हैं। उन्होंने बताया कि माघ मास में जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं। तब माघ मेला लगता है। उन्होंने कहा है कि इस बार आदित्य यानी सूर्य का योग सूर्य के दिवस से ही शुरू हो रहा है जिस दिन सूर्य उत्तरायण होंगे। उस दिन रविवार है यह अद्भुत संयोग 75 वर्षों बाद 76 वें वर्ष में हो रहा है। रविवार को आदित्यवार भी कहा गया है। पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मश्रम महाराज ने बताया कि इस संयोग में संगम की त्रिवेणी में स्नान और दान का विशेष महत्व है और इससे जनमानस का भी कल्याण होगा। उन्होंने बताया कि कुंभ के दौरान स्नान करने से जिस पुण्य की प्राप्त होती है, वही पुण्य इस बार के माघ मेले में स्नान से भी प्राप्त होगा। पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मश्रम महाराज ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ सकती है इसलिए साधु, संतों के शिविरों में भी लोगों के रहने और भोजन की खास तैयारी की जा रही है। वहीं योगी सरकार भी महाकुंभ के बाद आयोजित होने जा रहे इस माघ मेले को मिनी कुंभ के तौर पर आयोजित कर रही है। माघ मेलाधिकारी ऋषिराज ने बताया कि सरकार ने माघ मेले के क्षेत्रफल को 750 हेक्टेयर से बढ़कर 800 हेक्टेयर कर दिया है। मेले में एक अतिरिक्त सेक्टर बनाया जा रहा है। 6 के बजाए अब 7 सेक्टर बनाया जा रहा है। एक अतिरिक्त पांटून ब्रिज छह के बजाए सात पांटून ब्रिज बनाए जा रहे हैं।

## अरूणोदय परिवार की एक और शाखा खुल रहीः डा. अरूण

**जौनपुर।** अरूणोदय परिवार की एक और शाखा खुल रही है जो जौनपुर–भदोही सीमा पर स्थित राम रायपुर में है। उक्त अस्पताल का उद्घाटन 11 दिसम्बर दिन गुरूवार को प्रातः 11 बजे श्री अड़गड़ानन्द जी महाराज के शिष्य नारद जी महाराज करेंगे। उक्त बातें नगर के कलीचाबाद में स्थित अरूणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेण्टर के संचालक/जनरल सर्जन डा. अरूण आर. सिंह ने पत्र–प्रतिनिधि से सोमवार को हुई एक भेंट के दौरान कही। डा. सिंह ने आगे बताया कि उक्त अस्पताल में बीमा कार्डधारकों के लिये विशेष छूट रहेगी। योग्य चिकित्सकों से युक्त उक्त अस्पताल में मरीजों के लिये समस्त सम्बन्धित सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। डा. अरूण ने बताया कि शीघ्र ही अस्पताल में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत भी मरीजों का उपचार होगा।

**11 को नारद महाराज करेंगे उद्घाटन**



# बिजली बिल राहत योजना शिविर का निरीक्षण

**पायनियर संवाददाता। जौनपुर**



प्रदेश सरकार के मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग/प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने जौनपुर प्रवास के दौरान खानपुर ग्राम में आयोजित बिजली बिल राहत योजना शिविर का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर की सभी व्यवस्थाओं, पंजीकरण प्रक्रिया तथा लाभार्थियों को दी जा रही जानकारी का मूल्यांकन किया। मंत्री ने सुनिश्चित किया कि प्रत्येक उपभोक्ता को योजना की सही जानकारी और सहज सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

**80 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण, योजना के प्रति दिखा उत्साह :** शिविर में बीते दिवस कुल 80 विद्युत उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया। कई उपभोक्ता लंबे समय से बकाया बिल को लेकर परेशान थे, लेकिन योजना के प्रति मिले सकारात्मक माहौल ने उनमें राहत और विश्वास बढ़ाया। उपभोक्ताओं ने इसे सरकार की ओर से दी जा रही ऐतिहासिक सहायता बताया, जिससे उनके आर्थिक बोझ में भारी कमी आएगी।

**31 मार्च के बाद भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को भी मिलेगा लाभ :** निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने महत्वपूर्ण घोषणा की कि 31 मार्च के बाद भुगतान करने वाले उपभोक्ता भी अब बिजली बिल राहत योजना का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी पात्र उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें योजना से जोड़ने की प्रक्रिया तेज़ की जाए। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र उपभोक्ता लाभ से वंचित न रहे।

**31 दिसंबर तक पंजीकरण पर 25% तक की विशेष छूट :** ऊर्जा मंत्री ने ग्रामीणों से अपील की कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली का बकाया है, वे अवश्य पंजीकरण कर इस योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 31 दिसंबर तक पंजीकरण करने वाले उपभोक्ताओं को मूलधन में 25% तक की विशेष छूट दी जाएगी। इसके बाद यह छूट कम हो जाएगी, इसलिए उपभोक्ताओं को प्रथम चरण में ही अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने की सलाह दी गई।उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना प्रदेश सरकार की गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत देने की एक ऐतिहासिक पहल है। गांव-गांव शिविर आयोजित कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सुविधा सीधे लोगों तक पहुंचे और उन्हें किसी भी स्तर पर कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारी, विद्युत उपभोक्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## भारत-रूस में साझेदारी
# नई आर्थिक संरचना की घोषणा

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में 5 दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में एक सक्रिय और आवश्यक घटक है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल एक कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थायी प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं। इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा दृष्टिकोण की दृढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में, जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने 'भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030' नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली एक साहसिक पहल भी है। भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रुपये और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है। शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढ़ांचे को सुदृढ़ करेगा। फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्टरी की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है।

# लोकतंत्र की जिम्मेदारी और सहभागिता की अनिवार्यता

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर लोकतंत्र किसी भी राष्ट्र का केवल राजनीतिक ढांचा नहीं बल्कि सामाजिक चेतना, नागरिक अधिकारों और जनभागीदारी की संयुक्त अभिव्यक्ति है। विश्व के हर बड़े लोकतंत्र भारत, अमेरिका फ्रांस, जापान, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका ने यह स्पष्ट रूप से सीखा है कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के बिना लोकतांत्रिक संस्थाएँ मात्र औपचारिक ढाँचे में बदलकर रह जाती हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि ऐसे समय में मतदाताओं का मतदान के प्रति उत्साह किसी भी राष्ट्र के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य का सबसे विश्वसनीय सूचक माना जाता है। जब नागरिक स्वयं यह मान लें कि लोकतंत्र केवल सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा एक सामाजिक अनुशासन है, तब मतदान का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। इसी व्यापक दृष्टि के साथ आज मंगलवार, 2 दिसंबर 2025 को गोंदिया नगर परिषद के नगर अध्यक्ष और दो पार्षदों के लिए मतदान केवल एक स्थानीय नागरिक दायित्व नहीं, बल्कि वैश्विक लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। किसी छोटे नगर में होने वाला एक वोट भी विश्व लोकतंत्र के उस विशाल कैनवास पर प्रभाव छोड़ता है, जहाँ नागरिक भागीदारी, राजनीतिक स्थिरता और सामाजिक उत्तरदायित्व आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। मतदान का हर कदम इस तथ्य को मजबूत करता है कि लोकतंत्र तभी सुरक्षित है जब उसका हर नागरिक खुद को इस व्यवस्था का सक्रिय रक्षक समझता है। गोंदिया जैसे नगर में यदि मतदान का प्रतिशत अधिक होता है, तो यह सिर्फ एक स्थानीय उपलब्धि नहीं होगी, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक परंपरा को वैश्विक स्तर पर यह संदेश देगा कि यहाँ के नागरिक हर परिस्थिति में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सर्वोच्च महत्व देते हैं। आज विश्व में कई लोकतंत्र मतदाता उदासीनता, गलत सूचना और जन विश्वास संकट से गुजर रहे हैं। उनके मुकाबले यदि किसी भारतीय नगर में 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की आवाज उठती है, तो यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व लोकतांत्रिक समुदाय के लिए प्रेरणा का विषय बन सकता है।




साथियों बात अगर हम मतदाताओं का उत्साह:लोकतंत्र को मजबूत बनाने की सार्वभौमिक शक्ति है इसको समझने की करें तो, विश्व इतिहास में कई ऐसे उदाहरण मौजूद हैं जहाँ कम मतदान या मतदाता उदासीनता ने लोकतंत्र को कमजोर किया और राजनीतिक ढाँचों को अस्थिरता की ओर धकेल दिया। राजनीतिक अस्थिरता, जन असंतोष, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अक्षमताएँ अक्सर वहीं अधिक पनपती हैं जहाँ नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कम करते हैं। इसके विपरीत, जहाँ मतदाता जागरूक होते हैं और 70-80 प्रतिशत या उससे भी अधिक मतदान दर दर्ज की जाती है, वहाँ की राजनीतिक प्रणाली अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सहभागी बनती है। मतदाताओं का उत्साह केवल वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहता बल्कि राजनीति में जनता की भूमिका को उच्च स्तर पर ले जाता है। यह उत्साह राजनीतिक दलों को भी संदेश देता है कि जनता अब निष्क्रिय नहीं है;वह शासन, निर्णय और नीतियों पर नजर रखती है। इस जागरूकता से शासन तंत्र में सुधार, अधिक पारदर्शिता, कुशल सेवा वितरण और नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप नीतियों का निर्माण सहज और सटीक रूप से आगे बढ़ता है। साथियों बात अगर हम जागरूक मतदाता बनने की वैश्विक जिम्मेदारी लोकतंत्र को 100 प्रतिशत भागीदारी तक ले जाने का संकल्प करने की करें तो, 21वीं सदी की राजनीति में वैश्विक लोकतंत्र अनेक दबावों से गुजर रहा है डिजिटल गलत सूचना, सोशल मीडिया पर पूर्वाग्रह निर्माण, चुनावों में धन बल का प्रभाव, राजनीतिक ध्रुवीकरण, और नॉन डेमोक्रेटिक विचारधाराओं का उभार। ऐसे समय में जागरूक मतदाता होने का अर्थ केवल मतदान करना नहीं, बल्कि सूचित मतदान, विवेकपूर्ण निर्णय औरसामाजिक जिम्मेदारी निभाना भी है जागरूक मतदाता तीन प्रमुख भूमिकाएँ निभाता है (1)तथ्यों पर आधारित निर्णय लेने वाला नागरिक, (2) लोकतंत्र को दिशा देने वाला सक्रिय सहभागी, (3) वैश्विक लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षक और संवाहक। इस संदर्भ में 100 प्रतिशत भागीदारी केवल एक सांख्यिकीय लक्ष्य नहींबल्कि लोकतांत्रिक आदर्शवाद का आधुनिक रूप है। दुनिया के लोकतांत्रिक विशेषज्ञ आज यह तर्क देते हैं कि जितनी अधिक भागीदारी, उतना अधिक मजबूत लोकतंत्र। 100 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य एक नगर या शहर की सीमाओं से बहुत आगे जाकर राष्ट्र और विश्व को यह संदेश देता है कि नागरिक लोकतंत्र के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। गोंदिया नगर अगर 100 प्रतिशत मतदान की दिशा में कदम बढ़ाता है, तो यह केवल स्थानीय स्तर पर स्वर्णिम क्षण नहीं होगा, बल्कि यह विश्व लोकतंत्र के लिए एक नया अध्याय होगा जो यह बताएगा कि विकसित होते समाज में नागरिकों की सक्रियता किस तरह लोकतांत्रिक ढांचे को नई ऊर्जा से भर देती है। आज, जब कई देशों में मतदान प्रतिशत गिर रहा है, भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के छोटे नगर यदि 100 प्रतिशत मतदान की मिसाल रखते हैं, तो यह लोकतंत्र के भविष्य को लेकर एक सकारात्मक वैश्विक संदेश है कि राजनीतिक व्यवस्था में जनता की भागीदारी अभी भी सबसे शक्तिशाली परिवर्तनकारी शक्ति है। साथियों बात अगर हम आज 2 दिसंबर 2025 को गोंदिया में मतदान:स्थानीय कर्तव्य से वैश्विक प्रतिबद्धता तक की यात्रा इसको समझने की करें तो, आज 2 दिसंबर 2025 को गोंदिया नगर परिषद चुनाव में मतदान करना केवल एक व्यक्तिगत दायित्व नहीं बल्कि वह वैश्विक विमर्श भी है जो लोकतंत्र की रक्षा और सुदृढ़ीकरण के लिए विश्व स्तर पर चल रहा है। जब एक नागरिक सुबह उठकर मतदान केंद्र तक जाता है, अपनी पहचान दर्ज कराता है, और ईवीएम मशीन के सामने खड़े होकर एक बटन दबाता है तो यह एक साधारण घटना लग सकती है। लेकिन वास्तव में यह वैश्विक लोकतंत्र की बुनियाद में जुड़ने वाली एक महत्वपूर्ण अमूल्य ईंट होती है। साथियों बातें कर हम विश्वभर में कई सामाजिक वैज्ञानिक के विचारों को समझने की करें तो वे यह मानते हैं कि लोकतंत्र और नागरिक भागीदारी के बीच जितना गहरा संबंध भारत जैसे देशों में देखने को मिलता है, उतना कम ही अन्य स्थानों पर दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि यहाँ लोकतंत्र जन आंदोलनों संघर्षों और सामाजिक जागृति की लंबी यात्रा से विकसित हुआ है। इसलिए भारत का हर नागरिक अपने वोट के महत्व को भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक सभी आधारों पर गंभीरता से समझ सकता है। गोंदिया के चुनावों में मतदान करने के बाद महसूस होने वाला गर्व केवल इसलिए नहीं है कि हमने अपना दायित्व निभाया, बल्कि इसलिए भी कि आपने विश्व लोकतंत्र के स्वास्थ्य में अपना योगदान दिया। आपका यह वोट वैश्विक समुदाय को यह बताता है कि नागरिक चाहे किसी भी स्तर के चुनाव में हों नगरा जिला, राज्य या केंद्र उनकी चेतना राजनीतिक स्थिरता और लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा के लिए पूरी तरह जागृत है। साथियों बात अगर हम मतदानः राजनीतिक संस्कृति का सशक्त स्तंभ इसको समझने की करें तो, राजनीतिक संस्कृति केवल सरकार, संविधान या राजनीतिक दलों से नहीं बनती, यह बनती है नागरिक चेतना से। मतदान इस संस्कृति का सबसे सशक्त स्तंभ है। यह नागरिकों को यह अहसास दिलाता है कि वे केवल शासन के विषय नहीं बल्कि व्यवस्था के निर्माता हैं। मतदान यह सुनिश्चित करता है कि (1) सत्ता जवाबदेह बनी रहे, (2) नीतियाँ जनता-केंद्रित रहें, (3) नेताओं का चुनाव मेरिट, नीतियों और जनहित के आधार पर हो, (4) समाज में समानता, न्याय और पारदर्शिता की भावना बने। जब नागरिक मतदान से दूर रहते हैं, तो वे अनजाने में अपने भविष्य के निर्णयों का अधिकार दूसरों को सौंप देते हैं। लेकिन जब वे सक्रिय होकर आगे आते हैं, तो लोकतंत्र अधिक स्थिर, मजबूत और जन-उत्तरदायी बनता है।

साथियों बात अगर हम गलत सूचना, ध्रुवीकरण और वैश्विक चुनौतियों के युग में मतदान क़े महत्व को समझने की करें तो, आज दुनिया का हर बड़ा लोकतंत्र गलत सूचना, गहरे राजनीतिक ध्रुवीकरण, और डिजिटल प्रोपेगेंडा जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और डिजिटल इकोसिस्टम ने सूचनाओं को तेज बनाया है, परंतु उनकी विश्वसनीयता को कमजोर भी किया है। ऐसे माहौल में नागरिकों के लिए सूचित निर्णय लेना आसान नहीं रहा। इसलिए जागरूक मतदाता का महत्व और बढ़ जाता है। वह (1) तथ्य और अफवाह के बीच अंतर करता है, (2) प्रचार और वास्तविकता को अलग पहचानता है, (3) मताधिकार को भावनाओं नहीं, विवेक से जोड़ता है, (4) और राजनीतिक भाषा के बजाय नागरिक हितों को प्राथमिकता देता है। गोंदिया में मतदान कर लौटना इस जागरूकता का प्रमाण है कि नागरिक तथ्य आधारित निर्णय लेते हैं और लोकतंत्र को गलत सूचना तथा भ्रामक प्रचार के हमलों से बचाने के लिए तैयार हैं।

साथियों बात अगर हम 100 प्रतिशत मतदान का संकल्पः केवल लक्ष्य नहीं, नागरिक चेतना का प्रतीक इसको समझने की करें तो, 100 प्रतिशत मतदान किसी चुनाव आयोग के अभियान का नारा भर नहीं है। यह नागरिक चेतना का वह स्तर है जहाँ लोग समझते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनाव दिवस पर सक्रिय होने से नहीं, बल्कि हर चुनाव में अपनी भूमिका निभाने से आगे बढ़ता है। यदि गोंदिया 100% मतदान का लक्ष्य प्राप्त कर लेता है, तो यह भारत के लिए ही नहीं, बल्कि विश्व लोकतंत्र के लिए एकऐतिहासिक संदेश होगा, कि एक नगर भी वैश्विक लोकतंत्र को नई दिशा दे सकता है।

# जीडीपी ग्रोथ-जीएसटी सुधार से हुआ चमत्कार

**बीपी गौतम**

**क्योंकि गत वित्त वर्ष की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था औसत से कम 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। विनिर्माण उत्पादन में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.7 प्रतिशत और पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत थी, वहीं निर्माण क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी।**

भारत की जीडीपी ग्रोथ ने अर्थशास्त्रियों को भी स्तब्ध कर दिया है। जीडीपी ग्रोथ के पीछे कई कारण हैं पर, सबसे बड़ा कारण जीएसटी में किया गया सुधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के चलते जीएसटी सुधार से ही चमत्कार हुआ है। देश के अंदर उत्पादन बढ़ा है पर, जीडीपी ग्रोथ को बनाये रखने के लिये उपभोग भी बढ़ाना होगा। मध्यम वर्ग अभी आशंकित है, वह पूंजी को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहा है, इसलिए मध्यम वर्ग का विश्वास जीतना होगा। आरबीआई को मध्यम वर्ग के लिए राहत देनी होगी, वहीं डॉलर की तुलना में रुपया कमजोर होता दिख रहा है। हालांकि देश के अंदर रूपये को लेकर कोई अनिश्चितता नहीं है। आम नागरिक भी समझ गया है कि डोनाल्ड ट्रंप की हठधर्मिता से हालात बिगड़ रहे हैं लेकिन, सरकार को स्वाभिमान की रक्षा करते हुये अमेरिका के साथ भी व्यापारिक रिश्ते सहज करने होंगे, इसी विषय पर चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम...

सितंबर में समाप्त हुए भारत की दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उम्मीद से बेहतर रहे हैं, इस दौरान 8.2 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रही है, जो गत छः तिमाहियों में सबसे अधिक है, यह ग्रोथ उम्मीदों से कहीं अधिक है, इसने अर्थशास्त्रियों को भी स्तब्ध कर दिया है। मजबूत मैन्युफैक्चरिंग और खपत ने जीडीपी उछाल में अहम भूमिका निभाई है। गत वित्त वर्ष-2024-25 की इसी तिमाही में यह ग्रोथ 5.6 फीसदी थी, वहीं चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में यह 7.8 फीसदी थी, जो पांच तिमाहियों का सबसे ऊंचा स्तर था। भारतीय रिजर्व बैंक के 7 फीसदी के अनुमान से भी यह ग्रोथ काफी अधिक है। नॉमिनल जीडीपी यानी, महंगाई को एडजस्ट किए बिना आर्थिक वृद्धि इस तिमाही में 8.7 फीसदी रही। ध्यान देने वाली विशेष बात है कि पहली तिमाही में नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ तीन तिमाहियों के निचले स्तर 8.8 फीसदी पर आ गई थी। जीडीपी के मजबूत आंकड़ों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुये शुक्रवार को कहा कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2




प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यम को दर्शाती है। नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर बहुत उत्साहजनक है। यह हमारी विकास-समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को दर्शाती है। यह हमारे लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यमशीलता को भी दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सुधारों को आगे बढ़ाती रहेगी और प्रत्येक नागरिक के लिए जीवन की सुगमता को मजबूत करेगी। जानकारों का कहना है जीडीपी में उछाल त्योहारों से पहले बढ़ी खपत और हाल में लागू जीएसटी सुधारों से संभव हुआ है, जिसने बाजार में अतिरिक्त मांग पैदा की और आर्थिक गतिविधियों को गति दी, यह विस्तार चीन के 4.8 प्रतिशत से अधिक रहा, यह उच्च सार्वजनिक निवेश, सेवाओं की मांग, औद्योगिक उत्पादन और फर्म उपभोग के अलावा निम्न आधार के सांख्यिकीय प्रभावों के कारण हुआ है, क्योंकि गत वित्त वर्ष की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था औसत से कम 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। विनिर्माण उत्पादन में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.7 प्रतिशत और पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत थी, वहीं निर्माण क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी। भारतीय अर्थ व्यवस्था के लिये वित्त वर्ष-2025-26 की दूसरी तिमाही खुशी लेकर आई। जीडीपी आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मिले-जुले एवं उत्साहवर्धक संकेत लेकर आए हैं। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में जीडीपी 5.6 प्रतिशत थी। दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े बीती छः तिमाहियों में सर्वाधिक हैं। नए आंकड़ों में वाणिज्यिक वाहनों और कृषि क्षेत्र में तेजी की बात कही गई है, वहीं निजी कारों की सुस्त बिक्री ने मध्यम वर्ग की चुनौतियों को भी उजागर किया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी किये गये ताजा आंकड़ों में रोचकता दिखाई दे रही है। वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती आवाजाही और निर्माण क्षेत्र में आई तेजी ने औद्योगिक गतिविधियों को नई गति प्रदान की है, वहीं निजी कारों की घटती बिक्री ने मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति पर सवाल कर दिए हैं, जिससे बेहतर आंकड़ों के बावजूद मध्यम वर्ग के लिए अभी चुनौतियां कम नहीं हुई हैं। अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ी राहत लॉजिस्टिक्स सेक्टर से मिली है। वाणिज्यिक वाहनों को आर्थिक गतिविधियों का बैरोमीटर माना जाता है, इनकी बिक्री बढ़ी है। पिछले साल समान तिमाही में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 10.7 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई थी लेकिन, इस वर्ष 8.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। ट्रक और लोडर आदि की बिक्री बढ़ने से माना जाता है कि फैक्ट्रियों से माल की ढुलाई बढ़ी है, जो औद्योगिक उत्पादन में तेजी और रोजगार के नए अवसरों का संकेत है, यह टर्नअराउंड बताता है कि सुस्ती का दौर समाप्त हो रहा है। जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार देश में वाणिज्यिक गाड़ियों की मांग बढ़ रही हैं, वहीं मध्यम वर्ग की ओर से खरीदी जाने वाली निजी कारों की बिक्री की गति कम हो गई है। निजी वाहनों की बिक्री वृद्धि दर घटकर 5.9 फीसदी रह गई है, जो पिछले वर्ष 9.9 फीसदी थी, इससे स्पष्ट है कि मध्यम वर्ग अभी भी महंगाई और ऊंचे ब्याज दरों के दबाव में है। लोग अपनी जमा पूंजी बचाने को प्राथमिकता दे रहे हैं और कार जैसी बड़ी खरीदारी से बच रहे हैं, इसीलिए त्योहारों और शादियों के बहाने कंपनियों को भारी डिस्काउंट का सहारा लेना पड़ता है। आंकड़े सामने से खुशी देने वाले दिखाई दे रहे हैं लेकिन, आंशिक तौर पर आंकड़े विरोधाभासी भी दिख रहे हैं। एक ओर भारतीय अर्थव्यवस्था का सप्लाई साइड, जैसे उत्पादन, निर्माण और लॉजिस्टिक्स मजबूती के साथ दौड़ रहा है और औद्योगिक गतिविधियों में ऊर्जा भर रहा है, वहीं दूसरी ओर डिमांड साइड अभी भी कमजोर दिखाई दे रही है अर्थात, उत्पादन के अनुरूप मांग नहीं बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र का मध्यम वर्ग बड़ा उपभोक्ता है लेकिन, वह अभी महंगाई और उच्च ब्याज दरों के दबाव में खर्च करने से बच रहा है, इसके विश्वास को जागृत करना बड़ा कार्य करना शेष है, इस वर्ग के अंदर सरकार के कार्य करने के तरीके से ही विश्वास जागृत होगा। अपना बनाने वालों, खरीदारों, डेवलपर्स और रियल एस्टेट निवेशकों के लिए बाजार में गर्माहट आई है। इंफ्रास्ट्रक्चर और हाउसिंग सेक्टर में भारी मांग देखी जा रही है। सीमेंट उत्पादन में 7.3 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष 3.2 फीसदी थी, वहीं स्टील की खपत 8.8 फीसदी की दर से बढ़ रही है, इसका मुख्य कारण सरकार की आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्र की आवास योजनाओं में आई तेजी है, जिससे इसका सीधा श्रेय सरकार को ही जायेगा। हालांकि मांग में इतनी तेज वृद्धि का असर कीमतों पर पड़ सकता है। घर बनाने की योजना बना रहे लोगों को अपने बजट में 5-10 फीसदी का अतिरिक्त खर्च करना पड़ सकता है, क्योंकि कंपनियां आवश्यक उत्पादों की कीमतें बढ़ाकर इसका भार आम उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं। आम आदमी की चिताओं में रसोई का बजट प्रमुख है। आम आदमी के लिए कृषि क्षेत्र से एक राहत भरी खबर है। चावल के उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 2.9 फीसदी हो गई है, जो पिछले वर्ष मात्र 1.1 फीसदी थी, इसका सीधा लाभ आम आदमी को ही मिलेगा। चावल के उत्पादन में तीन गुना बढ़ोतरी खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। बाजार में आपूर्ति बढ़ने से चावल की कीमतों में स्थिरता आने की संभावना जताई जा रही है, इससे खाने की थाली पहले की तुलना में कम महंगी हो सकती है, इससे ग्रामीण आय को सुधारने में मदद मिल सकेगी। डिजिटल क्षेत्र में भारत ने एक और लंबी छलांग लगाई है। देश में टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या में 3.2 फीसदी की वृद्धि हुई है। आंकड़ा छोटा दिख सकता है लेकिन, गत वर्ष की 0.8 फीसदी की वृद्धि की तुलना में यह चार गुना अधिक है, जो उपलब्धि ही कही जायेगी। जीडीपी से जुड़ा यह अहम आंकड़ा बताता है कि ग्रामीण भारत तेजी से डिजिटल नेटवर्क से जुड़ रहा है, इससे यूपीआई और ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार न सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित रहेगा बल्कि, सुदूर ग्रामीण अंचलों तक अपनी पैठ बनायेगा, इससे ई-कॉमर्स, डिजिटल भुगतान और टेली-मेडिसिन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा, जिसकी मदद से एक समावेशी डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने में मदद मिलेगी।

## आप की बात

### फिर जड़ों की ओर लौट रही बसपा

प्रदेश की राजनीति में बहुजन समाज पार्टी एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौट रही है एवं खोए हुए जन आधार को पुनः प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले 6 महीने से राज्यवार बैठकों को दौर जारी है। मायावती के नेतृत्व में दलित मुस्लिम और पिछड़े वर्गों को एकजुट करने की रणनीति पर जोर दिया जा रहा है । 9 अक्टूबर को काशीराम की पुण्यतिथि एवं 6 दिसंबर को डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि पर नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था। महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पार्टी दलित समाज की भावनाओं को मजबूत करने और अन्य समुदायों को जोड़ने का प्रयास किया है, क्योंकि अंबेडकर के विचार बसपा की विचारधारा का आधार हैं और ऐसे कार्यक्रमों से पार्टी अपने कोर वोट बैंक को मजबूत करने के साथ-साथ मुस्लिम और ओबीसी समुदायों तक पहुंच बना रही है। अगर यह रणनीति कामयाब रही तो 2027 में बसपा न केवल अपनी सीटें बढ़ाएगी बल्कि सत्ता पक्ष के सामने एक मजबूत चुनौती पेश करेगी। बसपा अध्यक्ष मायावती की सक्रियता यू पी चुनाव में भाजपा कांग्रेस सपा को एक बड़ी चुनौती पेश करेगी। बस पार्क इन सभी गतिविधियों की और सक्रियता की पहली परीक्षा उत्तर प्रदेश के फरवरी में होने वाले पंचायती चुनाव है इन चुनाव के सफलता ही 2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा की मध्य प्रदेश के आधार बन सकते हैं।

**वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**

### लोकतंत्र के हित में स्वार्थी राजनीति त्यागें नेतागण

राजनीति करें व राजनेता बनें यह जनतंत्रीय अधिकार है सबको. पर लोकतंत्र के हित में विवादित बयानबाजी और विवादित काम करने एवं उसपर स्वार्थपरक राजनीति करने से वे बचें ताकि किसी तरह के कोई विवाद उत्पन्न न हों और जनभावना व जनजीवन सदैव सामान्य बने रह सकें. पिछले काफी समय देखा जा रहा कि कतिपय नेता दोमुंही बातें करना, विवादित बयानबाजी करना फिर जब विवाद बढ़ जाए तो या तो माफ़ी मांग लेना या अपने बयान से पलट जाना अथवा बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप मीडिया पर तुरंत लगा देना/पार्टी द्वारा व्यक्तिगत बया का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेना. अभी तक तो कतिपय नेता विवादित बयानबाजी ही अभी तक तो कतिपय नेता विवादित बयानबाजी ही करते रहे हैं, अब तो वे किसी की भावनाओं पर क्या प्रभाव/दुष्प्रभाव पड़ेगा/पड़ सकता है उसका भी बगैर ख्याल रखे स्वार्थ की राजनीति के चलते करने में भी नहीं झिझक रहे हैं. ऐसी भावनात्मक/विवादित राजनीति में लिप्त नेता हो नागरिक प्रशासन/शासन या राज्य/केंद्र सरकार को ध्यान देना चाहिए ताकि किसी भी तरह का कहीं भी विवाद पैदा न होने पाए. क्योंकि लोकतंत्र के हित में विवादित बयानबाजी/कार्य न तो उचित है और न ही संवैधानिक।

**शकुंतला महेश नेनावा, 57, गिरधर नगर (तिलक नगर के पास), इंदौर (म.प्र.).**

### घुसपैठियों की इतनी तरफदारी क्यूं

भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने देश में लगातार ही घुसपैठ कर रहे रोहिंग्याओं की गिरफ्तारी के बाद उनकी जानकारी न मिलने का मुद्दा उठाने वाली याचिका की सुनवाई पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि क्या भारत सरकार ने इन रोहिगयाओ को आज शरणार्थी का दर्जा दे दिया है,अगर हां, तो सरकार को इसका आदेश दिखाना चाहिए। हमारे देश में भी आज काफी गरीब लोग हैं। उनके भी कुछ अधिकार है , अतः क्या उनके बारे में नहीं सोचा जाना चाहिए।कहा जा सकता है कि हमारे देश में भी आज के समय में काफी मात्रा में बंगलादेशी रोहिंग्या घुसपेठिऐ घुस आये है जिन्हें आज शरणार्थी का दर्जा देकर उन्हें हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है ।अतः यह एक तरह से अनुचित ही कहा जाऐगा। इस पर जब माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी की है तो इसका हम दिल से स्वागत करते हैं। कारण आज यह सरकार का दायित्व है कि वह देश में लगातार ही घुसपैठ करते जा रहे बंगला देशी शरणार्थीयों पर आज न केवल सख्ती से नजर रखे बल्कि उन्हें हमारे देश से बाहर निकालने की भी जरूरत है।

**एमएम राजावत राज, न्यू रोड शाजापुर।**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025



# ऑपरेशन मुस्कान की बड़ी सफलता

## 1 वर्ष 11 माह बाद अपहृत 6 वर्षीय बालक और 4 वर्षीय बालिका सकुशल बरामद, पूरे जनपद में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

जनपद पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए लगभग 1 वर्ष 11 माह बाद हरगांव क्षेत्र से लापता हुए 6 वर्षीय छोटू उर्फ प्रिंस तथा 4 वर्षीय रागिनी को पंजाब के जालंधर जनपद से सकुशल बरामद कर लिया। दोनों बच्चों की सकुशल बरामदगी की सूचना मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई तथा क्षेत्रवासियों ने पुलिस दल के प्रयासों की प्रशंसा की। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के स्पष्ट निर्देश थे कि गुमशुदा अथवा अपहृत बच्चों की हर दशा में शीघ्र एवं सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के पर्यवेक्षण में थाना मानव तस्करी निरोधक इकाई एएचटीयू के प्रभारी दयाशंकर मित्रा व उनकी टीम लगातार मामले में कार्यरत रही। जालंधर में मिला सुराग, टीम ने कई राज्यों में चलाया खोज अभियान 06 मई 2024 को हरगांव निवासी विनोद कुमार के 5 वर्षीय पुत्र छोटू को उनकी भाभी खुशबू कथित रूप से अपने साथ ले गई थी। बच्ची रागिनी पूर्व से ही खुशबू के साथ रहती थी। इस मामले में संतोष, मुजफ्फर हुसैन उर्फ गुड्डू प्रधान, शांति और खुशबू के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना जनवरी 2025 में थाना मानव तस्करी निरोधक इकाई को स्थानांतरित की गई। इसके पश्चात पुलिस दल ने चेन्नई, नेपाल सीमा, महाराजगंज, लखनऊ, सिद्धार्थनगर, अमृतसर सहित अनेक स्थानों पर खोज अभियान चलाया, परन्तु सफलता प्राप्त नहीं हुई। अन्ततः 03 दिसंबर 2025 को प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस दल पंजाब के जालंधर जनपद के ग्राम दयालपुर पहुँचा। वहाँ विद्यालय की पोशाक में दो बच्चों को देखकर संदेह होने पर उनसे पूछताछ की गई। बालक ने अपना नाम प्रिंस उर्फ छोटू और बालिका ने रागिनी बताते हुए कहा कि वे खुशबू तथा एक व्यक्ति रामलखन के साथ वहाँ रह रहे थे। बच्चों ने यह भी बताया कि खुशबू की कुछ समय पूर्व बीमारी के कारण मृत्यु हो चुकी है।

### दयनीय स्थिति में मिले बच्चों को अपने पास रखे था रामलखन

जाँच में ज्ञात हुआ कि रामलखन, मूल निवासी लखीमपुर खीरी, जालंधर में दिहाड़ी मजदूर के रूप में कार्य करता है। उसने बताया कि उसे खुशबू सड़क किनारे बीमारी की दशा में मिली थी और मानवता के नाते वह उसे दो बच्चों सहित अपने घर ले आया। उसकी तबियत बिगड़ने पर उसने सरकारी अस्पताल में उपचार भी कराया, किन्तु लगभग 15 दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई। उसके पश्चात उसने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाकर अपने संरक्षण में रखा।



### पुलिस दल को 20,000 रुपये का इनाम

लगभग 22 माह बाद बच्चों के सकुशल मिलने की सूचना पाकर छोटू का परिवार भावुक होकर रो पड़ा। हरगांव क्षेत्र में भी इस समाचार से खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने पुलिस के अथक प्रयासों की सराहना की। पुलिस अधीक्षक सीतापुर ने मानव तस्करी निरोधक इकाई की टीम को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 20,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया। मानव तस्करी निरोधक इकाई एएचटीयू पुलिस दल में सम्मिलित रहे प्रभारी दयाशंकर मित्रा मुख्य आरक्षी चालक महेश कुमार, आरक्षी अजय तोमर, महिला आरक्षी प्रेरणा चैहान, महिला आरक्षी लता पुलिस की इस कार्रवाई ने पुनः सिद्ध किया है कि ''ऑपरेशन मुस्कान'' के अंतर्गत लापता बच्चे चाहे कहीं भी हों, पुलिस की सतर्कता और प्रयासों से वे अवश्य मिल जाते हैं।

# डीएम ने कमसण्डा सीएचसी में पाई बड़ी लापरवाही

## दो कर्मचारियों का वेतन रोका, स्टाफ नर्सों पर नोटिस,स्वास्थ्य व्यवस्था में हड़कंप



पायनियर संवाददाता। सीतापुर

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कमसण्डा का औचक निरीक्षण कर एक बार फिर स्वास्थ्य महकमे की लापरवाही को बेनकाब कर दिया। निरीक्षण के दौरान टीकाकरण कक्ष, पीएमसी वार्ड, मातृ सुरक्षा केन्द्र, लेबर रूम और औषधि कक्ष में अव्यवस्था देखकर डीएम सख्त हो गए।

डीएम ने प्रसव में उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी लेते हुए स्टाफ की कार्यशैली पर सवाल उठाए। पीएमसी वार्ड में मरीजों से भोजन, बेडशीट और अन्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। निरीक्षण में बेडशीट की कलर कोडिंग न पाए जाने एवं अन्य गड़बड़ियों के चलते जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (बीएएम) और बीपीएम का 15-15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। मातृ सुरक्षा केन्द्र में रजिस्टर जांच के दौरान कई कमियां मिलने पर स्टाफ नर्स आराध्या और प्रतिभा को नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया। वहीं रेफर की गई एचआरपी (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) महिलाओं से डीएम ने फोन पर बात कर इलाज और समस्याओं की जानकारी ली।

औषधि कक्ष में एक्सपायरी रजिस्टर व दवाओं की उपलब्धता की जांच करते हुए फार्मासिस्ट को साफ-सफाई दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं हर हाल में उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही सभी स्थानों पर सफाई व्यवस्था को बेहतर और स्थायी रखने के निर्देश दिए।

# जिले में बेपटरी स्वास्थ्य तंत्र को पटरी पर लाने में जुटे डीएम

## सीएमओ ने भी दो बार किए दौरे, फिर भी खुली पोल

**सीतापुर।** चार्ज ग्रहण करने के बाद से डीएम डॉ. राजागणपति आर. स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए लगातार स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। डीएम की सख्ती का आलम यह है कि कई केंद्रों पर लंबे समय से जमी धूल, अव्यवस्था और लापरवाही अब छिपाई नहीं जा पा रही। डीएम के लगातार दौरों से दबाव बढ़ा तो सीएमओ कार्यालय भी सक्रिय हुआ। सूत्रों के मुताबिक, कमसण्डा सीएचसी में सब कुछ ठीक दिखाने के लिए सीएमओ को अपने केबिन से बाहर निकलकर खुद दो बार निरीक्षण करना पड़ा। अस्पताल को चमकाने और फाइलें दुरुस्त करने के निर्देश युद्धस्तर पर दिए गए। लेकिन इसके बावजूद डीएम के औचक निरीक्षण ने सारी तैयारियों की पोल खोल दीकृहर जगह गड़बड़ी मिली, रजिस्टर अव्यवस्थित, बेडशीट व्यवस्था फेल और दवा व्यवस्था अस्त-व्यस्त।

**रालोद नेता आरपी सिंह ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा अगर डीएम के आने के बाद भी दो-दो बार के सीएमओ निरीक्षण के बावजूद यह हाल है, तो सोचा जा सकता है कि कसमण्डा सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं पहले कैसी चल रही होंगी! यह घटनाक्रम पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है और संकेत देता है कि डीएम की सख्ती के बिना सिस्टम सुधरने वाला नहीं।**

# एनएच-30 किनारे युवक का शव मिला

**सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर कुसैला-ओवरब्रिज के निकट एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान महोली कस्बे के कैथा मोहल्ला निवासी सौरभ जाटव (22) के रूप में हुई। उसके शरीर पर चोटों के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, सौरभ रविवार दोपहर लगभग 3 बजे स्मार्टफोन बनवाने सीतापुर गया था। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने समझा कि वह किसी रिश्तेदारी में रुक गया होगा, लेकिन सुबह ओमकार के बहनोई ने कुसैला-ओवरब्रिज से आगे बरसहिया गांव के बीच सड़क किनारे पड़े एक युवक के शव की सूचना दी। मौके पर पहुंचकर ओमकार ने शव की पहचान अपने बेटे सौरभ के रूप में की। परिजनों का कहना है कि सौरभ की ससुराल खूबपुर में थी, लेकिन रिश्ते अच्छे नहीं थे और कई बार वहां उसकी पिटाई भी हुई थी। इसी आधार पर वे हत्या की आशंका जता रहे हैं। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान भी मिले हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया, जिसने घटनास्थल से सैंपल जुटाए। सीओ महोली नागेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों ने अभी कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारण का पता चल सकेगा। मामले की जांच जारी है। बताया गया कि मृतक का विवाह करीब 4 वर्ष पूर्व हुआ था और उसकी 3 साल की एक बेटी है।

# वृद्ध आश्रम को खाद्यान्न दान कर मनाई संस्थापक की 121वीं जयंती

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की जवाहरपुर और रामगढ़ इकाई ने अपने संस्थापक स्वर्गीय जय दयाल डालमिया की 121वीं जयंती के अवसर पर आज नैमिषारण्य स्थित मात्र-पितृ सदन (वृद्ध आश्रम) को खाद्यान्न सामग्री का महत्वपूर्ण दान प्रदान किया। कंपनी द्वारा आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बड़ी मात्रा में आवश्यक खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराई गई। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि यह पहल संस्थापक के सेवा-भाव, सामाजिक उत्तरदायित्व और समाज के प्रति समर्पण की भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास है। दोनों इकाइयों से पहुंचे अधिकारियों ने केवल सामग्री ही नहीं वितरित की, बल्कि सभी वृद्धजनों को अपने हाथों से भोजन भी परोसा, जिससे कार्यक्रम और अधिक आत्मीय हो गया। वृद्ध आश्रम प्रबंधन ने इस सहयोग के लिए डालमिया कंपनी की दोनों इकाइयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राप्त खाद्यान्न आश्रम में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की दैनिक पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व योजनाओं के तहत निरंतर जन-कल्याणकारी कार्यों में सक्रिय रहती है।

कार्यक्रम में जवाहरपुर इकाई से विवेक ढाका, मनीष जैन, नितेश कुमार, सुधीर सिंह तथा रामगढ़ इकाई से संजय सिंह, सामाजिक उत्तरदायित्व प्रबंधक रिशु और उनकी पूरी टीम उपस्थित रही।

# तेज रफ्तार ने छीनी दो युवकों की जिंदगी

- बैरियर से भिड़ी बाइक मौके पर मचा हड़कंप

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

शहर कोतवाली इलाके में तेज रफ्तार एक बार फिर काल बनकर टूटी। देर रात 27 बटालियन पीएसी मार्ग पर हुए भीषण हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक आयुध भंडार के सामने लगे बैरियर से जोरदार टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और वाहन करीब 10 फीट दूर जा गिरा। राहगीरों ने हादसे की सूचना तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को दी। हादसे में करसेवरा, तालगांव निवासी हसीमुद्दीन पुत्र रिजवान अहमद और पलिया कला, रामपुर कला निवासी मनीराम पुत्र मैकू (उम्र लगभग 30 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। खून से लथपथ दोनों युवक सड़क पर तड़पते मिले। मौके पर पहुंचीं चैकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी और उनकी टीम ने 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर मातम से भर उठा। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, प्राथमिक जांच में हादसा तेज रफ्तार एवं बैरियर से टकराने के कारण सामने आया है। वहीं आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक नशे की हालत में थे, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही होगी।

### सिधौली में तेज रफ्तार डीसीएम खाई में पलटी, चालक की मौत

**सीतापुर।** कोतवाली सिधौली क्षेत्र में सोमवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। भंडिया मार्ग पर तेज रफ्तार डीसीएम अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गई। भीषण दुर्घटना में चालक गंगाराम निवासी करनैलगंज, जनपद गोंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, डीसीएम गोंडा से आलू लेने बरेली की ओर जा रही थी। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण वाहन असंतुलित हो गया और सीधा खाई में जा गिरा। हादसे के बाद डीसीएम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया वाहन का असंतुलित होना हादसे का कारण प्रतीत होता है, हालांकि अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। क्षतिग्रस्त डीसीएम को क्रेन की मदद से खाई से बाहर निकालकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# रफ्तार का कहर: मेहमान बनकर आई बालिका सड़क हादसे में गंभीर घायल

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

लहरपुर कोतवाली इलाके में सोमवार को लहरपुर-सीतापुर मार्ग पर स्थित ग्राम नेवादा में एक 5 वर्षीय मासूम बालिका सड़क किनारे खेल रही थी, तब एक तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। बताया गया है कि बच्ची उस समय किसी मेहमान के घर आयी हुई थी। हादसा तब हुआ जब वह सड़क पार करते समय सड़क की ओर भागी और इसी बीच सीतापुर की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास लोग इकट्ठा हो गए। परिजन आनन-फानन में उसे पास के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराने पहुंचे, जहाँ उसका इलाज जारी है। ग्रामीणों और परिजनों में सदमें की स्थिति है। स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। अब पुलिस घटना की जांच कर रही है और कार चालक की खोज शुरू कर दी गई है।

# तैलीक समाज कल्याण समिति की बैठक

- नई कार्यकारिणी का गठन, मुद्दों पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



तैलीक समाज कल्याण समिति खैराबाद की आवश्यक बैठक मोहल्ला काजियारा स्थित दिलीप जयसवाल के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में नव-निर्वाचित नगर अध्यक्ष कुलदीप जयसवाल ने नगर की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए विभिन्न सदस्यों को जिम्मेदारियाँ सौंपीं। पुनर्गठित कार्यकारिणी में नगर महामंत्री का दायित्व नगर पालिका परिषद खैराबाद के पनावडिया वार्ड के सभासद उमेश जयसवाल को दिया गया, जबकि कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी कुलदीप जयसवाल (पिंकू) को सौंपी गई। नगर अध्यक्ष कुलदीप जयसवाल ने बताया कि समाज की समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र ही नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ''गुरु'' तथा प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक श्री संतोष जयसवाल ने की। बैठक में कजियारा रोड की समस्या, राशन कार्ड संबंधी मुद्दे सहित समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर श्री नरेश जयसवाल, मुकेश जयसवाल, अशोक जयसवाल, सियाराम जयसवाल, कमलेश जयसवाल, गुड्डू जयसवाल, जगदीश जयसवाल, विनय जयसवाल, आशाराम जयसवाल, बाबूराम जयसवाल, राजेश जयसवाल, संजय जयसवाल, अयोध्या प्रसाद राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# अवैध अस्पतालों पर बड़ी कार्रवाई

- कई अस्पताल सील,स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के निर्देश पर जनपद में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और क्लीनिकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महोली व लहरपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। अभियान का नेतृत्व महोली में सीएचसी अधीक्षक डॉ. दीपांशु शुक्ला व नायब तहसीलदार महेंद्र यादव ने किया। मस्जिद बाजार स्थित चांदसी दवाखाना को बिना पंजीकरण संचालित पाए जाने पर सील कर दिया गया। बड़ा गांव रोड पर भार्गव क्लीनिक रजिस्ट्रेशन के कागज नहीं दिखा सका, वहीं इलाज जारी मिला, जिसे तत्काल सीज कर दिया गया। उरदौली स्थित प्रांशु क्लीनिक के सभी कागज वैध पाए गए। रिक्षाही में मां हेल्थ केयर सेंटर के निरीक्षण में संचालक अनुपस्थित मिले, जिसके बाद उसे भी सील कर दिया गया। वहीं लहरपुर नगर क्षेत्र में भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई के निर्देशन में डॉ. आदित्य प्रताप सिंह व टीम ने सिटी हॉस्पिटल, नवजीवन हॉस्पिटल और मर्सी हॉस्पिटल की जांच की। सिटी हॉस्पिटल के संचालक छापेमारी की सूचना पाकर पहले ही शटर बंद कर फरार हो गए। नवजीवन व मर्सी हॉस्पिटल आवश्यक दस्तावेज न मिलने पर सील कर दिए गए। छापेमारी की भनक लगते ही आधा दर्जन से अधिक अस्पताल संचालक अपने शटर गिराकर भाग निकले। स्वास्थ्य विभाग ने बिना पंजीकरण संचालित अस्पतालों पर एफआईआर की कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी है।

### यूरिया खाद न मिलने पर किसानों का हंगामा, सचिव बंधक,पुलिस ने कराया मुक्त

**सीतापुर।** साधन सहकारी समिति बी पैक्स लिमिटेड सांडा में सोमवार को यूरिया खाद न मिलने से नाराज किसानों ने समिति सचिव आशुतोष पांडेय को घेरकर बंधक बना लिया। किसानों का आरोप था कि सुबह से लाइन में लगे रहने के बावजूद सचिव ने शाम पाँच बजे कहा कि आज खाद नहीं मिलेगी, जबकि दलालों को बिना लाइन खाद दी जा रही थी। सूचना पर चैकी इंचार्ज अरुण कुमार उपाध्याय पुलिस बल के साथ पहुंचे और सचिव को सुरक्षित मुक्त कराया। पुलिस ने किसानों को समझाकर शांत किया। किसान यूनियन अध्यक्ष सुशील राज ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न हुआ तो धरना होगा।

# थाना प्रभारी ब्रजेश राय की जागरूकता मुहिम जारी

- विद्यालयों में छात्रों को दिया समाजिक मुद्दों का पाठ

पायनियर संवाददाता। तंबौर/ सीतापुर



थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ब्रजेश राय द्वारा सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूकता फैलाने की मुहिम लगातार जारी है। सोमवार को उन्होंने कस्बे के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, पराली प्रदूषण सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी।कस्बे के रामपाल सिंह रामकिशोरी देवी विद्यालय में आयोजित संवाद कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने कहा कि आज समाज जिन समस्याओं से जूझ रहा है, उनके समाधान के लिए कानून तो मौजूद हैं, लेकिन जागरूकता के अभाव में घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि यदि लोग इन विषयों पर जागरूक हो जाएं, तो न केवल घटनाओं को रोका जा सकता है, बल्कि समाज को इन चुनौतियों से सुरक्षित भी किया जा सकता है। इंस्पेक्टर ब्रजेश राय ने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने घर, गांव व समाज में भी लोगों को ऐसी समस्याओं के प्रति सजग करें। उन्होंने बताया कि बच्चों के माध्यम से जागरूकता का संदेश तेजी से फैलता है और वे समाज को जागरूक बनाने में एक मजबूत संदेशवाहक की भूमिका निभा सकते हैं। थाना प्रभारी द्वारा मिशन शक्ति के तहत क्षेत्र के कई गांवों और विद्यालयों में इसी प्रकार की बैठकों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ओ.पी. सिंह सहित पूरा विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, कई बीघा भूमि पर चला बुलडोजर

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



जिलाधिकारी राजा गणपति आर के निर्देश के बाद अवैध प्लाटिंग और कब्जों के खिलाफ तहसील प्रशासन सख्त हो गया है। सोमवार को सदर तहसील खैराबाद क्षेत्र और लहरपुर में दो बड़े अभियान चलाकर प्रशासन ने करोड़ों की जमीन पर हुए अवैध निर्माण ध्वस्त करा दिए।

खैराबाद के विष्णु नगर स्थित तारा सिटी में करीब 40 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी व महेंद्र तिवारी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। तीन बुलडोजरों की मदद से आलीशान गेट, चारदीवारी और प्लाटिंग के लिए किए गए सभी निर्माण जमींदोज कर दिए गए। करीब 56 करोड़ मूल्य की इस भूमि पर बिना नक्शा और अनुमति के प्लाट काटे जा रहे थे। प्रशासन ने बताया कि धारा 80 का दुरुपयोग कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। उधर लहरपुर में भी प्रशासन का बुलडोजर गरजा। कोर्ट आदेश के बाद ब्लॉक संसाधन केंद्र के पास गाटा संख्या 1822 पर बनाई गई चार दुकानों को ढहा दिया गया। वहीं खानपुर सादात और बनकट गांव में 6 बीघा से अधिक जमीन पर आरिफ बेग, नफीस और अन्य द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग को भी उखाड़ फेंका गया। दोनों स्थानों पर राजस्व टीम के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति और मानक के की जा रही किसी भी अवैध प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# टोल प्लाजा पर मैनेजर की मनमानी

- सीसीटीवी दुरुपयोग, ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली के गंभीर आरोप

**पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर**

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के हलियापुर स्थित टोल प्लाजा पर तैनात एंट्री ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के मैनेजर आशुतोष विश्वास पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगने से हड़कंप मच गया है। स्थानीय ग्रामीणों और पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि मैनेजर एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों का दुरुपयोग कर जहां महिलाओं की गोपनीयता का उल्लंघन करता है, वहीं वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली का धंधा भी चलाता है। आरोपों के मुताबिक मैनेजर कैमरों को जूम कर आसपास के गांव जरईकला, हलियापुर और गौहनिया की महिलाओं की गतिविधियों पर नजर रखता है। शौच आदि के लिए बाहर जाने वाली महिलाएं कैमरे में कैद होती हैं और इनके वीडियो सिस्टम में मौजूद होने का दावा कर्मचारी स्वयं कर रहे हैं।पीड़ितों का कहना है कि यदि कोई युवक-युवती प्रेम-प्रसंग में कैमरे में कैद हो जाएं तो आशुतोष मौके पर पहुंचकर वीडियो वायरल करने की धमकी देता है और पैसे ऐंठ लेता है। मिल्कीपुर अयोध्या के एक युवक से दो माह पूर्व इसी तरह 10,000 रुपये वसूले गए थे।एक पुराने मामले में किमी 144 के पास ट्रक चालक और महिला से जुड़े विवाद में मैनेजर ने गश्ती दल के पुलिसकर्मियों का वीडियो बनाकर उनसे 2,000 रुपये लेने का भी आरोप है। यह घटना टोल कर्मचारियों की जानकारी में बताई जाती है। 25 अक्टूबर को लखनऊ निवासी एक नवविवाहित युवक अपनी पत्नी के साथ आजमगढ़ से लखनऊ लौट रहा था। बल्दीराय थाना क्षेत्र में माइलस्टोन 93 के पास कार रोकने पर मैनेजर ने सीसीटीवी से वीडियो निकालकर मौके पर पहुंचकर धमकी दी और 32,000 रुपये वसूल लिए। बाद में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया गया, जिससे पीड़ित दंपत्ति परेशान हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि दुर्घटनाओं में यदि कोई वाहन फरार हो जाए, तो मोटी रकम लेकर वह वाहन नंबर बदलकर देता है। इससे निर्दोष लोग फंस जाते हैं और असली आरोपी बच निकलते हैं। यूपीडा के जेई प्रभात सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आ चुका है। जांच कराई जा रही है और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। घटना के बाहर आते ही क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।हाई-टेक सुरक्षा कैमरों का दुरुपयोग होने से एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# रमाशंकर मिश्र की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, बांटे कंबल

**पायनियर संवाददाता। कादीपुर-सुलतानपुर**



सार्थक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस पडेला में सोमवार को आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व. पं. रमाशंकर मिश्र की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि बदलापुर विधायक रमेश मिश्र ने स्व. मिश्र को बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बताया और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य घनश्याम चौहान, सीओ विनय गौतम समेत अनेक वक्ताओं ने उन्हें संघर्षशील एवं समर्पित कार्यकर्ता बताया। वाराणसी से पधारे मानस कोविद डॉ. मदन मोहन मिश्र ने रामचरितमानस पर प्रवचन दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 1200 गरीबों को निःशुल्क कंबल वितरित किए गए तथा नर्सिंग छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत

**कादीपुर-सुलतानपुर।** क्षेत्र के खालिसपुर मुबारकपुर गांव के पास सोमवार सुबह करीब 11 बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक सवार के घायल होने की सूचना है। मृतक की शिनाख्त दोस्तपुर थाना क्षेत्र के नागनाथपुर दुल्हापुर गांव निवासी संजय निषाद (35) पुत्र स्वर्गीय राम लौट निषाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार संजय अपनी बाइक से घर से ननिहाल जा रहे थे। इसी दौरान खालिसपुर मुबारकपुर के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर कादीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। दूसरी बाइक के चालक की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक संजय अपने पीछे पत्नी व दो छोटे बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

### एमडी के खिलाफ मुकदमा

**कादीपुर-सुलतानपुर।** कमरावा गांव निवासी शैलेश कुमार ने अपनी कार 43 हजार रुपये माह किराए पर लखनऊ की अमेरिकन पैन इंडिया कंपनी को 8 अगस्त 2025 को दी थी। कंपनी के एमडी/सीईओ दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने तीन माह का एडवांस 1.29 लाख का चेक दिया जो खाते में पैसा न होने से बाउंस हो गया। चार माह का किराया नहीं मिलने और कॉल फॉरवर्ड करने पर शैलेश ने कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने रविवार को एमडी दिलीप कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी का नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

### चिकित्सक हत्याकांड में नहीं हो सकी गवाही

**सुलतानपुर।** संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में सोमवार को सफाई साक्ष्य पेश नहीं हो सका। शासकीय अधिवक्ता पवन दुबे और वादिनी के वकील सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि आरोपियों की ओर से गवाह नहीं पेश किए जाने के कारण न्यायाधीश संध्या चौधरी ने सुनवाई छह जनवरी को नियत कर दी है। इससे पूर्व कोर्ट ने आरोपी अजय नारायण सिंह और दीपक सिंह का बयान दर्ज किया था जिन्होंने आरोपों से इनकार किया था।

### विजय हत्याकांड में नहीं हो सकी सुनवाई

**सुलतानपुर।** प्रॉपर्टी डीलर विजय नरायन सिंह के चर्चित हत्याकांड में नामजद रहे तीन लोगों को तलब करने की याचिका पर सोमवार को भी सुनवाई नहीं हो सकी। वादी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि न्यायाधीश संध्या चौधरी ने सुनवाई 10 दिसम्बर को फिर नियत की है। सात अप्रैल 2024 की शाम शहर के दरियापुर तिराहे पर हुई हत्या में अंबेडकर नगर जिले के शूटर अजय सिंह सिलावट के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई थी। बीती पेशी पर जयंत मिश्रा, विनय तिवारी और दीपक मिश्रा को तलब करने की अर्जी दी गई।

### राहुल गांधी के मुकदमे में गवाही जारी

**सुलतानपुर।** रायबरेली के कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विचाराधीन मानहानि केस में एमपी - एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए दूसरे गवाह रमेश चन्द्र दुबे का बयान दर्ज हुआ जिससे मंगलवार को जिरह होगी। याची के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने गवाह को मंगलवार को जिरह के लिए हाजिर होने का आदेश दिया है। वर्ष 2018 में बंगलूरू में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को हत्यारा कहते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उस बयान से खुद को आहत बताते हुए कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

### बाइक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर

**भदैया - सुलतानपुर।** भदैया क्षेत्र के शंभूगंज-शिवगढ़ मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शिवगढ़ शिवालय के पास सड़क पार कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग रामलाल पुत्र राम अजोर निवासी शिवगढ़ को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक सवार अपनी मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को सीएचसी भदैया पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पहले जिला अस्पताल और फिर ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ रेफर कर दिया। फिलहाल रामलाल का इलाज लखनऊ मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। शिवगढ़ थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलते ही बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्घटना में रेलवे कर्मी सहित दो घायल

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर बांसगांव के पास दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में रेलवे कर्मी सहित दो लोग घायल हो गए। जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। मोतिगरपुर के शाहपुर नानेमऊ निवासी जितेंद्र शर्मा रेलवे विभाग में प्रयागराज में कार्यरत है। सोमवार को वह बाइक से ड्यूटी पर वापस जा रहे थे। दोपहर डेढ़ बजे बांसगांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवार दोस्तपुर के कुंभी निवासी अनुराग चौहान से टक्कर हो गई।

### तालाब में फिसलकर महिला की डूबकर मौत

**गोसाईंगंज- सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। घर के पास तालाब किनारे नित्य क्रिया के लिए गई 57 वर्षीय मनोरमा तिवारी पत्नी शिवकुमार तिवारी का पैर फिसल गया और वह गहरे तालाब में गिरकर डूब गईं। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की तो तालाब में उनका शव तैरता मिला। ग्रामीणों ने शव बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। चौकी प्रभारी द्वारिकागंज दिवेश त्रिवेदी ने घटना की पुष्टि की है। महिला की अचानक मौत से गांव में शोक की लहर है।

# परिजनों का इंकार, नहीं हो सका शव का अंतिम संस्कार

- दिनभर चली पंचायत, आरोपियों के इन काउंटर पर अटकी बात

**पायनियर संवाददाता। चांदा-सुलतानपुर**

थाना क्षेत्र के साढ़ापुर गांव में अपहरण के बाद पीट-पीटकर हत्या कर नदी में शव फेंक दिए गए युवक अमन यादव (24) का शव सोमवार शाम पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा। इकलौते बेटे का शव देखते ही मां अनीता यादव बेहोश हो गईं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पूरा गांव छावनी में तब्दील रहा।

परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया। मृतक के बड़े भाई संदीप यादव ने कहा, जब तक सभी आरोपियों का एनकाउंटर नहीं हो जाता, उनके घरों पर बुलडोजर नहीं चल जाता, जिलाधिकारी मौके पर नहीं आते और परिवार को उचित मुआवजा-सुरक्षा नहीं मिलती, तब तक हम अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इस मांग पर अड़े परिजनों को मनाने के लिए तहसीलदार लंभुआ प्रांजल तिवारी, नायब तहसीलदार अभय सिंह, क्षेत्राधिकारी लंभुआ ऋतिक कपूर व लेखपाल सुमन यादव सहित कई अधिकारी पहुंचे, लेकिन दिनभर चली पंचायत के बाद भी परिजन नहीं माने।



**मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में लगी गोली, दो पहले ही जेल में :** पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने बताया कि हत्याकांड में पहले ही दो आरोपी मयंक यादव व शिवम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। सोमवार देर रात सूचना मिली कि अन्य फरार अभियुक्त भागने की फिराक में हैं। कोतवाली देहात क्षेत्र के रामनगर स्थित अभियांकला मोड़ के पास घेराबंदी की गई तो आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक अभियुक्त दीपक यादव उर्फ राका के पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

**लापरवाही पर कोतवाल समेत पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड :** हत्याकांड में कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने के आरोप में एसपी ने चांदा कोतवाल दीपेंद्र विक्रम सिंह, उप निरीक्षक चुन्नू लाल यादव, मुख्य आरक्षी शहंशाह आलम, आरक्षी अनुराग व दिनेश रावत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उधर परिजनों की जिद और ग्रामीणों का गुस्सा देखते हुए पूरे इलाके में तनाव बना हुआ है। देर रात तक शव घर पर ही रखा था और अंतिम संस्कार नहीं हो सका है।

# उत्तर प्रदेश में वरदान साबित होगी मखाना की खेती : दिनेश

**पायनियर संवाददाता। रायबरेली**

प्रदेश के उद्यान कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को राज्य में मखाना विकास योजना के शुभारम्भ की घोषणा की। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। योजना का शुभारम्भ करते हुए मंत्री ने कहा कि मखाना अपने औषधीय गुणों व उच्च बाजार मूल्य के कारण सुपर फूड के रूप में जाना जाता है। अब तक इसकी खेती मुख्य रूप से बिहार तक सीमित थी। लेकिन उत्तर प्रदेश की जलवायु और यहां उपलब्ध जलभराव वाले क्षेत्र जहां अन्य फसले नहीं हो पाती वहां मखाना की खेती वरदान साबित होगी। प्रदेश में पूर्वांचल के जनपद जैसे कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, महराजगंज, बस्ती आदि मखाना उत्पादन के लिये अत्यन्त अनुकूल है। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों को पारम्परिक खेती से हटकर उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिसमें भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 में बिहार में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का गठन करते हुए प्रथम चरण में 10 राज्यों में वर्ष 2025 से मखाना विकास योजना का क्रियान्वयन किये जाने का निर्णय लिया, जिसमें उत्तर प्रदेश भी सम्मलित है। प्रदेश में मखाना विकास योजना का क्रियान्वयन उद्यान विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा किया जायेगा। विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में मखाना विकास योजना के क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना तैयार कर भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित की गयी। जिस पर भारत सरकार द्वारा अनुमति प्रदान की गयी है।

### शुभम शुक्ला भारत सरकार के सुप्रीम कोर्ट पैनल में नियुक्त

**रायबरेली।** रायबरेली के शुभम शुक्ला ने जनपद का नाम रोशन किया है। शहर के रामजी पुरम निवासी राहुल शुक्ला के पुत्र शुभम शुक्ला को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सरकारी मामलों की पैरवी के लिए एडवोकेट पैनल में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति विधि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के माध्यम से की गई है। जारी आदेश के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा सुप्रीम कोर्ट के लिए अधिवक्ताओं को तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि शुभम शुक्ला ने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटियाला से कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद दिल्ली में वकालत की शुरुआत की थी। अब उन्हें केंद्र सरकार के मुकदमों की सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# नायब तहसीलदार समेत 5 पर एफआईआर दर्ज

**पायनियर संवाददाता। अमेठी**

जिले की मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के एक गंभीर भूमि विवाद मामले में न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। निहालगढ़ चकजंगला की निवासी पीड़िता सुमित्रा देवी ने अदालत में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी पैतृक भूमि पर साजिशन कब्जा कर उसके नामांतरण को अवैध रूप से बदल दिया गया।

पीड़िता के अनुसार, उसके चाचा राकेश और कनिकलाल ने फसली वर्ष 1409 से 1414 के बीच तत्कालीन नायब तहसीलदार की मिलीभगत से गाटा संख्या 419, रकबा 0.265 हेक्टेयर की भूमि पर अपना नाम दर्ज करा लिया। आरोप यह भी लगाया गया कि इसके बाद राकेश ने उक्त भूमि गुलाबचंद्र नामक व्यक्ति को बेच दी।

सुमित्रा देवी का कहना है कि जब उन्होंने 20 अप्रैल 2025 को इस अनियमितता पर आपत्ति जताई, तो संबंधित लोगों ने उन्हें गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि दस्तावेजों सहित नायब तहसीलदार के कार्यालय पहुंचने पर अधिकारी ने उन्हें फटकारकर भगा दिया और कोई सुनवाई नहीं की।

इसके बाद उन्होंने थाने और एसपी कार्यालय में भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर मामला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुलतानपुर के संज्ञान में प्रस्तुत किया।

### गाड़ी ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, एक मरा

**अमेठी।** जिले के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के बाबूगंज बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। महिला थाने की तेज रफ्तार बताई जा रही सरकारी गाड़ी ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरा। हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सरकारी गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी और अचानक सामने बाइक आने से दुर्घटना हो गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार उछलकर कई मीटर दूर जा गिरा और मौके पर तड़पते हुए उसकी जान चली गई।

# टीकाकरण से 12 जानलेवा बीमारियों से मिलेगी निजात

**पायनियर संवाददाता। करनैलगंज, गोंडा**



0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को सात अनिवार्य टीके लगाकर 12 जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है। इसके बावजूद कई परिवार टीकाकरण को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं।

ब्लॉक पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में यूनिसेफ की पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया की जिला समन्वयक सुषमा द्विवेदी ने ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए टीकाकरण के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि जिले के पांच विकास खंडों के 10-10 गांवों में सर्वे किया गया, जहां 529 परिवारों ने टीकाकरण से इंकार किया था। इनमें से 454 बच्चों को टीका छोड़ देने के बाद पुनः टीकाकरण कराया गया तथा 0 से 5 वर्ष तक के 252 बच्चों में से 166 बच्चों को टीका लगाया जा चुका है।

सुषमा द्विवेदी ने बताया कि 6 सप्ताह की उम्र से शुरू होने वाले बी-ओपीवी, पेंटावैलेंट, एफ-आईपीवी, आरवीवी और पीसीवी जैसे टीके बच्चों को पोलियो, गलाघोंटू, काली खांसी, टेटनस, हेपेटाइटिस-बी, निमोनिया, रोटावायरस डायरिया और मेनिन्जाइटिस जैसी बीमारियों से बचाते हैं। इसके बाद 10 सप्ताह, 14 सप्ताह और 9-12 माह में दिए जाने वाले टीके खसरा, रुबेला, जेई, रतौंधी, पोलियो आदि से सुरक्षा प्रदान करते हैं। 16 से 24 माह तक एमआर-2, जेई-2, डीपीटी बूस्टर-1 व बी-ओपीवी बूस्टर के साथ विटामिन-ए की नियमित डोज से पांच वर्ष तक टीकाकरण पूरा होता है।

### बरुवारीपुर हत्याकांड काण्ड में याचिका खारिज

**सुलतानपुर।** कादीपुर थाना क्षेत्र के बरुवारीपुर में बीते साल राहुल निषाद की हत्या के मामले में पुलिस से क्लीन चिट पाए आरोपी रोहित को तलब करने की अर्जी जिला जज सुनील कुमार ने खारिज कर दी है। बचाव पक्ष से वकील शेख नजर अहमद ने बताया कि एक अगस्त 2024 को भूमि विवाद में लाठी- डंडा सरिया आदि से हुए हमले में राहुल निषाद की मौत हो गई थी जबकि कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने आरोपी रोशन, सुनील, सूबेदार और राजवंत के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था जबकि रोहित को क्लीन चिट दी थी। गवाही के दौरान वादी ने रोहित की संलिप्तता बताई तो अभियोजन पक्ष ने उसे मुकदमे में तलब करने की अर्जी दी। कोर्ट ने उसके खिलाफ ठोस सबूत नहीं मिलने पर याचिका खारिज कर दी।

# बाल विवाह से बालिकाओं भविष्य होता है प्रभावित : शिवेन्द्र

**पायनियर संवाददाता। गोंडा**



मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत प्राथमिक विद्यालय दत्तनगर विशेन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, बालिकाओं की शिक्षा का महत्व, घरेलू हिंसा की पहचान व रोकथाम तथा महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बालिकाओं के भविष्य को प्रभावित करता है। समाज के सहयोग से ही बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य साकार हो सकता है। जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने बताया कि बालिकाओं की शिक्षा उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएँ बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सहायता और प्रोत्साहन प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को विभागीय योजनाओं से संबंधित पैम्पलेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शर्मिला सिंह, अरुणिमा शाही, सपना नाग, सुचेता सिंह सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# पांच दिवसीय सायबर सुरक्षा कंटेंट निर्माण कार्यशाला का होगा आयोजन

- रिसोर्स पर्सन के रूप में शिक्षक रवि प्रताप सिंह चयनित

**पायनियर संवाददाता। करनैलगंज, गोंडा**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) नई दिल्ली में छात्रों में डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कंटेंट का निर्माण होगा। इसके प्राथमिक विद्यालय धौरहरा के आदर्श अध्यापक रवि प्रताप सिंह को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया है। रवि को नेशनल आईसीटी एवार्ड मिल चुका है और वे आईसीटी के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए सेवाएं देते आए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उद्देश्य डिजिटल बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना और तकनीकी शिक्षा प्रक्रियाओं को एकीकृत करना है, जिससे शिक्षा में चल रहे डिजिटल परिवर्तन को बल मिले। हालाँकि, यह एकीकरण अनुपयुक्त सामग्री के संपर्क में आने, गोपनीयता संबंधी जोखिम, ध्यान भटकाने वाली बातें और डिजिटल उपकरणों के संभावित दुरुपयोग जैसी चुनौतियां भी लेकर आता है। इस संदर्भ में, एनसीईएफ इस बात पर प्रकाश डालता है कि नाबालिग होने के कारण छात्रों को तकनीकी उपयोग में अत्यधिक सुरक्षा की आवश्यकता होती है क्योंकि इंटरनेट का उपयोग उन्हें हिंसक और अपमानजनक व्यवहार के प्रति संवेदनशील बना सकता है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, जागरूकता और सुरक्षा उपायों के माध्यम से साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। कार्यशाला का उद्देश्य ग्राफिक संसाधन, इंटरैक्टिव संसाधन, स्क्रिप्ट और विकास जैसी डिजिटल सामग्री विकसित करना है, जो सुरक्षित डिजिटल शिक्षण स्थान बनाने, ऑनलाइन वातावरण में जिम्मेदारी से शिक्षण का प्रबंधन करने, डिजिटल संसाधनों का उपयोग करते समय सुरक्षित व्यवहार अपनाने, साइबर नैतिकता, गोपनीयता और ऑनलाइन व्यवहार को समझने, डिजिटल स्वास्थ्य सुनिश्चित करने और सामान्य डिजिटल सुरक्षा खतरों के लिए प्राथमिक उपचार प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को संबोधित करती है। 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हो रहा है।

साइबर सुरक्षा और संरक्षा तथा लेखन के क्षेत्र में विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए रवि प्रताप सिंह को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# नगर निकाय चिन्हित स्थानों पर जलवाएं अलाव : नेहा

- एसडीएम करनैलगंज ने निरीक्षण हेतु गठित की टीम

**पायनियर संवाददाता। करनैलगंज, गोंडा**



बढ़ रही ठंड और ठिठुरन के चलते एसडीएम ने सभी रैनबसेरे के साथ नगर निकायों के प्रमुख चैराहों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम नेहा मिश्रा ने बताया कि करनैलगंज, कटरा बाजार, परसपुर के साथ बालपुर ग्राम पंचायत को मुख्य चैराहों पर प्रतिदिन अलाव की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन, चैक घंटाघर, अस्पताल, बस स्टाफ, तहसील परिसर के साथ दो रैनबसेरे में लगातार अलाव की व्यवस्था, कटरा बाजार, परसपुर में अस्थाई रैनबसेरे के साथ चैक चैराहों पर अलाव की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से चालू कराया जाय। एसडीएम ने बताया कि प्रतिदिन रैनबसेरे के साथ अलाव का निरीक्षण करने के लिए राजस्व विभाग की टीम बनाई गई है। जिसमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल को शामिल किया गया है, जो प्रतिदिन की रिपोर्ट देंगे। उन्होंने इस संबंध में तहसील के निकायों के साथ बालपुर ग्राम प्रधान को पत्राचार किया गया है। अलाव के संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी।

# प्राथमिकता से निस्तारित हों पाटेश्वरी शक्ति संवाद के मामले : आयुक्त

- विशेष महिला जनसुनवाई में 22 महिलाओं ने रखी समस्याएँ

**पायनियर संवाददाता। गोंडा**



देवीपाटन मंडल मुख्यालय में सोमवार को मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद के तहत आयोजित विशेष महिला जनसुनवाई में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुँचकर अपने विभिन्न मामलों को अधिकारियों के सामने रखा। इस मौके पर 22 महिलाओं ने अपने-अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्याय व त्वरित राहत की मांग किया।

जनसुनवाई की अध्यक्षता करते हुए मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने प्रार्थना पत्र पढ़कर संबंधित अधिकारी से मौके पर ही वार्ता की और मामलों को विस्तारित करते हुए दो सप्ताह के भीतर निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम बांसगांव डेलईपुरवा की लालिता तिवारी ने चकमार्ग पर दबंगों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे की गंभीर शिकायत दर्ज कराई। वहीं ग्राम खरगूपुर इमिलिया की मीरा सोनी और सवित्री देवी ने गाटा संख्या 2057 के सीमांकन विवाद की शिकायत की। महिलाओं ने बताया कि वर्ष 2011 में सीमांकन कर पत्थर नस्थ किया गया था, लेकिन विपक्षी पक्ष ने साजिशन हदबरारी वाद दायर कर नया आदेश ले लिया। आरोप है कि लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की मिलीभगत से पत्थर उखाड़कर भूमि को गाटा 1685 में जोड़ दिया गया।

इसी क्रम में ग्राम बूढ़ा देवर गरीबी पुरवा की माला देवी ने अपने सहन की भूमि पर कब्जे की कोशिश और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कराया।

उन्होंने बताया कि 5 दिसंबर की सुबह विपक्षी पक्ष ने उनकी भूमि पर कूड़ा फेंकने का प्रयास किया और विरोध करने पर उन्हें गंभीर धमकियाँ दी गईं। आरोप है कि एक व्यक्ति हथियार लेकर हमला करने दौड़ा, जिससे वह किसी तरह बच सकीं।

उन्होंने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई और अवैध कब्जा रोकने की मांग की है। इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा और उपायुक्त खाद्य भी मौजूद रहीं।

# मथुरा हादसे में तीन दोस्तों की मौत









❖ दुर्घटना में एक बैंक का डिप्टी मैनेजर, दूसरा जनसेवा केंद्र संचालक, तीसरे किराना व्यापारी थे

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के तीन दोस्तों की मथुरा में सड़क हादसे में मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक अन्य दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी दोस्त जलालाबाद थाना क्षेत्र के निवासी थे और मथुरा में दर्शन के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर के बाद कार करीब बीस फीट गहरी खाई में गिरी थी।

मृतकों की पहचान जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला गोपालनगर निवासी निकुंज गुप्ता, मोहल्ला सराय निवासी सौरभ गुप्ता और राजन गुप्ता के रूप में हुई है। उनके साथ दोस्त राजा भारद्वाज भी था, जो घायल हुआ है। निकुंज गुप्ता आगरा में ICICI बैंक में डिप्टी मैनेजर थे और करीब 5 दिन पहले ही घर आए थे। तीन भाई बहनों में ये सबसे छोटे थे। जबकि राजन किराना व्यापारी थे, इनकी शादी तीन साल पहले मोनी गुप्ता से हुई थी। वहीं, सौरभ अपने ही मोहल्ले में जनसेवा केंद्र चलाते थे। कार भी सौरभ की थी, जो 4 महीने महीने ही सेकेंड हैंड ली गई थी। सौरभ दो भाई-दो बहनों में तीसरे नंबर पर थे। चारों दोस्तों ने मथुरा के बांके बिहारी मंदिर के दर्शन का कार्यक्रम बनाया था। रविवार रात चारों दोस्त एक कार से मथुरा के लिए निकले थे। मथुरा से कुछ पहले यमुना एक्सप्रेसवे पर उनकी कार बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। कार कई बार पलटी, जिससे निकुंज गुप्ता, सौरभ गुप्ता और राजन गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में कार में सवार चौथा दोस्त राजा भारद्वाज गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कार से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा, जबकि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पहचान के बाद परिवारों को घटना की जानकारी दी। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में शोक छा गया। परिजन मथुरा के लिए रवाना हो गए हैं।

# स्कूल बस की टक्कर से दो युवकों की मौत



पायनियर संवाददाता। त्रिवेदीगंज बाराबंकी

सड़क पार कर रहे बाइक सवार दो युवक स्कूल बस की चपेट में आकर घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया जहां एक को मृत घोषित कर दिया।

हादसा लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर सोमवार दोपहर करीब दो बजे लोनी कटरा थाना क्षेत्र के छंदरौली कट पर हुआ।थाना क्षेत्र के ही छंदरौली निवासी प्रभात वर्मा(22) बाइक से अपने रिश्तेदार जनपद लखनऊ थाना नगराम के सिंघड़ी का पुरवा निवासी दीपक (21) के साथ भिलवल चौराहे से घर जा रहा था। जहां सड़क पार करते समय सूर्या पब्लिक स्कूल की बस की चपेट में आकर घायल हो गए।सभी घायलों को पुलिस ने सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया।जहां डाक्टर ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। प्रभात को ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया इलाज के दौरान प्रभात की भी मौत हो गई।छबील चौकी प्रभारी संजय यादव का कहना है कि सूर्या पब्लिक स्कूल की बस की चपेट में आकर मौत हुई है।

## जमीनी विवाद का निस्तारण करने गई पुलिस व राजस्व टीम पर जानलेवा हमला, घायल

**फतेहपुर, बाराबंकी।** मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत का निस्तारण करने पहुंची राजस्व एवं पुलिस टीम पर सोमवार को उस समय हमला हो गया, जब अधिकारियों द्वारा दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की जा रही थी। घटना मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के छेदा ग्राम अंतर्गत चौकीपुरवा की है, जहां शिकायतकर्ता और विपक्षी पक्ष के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि स्थिति हाथापाई और हमले तक पहुँच गई। चौकीपुरवा निवासी झल्लू पुत्र रामसेवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करते हुए आरोप लगाया था कि गांव के ही रामनरायन ने उसकी भूमि पर कब्जा कर लिया है। तहसील प्रशासन की ओर से गठित टीम में कानूनगो जगतराम वर्मा, लेखपाल हिमांशु वर्मा तथा सुरक्षा की दृष्टि से छेदा चौकी प्रभारी अरुण कुमार सिंह को भेजा गया था।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव

पायनियर संवाददाता। सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

कोतवाली बदोसरांय के किंतूर गांव में एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय मोहित यादव उर्फ पप्पू पुत्र माधवराम के रूप में हुई है, जो अखाड़ापुरवा किंतूर गांव का निवासी था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मोहित यादव 7 दिसंबर रविवार शाम से लापता था।

भाई अशोक कुमार के अनुसार वह उस शाम किसी से फोन पर बात करते हुए घर से निकले थे और फिर वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला।इसके बाद 8 दिसंबर की सुबह मोहित के भाई अशोक कुमार ने कोतवाली बदोसराय पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर मोहित की तलाश शुरू कर दी थी।सोमवार शाम करीब 4 बजे गांव के बाहर रफी के खेत में लगे चिल्वल के पेड़ से मोहित का शव मफलर के फंदे से लटका हुआ पाया गया। शव के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।मृतक मोहित यादव एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक का कार्य करता था। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। बड़ा बेटा शिवम 15 वर्ष का है, जबकि छोटा बेटा सूरज 12 वर्ष का है। कोतवाली बदोसराय प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने इस संबंध में बताया कि युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मीट की दुकानों पर छापेमारी

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पल्लवी तिवारी के नेतृत्व में मीट की दुकानों पर आकस्मिक छापेमारी की गई। इस दौरान तीन दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से दो को सीज कर दिया गया। अचानक हुई छापेमारी से सभी दुकान संचालकों में हड़कंप मच गया। टीम के पहुंचने से पहले ही रिजवान और जावेद अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने उनकी दोनों दुकानों को सीज कर दिया। टीम ने आरिफ मीट शॉप का भी निरीक्षण किया, जहां लाइसेंस के साथ कोई अतिरिक्त मीट नहीं मिला। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पल्लवी तिवारी ने बताया कि जिले में मिल रही ऑनलाइन शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

# पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति टीम को दिया नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र



पायनियर संवाददाता। निंदूरा बाराबंकी

थाना की मिशन शक्ति टीम को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय ने प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

6 दिसंबर को थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़ना की 9 माह की गर्भवती महिला इलाज के लिए घुंघटेर जा रही थी। रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। सूचना मिलते ही बड्डूपुर थाना की मिशन शक्ति टीम–उपनिरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय, महिला आरक्षी मोनी वर्मा और महिला आरक्षी प्रतिभा कुमारी मौके पर पहुंची। टीम ने स्थानीय स्तर पर चिकित्सक की व्यवस्था कराते हुए महिला की सड़क पर ही नॉर्मल डिलीवरी कराई और मां-बच्चे को एम्बुलेंस से सीएचसी घुंघटेर भेजा। कार्य की सराहना करते हुए एसपी बाराबंकी ने बड्डूपुर मिशन शक्ति टीम को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**फतेहपुर बाराबंकी।** थाना फतेहपुर पुलिस ने बीते शनिवार को हुई फायरिंग की घटना में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम गुरसेल निवासी रेनू चौधरी उर्फ कृष्णपाल पुत्र कोयलीराम उर्फ गोविंद प्रसाद, लालता प्रसाद पुत्र सत्रोहन लाल पर फायर झोंकने के मामले में मुख्य अभियुक्त के रूप में नामजद था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी।लालता प्रसाद की पत्नी ने थाने में तहरीर देकर रेनू चौधरी समेत चार लोगों को नामजद करते हुए मामला दर्ज कराया था। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि पुरानी रंजिश के चलते अभियुक्तों ने उनके पति पर जानलेवा हमला किया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला को जबरन कार में बैठाने की धमकी चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में एक होटल में कार्यरत महिला ने कार सवार चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसे जबरन कार में बैठाने की धमकी दी गई और जान से मारने की धमकी देकर नौकरी छोड़ने का दबाव बनाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चौक कोतवाली क्षेत्र के सिंजई निवासी सुप्रिया शर्मा ने रोजा थाने में दर्ज एफआईआर में बताया कि वह एक होटल में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती हैं। 4 दिसंबर को वह होटल से निकलकर घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रही थीं, तभी एक कार उनके पास आकर रुकी। आरोप है कि कार में जिला बदर अपराधी सुमित गुप्ता और उसके साथी मौजूद थे। उन्होंने सुप्रिया को कार में बैठने के लिए कहा और धमकी दी कि अगर वह नहीं बैठीं तो सभी मिलकर उन्हें जबरदस्ती बैठा लेंगे। स्थानीय लोगों की भीड़ जुटने लगी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उन्होंने पुराने मुकदमे में समझौता न करने पर परिवार को अंजाम भुगतने की भी धमकी दी। सुप्रिया ने बताया कि 5 दिसंबर को आरोपी सुमित गुप्ता और राधाकृष्ण गुप्ता उर्फ चुटिया ने अलग-अलग नंबरों से फोन कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी और नौकरी छोड़ने का दबाव बनाया। पीड़िता के पास इन फोन कॉल्स की रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### न्यायालय कर्मी शिव जी पाण्डेय का हार्ट अटैक से निधन

**उन्नाव।** सीजेएम कार्यालय में लम्बे समय से कार्यरत तथा वर्तमान में ग्राम न्यायालय बांगरमऊ में तैनात शिव जी पाण्डेय का आज सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया।उनके निधन से न्यायालय कर्मियों एवं परिचितों में शोक की लहर है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इस मौके पर बार एसोसिशन ने पदाधिकारियों ने शोक ब्यक्त किया और ईश्वर से उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान कि प्रार्थना की।

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का उन्नाव दौरा आज

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज उन्नाव के दौरे पर पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 12 बजे लखनऊ से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय उन्नाव पहुंचेंगे।इस आशय कि जानकरी देते हुए भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला ने बताया कि उप मुख्यमंत्री भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक, जिला संवाद मॉनिटरिंग टीम की बैठक एवं पत्रकार वार्ता में सहभाग करेंगे। इसके बाद ग्राम टीकर में बूथ समीक्षा बैठक तथा निरीक्षण भवन में प्रशासनिक बैठक में सम्मिलित होंगे। शाम 4:05 बजे वे जिलाध्यक्ष श्री अनुराग अवस्थी के आवास पर पहुंचेंगे तथा लगभग 4:30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**उन्नाव।** भीठ से पान तोड़कर वापस लौट रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे अधेड़ घायल होकर रोड पर गिर पड़ा। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सीएचसी औरास में भर्ती कराया गया जहां गंभीर अवस्था देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदन चौरसिया पुत्र कुशेहर उम्र 55 वर्ष निवासी शरीफाबाद अपने भीठ मे पान तोड़ने के लिए गया था और वापस रामपुर गढ़वा से भावा खेड़ा रोड से शाम के वक्त आ रहा था कि अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे अधेड़ घायल होकर रोड पर गिर पड़ा। परिजनों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास मैं भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद गंभीर अवस्था देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां अधेड़ की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया शव गाँव पहुंचते ही परिजनों में कोहरा मच गया मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के भतीजे ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन पर कार्रवाई की मांग की।

### पुलिस बेड़े में 12 नई पीआरवी गाड़ियां उन्नाव में शामिल

**उन्नाव।** जनपद में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने 112 सेवा के लिए 12 नई चार पहिया पीआरवी वाहन (स्कॉर्पियो एवं इनोवा) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बोलते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहाँ की इन नए वाहनों के शामिल होने से जिले में आपात स्थितियों में पुलिस रिस्पॉन्स टाइम में तेजी आएगी और नागरिकों को तुरंत व प्रभावी मदद मिल सकेगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री संजय कुमार मिश्रा, 112 प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# डीएम ने धान क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती

जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत राजकीय धान क्रय केंद्र टंड़वा बनकटवा का औचक निरीक्षण कर धान खरीद का जायजा लिया। इस दौरान ज्ञात हुआ कि इस क्रय केन्द्र पर 2300 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है जिसमें अबतक 60 किसानों से 283.96 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र पर खरीद पंजिका, बोरों की व्यवस्था, ई-उपार्जन हेतु लैपटाप/आई-पैड, इलेक्ट्रानिक कांटा, विनोइंग फैन/पंखा, छलना पावर डस्टर एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि किसानों से धान खरीदने में यदि किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो केन्द्र प्रभारियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत ही राजकीय धान क्रय केन्द्र बी0पैक्स भिनगा देहात का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ज्ञात हुआ कि इस केन्द्र का लक्ष्य 840 मीट्रिक टन रखा गया है, जिसके सापेक्ष अबतक 24 किसानों से कुल 122.60 मीट्रिक टन खरीद की जा चुकी है जिलाधिकारी उपस्थित केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया धान क्रय में तेजी लाकर तय समय में खरीद पूर्ण कर ली जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिया कि वे निरन्तर धान क्रय केन्द्रों की मानिटरिंग कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखवायें ताकि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न होने पाये। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष जनपद में धान खरीद हेतु 45000 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है।

# सामूहिक विवाह योजना में एक दूजे के हुए 192 जोड़े

## बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक दिनेश रावत



पायनियर संवाददाता। हैदरगढ़ बाराबंकी

सोमवार को हैदरगढ़ के क्षेत्र के अवशानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने सम्मिलित होकर नवविवाहित192 जोड़ों को शुभाशीर्वाद दिया। तथा उनके उज्ज्वल एवं सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की।

विधायक दिनेश रावत ने कहा यह आयोजन इस बात का सशक्त उदाहरण है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना किस प्रकार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के सपनों को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, भाजपा नेता सुनील सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा मोनू सिंह राम तीरथ वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला चेयरमैन आलोक तिवारी पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज दीक्षित प्रधान सोनू सिंह शेखर सिंह महादेव पाठक अतुल गोस्वामी सहित सभी सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, जिला समाज कल्याण अधिकारी, उपजिलाधिकारी हैदरगढ़, समस्त खंड विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, नवविवाहित जोड़े एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में थाना हरदत्त नगर गिरन्ट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 277/2025 धारा 65(1),127(2) इठर व 3/4(2) पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त की अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी भिनगा, सतीश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय थाना हरदत्तनगर गिरण्ट के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम खैरहवा दा0 ददौरा थाना हरदत्तनगर गिरफ्तार कर लिया।

# डीएम ने शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता। उन्नाव

जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में सशस्त्र सेना झंडा दिवस कलेक्ट्रेट स्थित पन्ना लाल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मधु मिश्रा ने जिलाधिकारी को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का स्टिकर लगाकर किया गया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने युद्ध में शहीद सैनिकों, दिव्यांग सैनिकों तथा सैनिकों की विधवाओं एवं आश्रितों के कल्याण हेतु दान पेटी में धनराशि अर्पित कर शहीद को भावभूमि श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में जिलाधिकारी श्री राठी ने कहा कि हमारी सेना की तीनों इकाइयों–थल सेना, वायुसेना एवं नौसेना में सेवाएं देने वाले वीर सैनिकों ने राष्ट्र की सुरक्षा एवं विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और उनके परिवारों के सहयोग हेतु यह दिवस महत्वपूर्ण अवसर है। सभी नागरिक इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने जनपद के सभी अधिकारी कर्मचारियों एवं प्रमुख संस्थाओं से अधिकाधिक योगदान सुनिश्चित कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विधेस जी, उप जिलाधिकारी आनंद नायक, रामदेव निषाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित लोगों ने भी दान पेटिका में धनराशि डालकर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया।

# सड़क हादसे में पीएसी जवान की हुई मौत, मचा कोहराम

पायनियर संवाददाता। उन्नाव

पीएससी में तैनात जवान अपनी पत्नी को रेलवे स्टेशन पर छोड़कर वापस आ रहा था कि ब्रेकर पर बाइक उछल गई जिससे पीएससी का जवान बाइक सहित रोड पर गिर पड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां इलाज के तीसरे दिन पीएससी जवान की मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया ।औरास थाना क्षेत्र के मिर्जापुर अजिगांव गांव निवासी बबलू पुत्र सुरेश कुमार जो की पीएससी में तैनात होने के बाद परिवार सहित लखनऊ में रह रहा था और और वह अपनी पत्नी जो कि जीआरपी में तैनात थी, को चारबाग रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए गया था क्योंकि पत्नी रेलवे में है और उनकी तरह थी पश्चिम बंगाल में है पत्नी को छोड़कर वापस बाइक से आ रहा था कि अचानक हजरतगंज की तरफ ब्रेकर पर बाइक उछल गई और पीएससी में तैनात युवक रोड पर गिर पड़ा जिससे गंभीर चोटे आई परिजनों ने लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां तीन दिनों तक घायल का इलाज चलता रहा तीसरे दिन युवक की मृत्यु हो गई।

# शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए बीएसए ने बच्चों को किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता द्वारा चलाई जा रही अनूठी पहल के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय शाहमतगंज गौटिया के बच्चों को शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्मानित किया गया।

सम्मान की इस अनूठी पहल के बारे में बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया की शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों के फोटो संबंधित विद्यालय द्वारा आकर्षक ढंग से कार्यालय में डैशबोर्ड पर लगाए जाते हैं। तत्पश्चात संबंधित बच्चों को सम्मानित किया जाता है।उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग शाहजहांपुर द्वारा संचालित परिवर्तन और संकल्प समूह के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए सभी शिक्षकों का आवाहन किया कि अपने-अपने विद्यालयों में शासन की मंशानुसार कार्यों को उत्कृष्टता के साथ कराए जिसका लाभ शैक्षिक एवं सामाजिक दृष्टि से बच्चों को प्राप्त हो और उनके भविष्य की स्वर्णिम आधारशिला रखी जा सके ।बच्चों के सम्मान की मुहिम में उत्साह वर्धन करने के लिए सर्टिफिकेट, मेडल और स्टार से सम्मानित किया जाता है। आज सम्मानित होने वाले बच्चों में अनस, जन्नत ,उमरा, प्रिंस सिंह, लवी, पिंकी पाल, जानवी और नैंसी शामिल है।

# शाहजहांपुर में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

❖ परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया, बोले- पुलिस दबिश देती थी उसकी एक नहीं सुनी

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

शाहजहांपुर में एक युवक का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला है। परिजनों ने दूसरे गांव के युवक पर मारपीट कर हत्या करने और फिर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। उनका यह भी आरोप है कि पुलिस ने मृतक की शिकायत नहीं सुनी। मदनापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले 35 वर्षीय सुनील दिल्ली में बेलदारी का काम करते थे।

वह अपनी पत्नी सरिता और चार बच्चों का भरण-पोषण करते थे। सोमवार सुबह सुनील का शव गांव के खेत में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। उनके गले में मफलर का फंदा लगा था। खेत में काम करने गए सुनील के बड़े भाई संतराम ने शव देखा और परिवार को सूचना दी। शव देखकर परिवार में दुख का माहौल छा गया। परिजनों ने दूसरे गांव के रहने वाले युवक पर मारपीट कर हत्या करने के बाद शव को लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक के भतीजे सुरजीत ने बताया कि सुनील 3 दिसंबर को घर लौटे थे। उसी रात उनका दूसरे गांव के एक युवक के साथ शराब पीने के बाद विवाद हो गया था।

# युवा उत्सव का हुआ भव्य आयोजन



पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

शाहजहाँपुर, युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में आयोजित जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज भारत रत्न अटल बिहारी वाजपई ऑडिटोरियम एंटा चौराहा शाहजहांपुर में किया गया जिसकी मुख्य अतिथि ममता यादव जी माननीय अध्यक्षा जिला पंचायत शाहजहांपुर रही ।

कार्यक्रम विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के अंतर्गत कल्चरल एवं इनोवेशन ट्रैक पर आधारित था ।जिसमें लोकगीत सामूहिक,लोक नृत्य सामूहिक, भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान मेला प्रदर्शनी,चित्रकला प्रतियोगिता, कविता लेखन, कहानी लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन युवा कल्याण विभाग के द्वारा किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता यादव जी ने कहा युवा उत्सव शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्रियां प्राप्त करना ही नहीं है बल्कि युवाओं को संस्कारवान विचारवान एवं बहुमुखी प्रतिभा का धनी बनाना भी है उच्च शिक्षा का एक मंतव्य यही भी है कि देश के युवाओं के व्यक्तित्व के बहरमुखी विकास के लिए अनुकूल अवसर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराये जाए ।कार्यक्रम प्रभारी श्री सतेंद्र कुमार जी ने कहा,₹ युवा उत्सव का उद्देश्य देशभर के युवाओं को एक मंच पर लाकर उनकी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करना है जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह जी ने कहा,₹राष्ट्रीय एकता भाईचारे और आत्मविश्वास आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करने वाले देश को बांटने का काम कर रहे हैं: सांसद संजय

## आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह का भाजपा सरकार पर तीखा हमला

**पायनियर संवाददाता। बरेली**



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को बरेली में भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 'देश संविधान से चलेगा, किसी बाबा के फरमान से नहीं।'वे दूसरे चरण की पदयात्रा के दौरान संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पदयात्रा का उद्देश्य जनता में जागरूकता लाना है।

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार वोट की डकैती कर रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से करोड़ों वोट काटे जाने का खतरा मंडरा रहा है और एसआईआर में गड़बड़ियां जानबूझकर की जा रही हैं।उन्होंने दावा किया कि बिहार में विधानसभा क्षेत्रों में हजारों वोट काटे गए, जिसे पूरे देश ने देखा। अब यूपी में दो करोड़ तक वोट हटाने की साजिश चल रही है। लखनऊ, जौनपुर और रामपुर में बड़े षडयंत्र सामने आए हैं।संजय सिंह ने कहा कि असम के नागरिक जो पिछले 20 साल से लखनऊ में रह रहे हैं, भाजपा मेयर ने उनका सामान तक भरवाकर भिजवा दिया। 'अनट्रेसेबल' कैटेगरी की आड़ में बड़े पैमाने पर वोटों की सफाई की जा रही है। पीढ़ियों से रह रहे लोगों के भी वोट काटे जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि आप पार्टी संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। 'सम्मान, रोजगार और धर्मनिरपेक्षता सब खतरे में हैं,' उन्होंने कहा।

संजय सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि नकली बहसें कराई जा रही हैं और एक बाबा के माध्यम से देश को बांटने की कोशिश हो रही है।सांसद संजय सिंह बोले दिल्ली में हमारी दो बार सरकार रही हमने शिक्षा और बिजली जनता को मुफ्त में दी दिल्ली में विकास किया जब से भाजपा सरकार आई हैं दस महीनों में दिल्ली को बर्बाद किया है स्कूलों की फीस 80 फीसदी बढ़ गई है 5 घंटे बिजली की कटौती हो रही हैं और नकली घाट बनाया छठ मईया का सबसे ज्यादा प्रदूषित है वो दिल्ली हैं ।संजय ने कहा हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात कर रहे समझो देश को बांटने का काम कर रहे हैं।

## 79 लीटर कच्ची शराब के साथ 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया - पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद ने मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण के सम्बन्ध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय व अन्य पुलिस टीम द्वारा आबिकारी अधिनियम में बड़ी कार्यवाही करते हुये 05 अभियुक्तों को 79 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया है। थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 423/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित अभियुक्त आजाद उर्फ बुड्ढा पुत्र महाजन निवासी बदलपुर थाना सिरसिया, मु0अ0सं0- 424/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित अभियुक्त गुल्ले पुत्र सहजराम निवासी ओझा पुरवा दा0 तेंदुआ रतनपुर थाना सिरसिया, मु0अ0सं0- 425/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित अभियुक्त गिरफतार गिया गया।

# कीर्तन यात्रा का भव्य आयोजन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**पायनियर संवाददाता। बरेली**




डमरू चैक, डेलापीर अनाज मंडी के अंदर से सुबह 11 बजे शुरू हुई भव्य कीर्तन यात्रा ने पूरे शहर में आध्यात्मिक वातावरण बना दिया। यात्रा डेलापीर सब्जी मंडी, डमरू चैराहा, एकता नगर, रामजानकी मंदिर, राजेंद्र नगर, प्रेम नगर धर्म कांटा मोड़ और टीवरीनाथ मंदिर से होती हुई मनोहर भूषण इंटर कॉलेज पहुंची।

यहाँ पूर्ण आहूति और शाल आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे और समापन पूजा का आयोजन किया गया।यह कीर्तन यात्रा पहली बार 2023 में निकाली गई थी। इसे प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस तथा 14 फरवरीध्मार्च में पितृ पूजन दिवस के संदेश के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।इस वर्ष यात्रा में लगभग 25 दोपहिया, 25 चारपहिया वाहन, एक बड़ी साउंड गाड़ी, करीब 500 पैदल श्रद्धालु, और कुल मिलाकर लगभग 800 लोग शामिल हुए।समिति अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना ने बताया कि पूज्य गुरुदेव संत आशाराम जी बापू के आशीर्वाद से समिति के पदाधिकारी और भक्त भजन-कीर्तन करते हुए हर स्थान पर सत्साहित्य, ऋषि प्रसाद पत्रिका और गोला-मिश्री का वितरण कर सात्विक जीवन का संदेश देते हैं। यह परंपरागत यात्रा न सिर्फ आध्यात्मिकता को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में भाईचारे और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करती है।यात्रा का आयोजन समिति अध्यक्ष अशोक सक्सेना, कोषाध्यक्ष संजीव जौहरी, सचिव मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, सदस्य संदीप अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रमेश गर्ग तथा महिला उत्थान मंडल की विभा गुप्ता, राधा गुप्ता, अंजू ओझा और पुष्पा सक्सेना के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गरीब जन कल्याण फाउंडेशन के नए कार्यालय का शुभारंभ

**पायनियर संवाददाता। घाटमपुर**



गरीब जन कल्याण फाउंडेशन के नए कार्यालय का शुभारंभ हर्षोल्लास से किया गया। शुभारंभ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष मनोज भदौरिया के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर गरीब जन कल्याण फाउंडेशन के अध्यक्ष राजनाथ पाण्डेय ने मुख्य अतिथि कु मनोज भदौरिया का स्वागत माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र पहना स्मृति चिन्ह भेंटकर किया।

मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने बड़ी संख्या में मौजूद पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विगत कई वर्षों से निरंतर फाउंडेशन निर्धन निर्बल असहाय समाज के उत्थान की दिशा में कार्य कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने गरीब जन कल्याण फाउंडेशन के द्वारा चलाई जा रही शिक्षा अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि भोजन भले ही कम किया जाए किंतु शिक्षा हर आमजनमानस को मिलनी चाहिए। उन्होंने जीवनपर्यंत ऐसे संगठन और समाज के लिए तन मन धन से समर्पित रहने की बात कहते हुए समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि सभी को अपने परिवार के साथ साथ निर्धन निर्बल असहाय समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करना चाहिए।

अध्यक्ष राजनाथ पाण्डेय ने कहा कि उन्होंने जीवन पर्यंत धन को कमाया किंतु विगत वर्षों से जब वह बस्तियों में जाकर पाठ्य सामग्री वितरित करते हैं तो नन्हे नौनिहालों के चेहरों पर खुशियां देख वह अपना दर्द और परेशानियों को भूल कर और अधिक जोश से पुनः सामग्री जिसमें पाठ्य खाद्य सहित जरूरतमंदो को वस्त समाज के समाजसेवियों के सहयोग से वितरित कराते हैं। आए हुए अतिथियों का स्वागत टीका कर किया गया इस दौरान महिला पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से अध्यक्ष राजनाथ पाण्डेय के द्वारा चलाई जा रही मुहिम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से पंकज तोमर विकास त्रिपाठी प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत अरविंद सिंह प्रियांशु ठाकुर सचिव वरुण शुक्ला कोषाध्यक्ष सौरभ सिंह सलाहकार शशिकांत सचान सरिता सिंह चंदेल कृष्णकांत गुप्ता पद्मिनी तिवारी सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शादी के दौरान दूल्हे के भाई की गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार



**पायनियर संवाददाता। बरेली**

थाना सिरौली क्षेत्र के गांव सिपरी में रविवार रात एक शादी समारोह के दौरान दूल्हे के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से बारात में अफरा-तफरी मच गई और खुशी का माहौल मातम में बदल गया। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के चाचा मोहम्मद इरशाद ने बताया कि सुभाषनगर क्षेत्र के सिठौरा मढ़ीनाथ निवासी जाबिर अली की बारात रविवार शाम सिरौली के गांव सिपरी गई थी। साथ में परिचित अरविंद यादव अपनी कार लेकर गया था। उसी कार में दूल्हे का भाई 32 वर्षीय रिजवान पुत्र निसार अहमद भी बैठा था।

कार बारात की बस से पहले पहुंच गई।बताया गया कि लड़की वालों के घर के पास कार से उतरते समय अचानक अरविंद यादव ने रिजवान को गोली मार दी, जो सीधे उसके माथे में लगी। रिजवान ने मौके पर ही दमतोड़ दिया। गोली चलते ही आरोपी अरविंद यादव फरार हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज-ा। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इधर, हादसे के बाद परिवार ने माहौल को देखते हुए चुपचाप निकाह की रस्म पूरी कर दुल्हन को विदा किया और बारात को बरेली वापस ले आए।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध तमंचा और कारतूस समेत शातिर चोर गिरफ्तार



**पुखराया-कानपुर देहात।** भोगनीपुर पुलिस ने एक शातिर चोर को अवैध तमंचा एवं कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया जाएगा। मुखबिर से प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। वह चोरी करने के इरादे से मूसानगर रोड से नोनापुर रोड होता हुआ पुखरायां की तरफ आ रहा था। उसके पास से अवैध तमंचा एवं कारतूस बरामद हुआ है। पूछे जाने पर उसने अपना नाम रिशब पुत्र दयाशंकर निवासी वार्ड नं0 6 लोहाई मोहल्ला कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात बताया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार को टीईटी अनिवार्यता पर पुनर्विचार के लिए सौंपा ज्ञापन

**बरेली।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर प्रदेश संयुक्त मंत्री व जिला अध्यक्ष बरेली प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में बरेली टीम ने रविवार को सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को पारित आदेश जिसमें देश के सभी सांसदों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने की बात कही गई है पर पुनर्विचार और विधायी हस्तक्षेप की मांग की।प्रियंका शुक्ला ने कहा कि यह विषय शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, सम्मान एवं कार्यप्रणाली से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसे संसद के शीतकालीन सत्र में प्रमुखता से उठाया जाना आवश्यक है। संगठन लगातार हर स्तर पर शिक्षकों के हितों की लड़ाई लड़ रहा है और जीत निश्चित रूप से शिक्षकों की ही होगी।मौके पर जिलासंयुक्त महामंत्री ऊषा देवी, जिला कोषाध्यक्ष परीक्षित गंगवार, जिला उपाध्यक्ष पारुल चंद्रा, जिला मंत्री शिखा अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष (आलमपुर जाफराबाद) राजेंद्र प्रसाद तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष (भोजीपुरा) राजपाल गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष (भुता) अवनीश गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष (मझगांवा) सत्यपाल सिंह, तथा हरविंद्र सिंह, शीशेंद्र गंगवार, जय गोपाल शर्मा, अरुण कुमार शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### सिविल डिफेंस के स्थापना दिवस पर कुष्ठ आश्रम में खाद्य व वस्त्र वितरित किए



**बरेली।** सिविल डिफेंस बरेली के स्थापना दिवस के दूसरे दिन आज उपनियंत्रक राकेश मिश्र, डिप्टी चीफ वॉर्डन रंजीत वशिष्ठ तथा सहायक उपनियंत्रक पंकज कुदेशिया के नेतृत्व में वार्डेन्स ने रामगंगा स्थित कुष्ठ आश्रम पहुँचकर वहां के निवासियों को वस्त्र, फल और भोजन वितरित किया।इस सेवा कार्यक्रम में प्रभागीय वार्डन अंजय अग्रवाल, प्रभागीय वार्डन संजय पाठक, उप वार्डन कलीम हैदर सैफी, अनिल शर्मा, श्याम कृष्ण, श्रीवास्तव, जगदीश प्रस-ाद, कमलेश वर्मा सहित अन्य वार्डेन्स उपस्थित रहे। सभी ने आश्रम के निवासियों को बैठाकर प्रेमपूर्वक भोजन भी कराया।कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि स्थापना दिवस के अंतर्गत सेवा, सहयोग और समाजहित के विभिन्न कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।सोमवार सुबह 8:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में सिविल डिफेंस बरेली के सौजन्य से वार्डेन्स तथा अन्य सम्मानित नागरिक रक्तदान करेंगे।

# एसपी ने किया शिवली थाने की अपराध समीक्षा



**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने सोमवार को शिवली थाने से संबंधित चैकी प्रभारी एवं विवेचकों का अर्दली रूम लिया। जिसमें अपराधों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने थाना की समग्र अपराध स्थिति का गहनता से अध्ययन किया। विशेष रूप से गंभीर प्रकृति के अपराधों जैसे डकैती, लूट, चोरी, महिलाओं के विरुद्ध अपराध तथा उभरते हुए खतरे वाले साइबर अपराधों पर चर्चा की गई एवं इनकी रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए कारगर रणनीति तैयार की गई। लंबित पड़े सभी पुलिस मामलों तथा विवेचनाओं को शीघ्र और प्रभावी ढंग से निस्तारित करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विवेचनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा अभियुक्तों के विरुद्ध ठोस सबूत एकत्र किए जाएं, ताकि अदालतों में दोषसिद्धि की दर में वृद्धि हो सके। इस दौरान थाना शिवली के समस्त विवेचक, चैकी प्रभारी, हल्का प्रभारी उपस्थित रहे।

# कृष्ण जन्म की कथा में लोगों ने लगाए जयकारे, किया नृत्य

**पायनियर संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात**





कस्बे के मंडी समिति के श्यामनगर मोहल्ले में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार देर शाम को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान साज-बाज के साथ लोग झूमने-नाचने लगे।कथा व्यास डॉ. राघवदास महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भगवान श्रीकृष्ण जन्म को सजीव करने के लिए नन्हे बालकों को श्रीकृष्ण के वेशभूषा में सजाया गया था। इन नन्हें बालकों के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो गए। इस अवसर पर परीक्षित बलवीर सिंह और मालती देवी ने भागवत पुराण की आरती की। भागवतकथा के दौरान अंकुश स्वामी ने बैंजो, मनोज शास्त्री ने हरमोनियम, मुन्ना ने तबला और गजेंद्र दास ने पेड बजाया। मुलायम सिंह यादव, राजेंद्र सिंह, महेश कुमार, वीरेंद्र फौजी, संग्राम सिंह, शिवम् यादव, आकाश यादव, रवि यादव, ब्रजभान यादव आदि भक्तगणों को भागवत कथा में मौजूद रहे। कथा समाप्त होते ही आरती करने के बाद प्रसाद का वितरण कराया।

# उत्साहपूर्णक मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस



**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**

सोमवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा अत्यंत उत्साह के साथ सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर अंकित सक्सेना (अ०प्रा) द्वारा ए०डी०एम० (वित्त एवं राजस्व) दुष्यंत कुमार मौर्य को प्रतीक झंडा लगाकर किया गया।

इसी क्रम में वरिष्ठ सहायक द्वारा ए०डी०एम० (न्यायिक) दिग्विजय सिंह को प्रतीक चिन्ह लगाया गया। साथ ही जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा अपर जिला जज हिमांशु कुमार सिंह को भी प्रतीक झंडा लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, भूतपूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों तथा नागरिकों को प्रतीक झंडे वितरित किए गए। इस पहल के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने वाले सैनिकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का संदेश प्रभावी रूप से जनमानस तक पहुँचा तथा नागरिकों में देशभक्ति एवं राष्ट्रसमर्पण की भावना और अधिक प्रबल हुई। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सशस्त्र सेना झंडा दिवस का यह आयोजन न केवल सैनिकों के प्रति सम्मान का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में राष्ट्रीय एकता, कर्तव्यबोध और सेवा की भावना को भी सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुआ।

## रोजगार मेले में किया गया 56 अभ्यार्थियों का चयन

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात एवं राजकीय आई०टी०आई० अकबरपुर, कानपुर देहात के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 09 कंपनियों प्रतिभाग किया गया। मेले में लगभग 83 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 56 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु शशि तिवारी जिला सेवायोजन अधिकारी कानपुर देहात, जिला सेवायोजन कार्यालय के तेज प्रताप सत्यार्थी, अनुज यादव, विनोद कुमार तथा राजकीय आई०टी०आई०अकबरपुर, कानपुर देहात के प्रधानाचार्य सुनील कुमार मौर्या और राजकीय आई०टी०आई० के आलोक कुमार एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से मेले को सफलतापूर्वक सपन्न कराया गया।

# एससीएसटी आयोग के सदस्य ने की योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश



**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**

सोमवार को स्थानीय सर्किट हाउस में सदस्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग रमेश चन्द्र कुण्डे द्वारा जनपद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा से संबंधित मुद्दों तथा एससी एवं सटी समुदाय के मामलों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।सदस्य ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एससी एवं एसटी वर्ग से संबंधित शिकायतों एवं प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण, पीड़ितों को त्वरित न्याय, तथा विभिन्न योजनाओं का पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक के उपरांत श्री कुण्डे द्वारा जनसुनवाई भी की गई। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए शिकायतकर्ताओं की समस्याएँ सुनी गईं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता के साथ जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य है कि समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को उनके अधिकार दिलाए जाएं तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या भेदभाव के मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिग्विजय सिंह, एसीएमओ डॉक्टर सुखलाल वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, डीसीएनआरएलएम गंगाराम वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल, उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सउद सहित नगरी निकाय के अधिकारीगण क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

**कानपुर देहात।** महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में जागरुकता अभियान चलाया गया । जिसमें जनपदीय थाना पुलिस द्वारा विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा योजनाओं, हेल्पलाइन नंबर्स, कानूनी अधिकारों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा साइबर अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना तथा अपराधों से बचाव के उपायों से अवगत कराना है, इस दौरान महिलाओं को 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (महिला शक्ति लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (इमरजेंसी हेल्पलाइन) एवं 1076 (पुलिस कंट्रोल रूम) जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई । आईटी एक्ट की जानकारी दी गई।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025



# एसडीएम के निरीक्षण में खरीद केन्द्र मिला बंद

❖ किसानों को उपज का समर्थन मूल्य के अनुरूप ज्वार, बाजरा और धान की खरीद के लिए सरकारी क्रय केंद्र किया गया है स्थापित

पायनियर संवाददाता। कालपी (जालौन)



जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीम मनोज कुमार सिंह ने सरकारी ज्वार, बाजरा, धान खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद स्थापित करके जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि किसानों को उपज का समर्थन मूल्य के अनुरूप ज्वार, बाजरा तथा धान की खरीद के लिए गल्ला मंडी कालपी के नीलामी चबूतरे में विपणन शाखा के द्वारा सरकारी क्रय केंद्र स्थापित किया गया है। केंद्र प्रभारी एसएमआई रुचिता ओमर को बनाया गया। सोमवार को उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने दोपहर को केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में मौजूद किसानों से संवाद स्थापित कर बातचीत की। केन्द्र प्रभारी रुचिता ओमर झांसी में सरकारी मीटिंग में शामिल होने के लिए जाने से मौजूद नहीं थी। केन्द्र में तहसील के राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर उपस्थित मिले। इसलिए खरीद का काम सोमवार को बंद मिला। उन्होंने निर्देश दिया कि साफ-सुथरा ज्वार व बाजरा को खरीद करें तथा केंद्र में किसानों की सुख सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जिस को बेचने वाले किसानों को कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। वहीं किसान पोला आदि ने उपजिलाधिकारी से शिकायत की है कि 10 दिन पहले ट्रैक्टर में ट्राली के माध्यम से अपनी ज्वार लेकर केंद्र में पहुंचा था। जिसका नंबर 54 था। 10 दिनों से में बराबर सेंटर में मौजूद हूं। लेकिन मेरे माल की तुलाई नहीं की जा रही है। इस दौरान टरननगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र सहित शासकीय कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## रोडवेज चालक और परिचालकों की मुफ्तखोरी से यात्री परेशान

**कालपी (जालौन)।** रोडवेज बसों के चालक तथा परिचालक की गलत नीतियों तथा मुफ्तखोरी की खाने की नीतियों के कारण यात्रियों को सफर के दौरान कठिनाइयों से जूझना पड़ता है प्रभावित यात्रियों ने इस मामले की संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है। उक्त समस्या को लेकर के रोडवेज बस में यात्रा करने वाले नागरिकों ने बताया कि कानपुर झांसी रूट में चलने वाली झांसी-कानपुर दोनों साइड की बसों के चालक मनमानी पूर्वक गाड़ियों को चलाते हैं फलस्वरूप जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। यात्रियों ने बताया कि रोडवेज बस के चालक तथा परिचालक फ्री चाय और खाने के लिए होटल ढाबे अनावश्यक बस को रोक देते हैं। फलस्वरुप बसों में यात्रा कर रहे बीमार, गर्भवती महिलाओं, परिक्षार्थियों, व्यापारियों आदि को ड्राइवर और कंडैक्टरों की इस गलत फितरत का प्रतिदिन शिकार होना पड़ता है। 7 दिसम्बर 2025 को इस विषय की शिकायत परिवहन निगम के टीआई कालपी ज्ञानसिंह से की गई। उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। बताते हैं कि रोडवेज बस के ड्राइवर तथा कंडक्टर मुक्त खाना तथा चाय पानी के चक्कर में आधा-आधा घंटे तक होटल तथा ढाबों में गाड़ियों को खड़ा कर देते हैं। जिससे यात्रियों के समय की बर्बादी होती है जनहित में प्रवाहन निगम के उच्च अधिकारियों से मांग की जाती है कि रोडवेज बसों का संचालन ठीक तरीके से कराया जाए तथा गलत आचरण करने वाले कंडक्टरों तथा ड्राइवर के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# ठंड को लेकर डीएम ने जारी की एडवाइजरी

पायनियर संवाददाता। बांदा



भारत सरकार मौसम विज्ञान विभाग( आई एम डी) के अनुसार इस वर्ष दिसम्बर से फरवरी तक तापमान अति न्यून होने की जानकारी दी गई है जो अब दिसम्बर के प्रथम सप्ताह के समापन तक यथार्थ होते दिख रही है।

इन मौसम घटनाओं को अवलोकन कर बांदा जनपद की जिलाधिकारी महोदया जे० रीभा ने जनपद में ठंढ से होने वाली स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं जैसे हाइपोथर्मिया, निमोनिया, सर्दी, जुकाम त्वचा फटना, हार्ट सम्बन्धी बिमारियों से बचाव हेतु असहाय, आर्थिक कमजोर,और जरूरत मन्दो को शीत से बचाने हेतु जारी की चेतावनी।

**शीत लहर से बचाव के तरीके**

**1-कपड़े/पहनावा:** कई परतों वाले गरम कपड़े पहनें। सिर, कान, हाँथ, एवं पैर अच्छी तरह ढकें।अधिकतर शरीर की गर्मी सिर एवं पैरों से निकलती है। गर्म मोजे दस्ताने, टोपी, स्कार्फ जरूरी है। गीले कपड़े शरीर से तुरंत बदले। गीले कपडों से शरीर का तापमान तुरन्त गिरता है।

**2-घर में सुरक्षा:** कमरों को बंद रखें।परन्तु थोडा वेंटिलेशन दें। ताकि दम घुटने की समस्या ना हो। हीटर या अंगीठी चलाते समय कमरे में वेंटिलेशन हो ताकि कार्बन मोनोऑक्साइड का खतरा उत्पन्न ना हो।बुजुर्गों, बच्चों, एवं बीमार लोगों को गर्म रखें।

**3-भोजन एवं पेय:** गर्म भोजन करें जैसे दलिया, सूप, खिचड़ी, चाय, दूध। पर्याप्त पानी पियें। सर्दी में प्यास कम लगती है। लेकिन पानी नहीं पीने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती है। तैलीय एवं भारी भोजन कम करें। पौष्टिक वा विटामिन समृद्ध भोजन ही लें।

**4-बाहर जाते समय सावधानियां:** आवश्यकता होने पर ही बाहर निकलें।ठण्डी हवाओं से बचने के लिए स्कार्फ का प्रयोग करें।

फिसलन भरी जगहों में सावधानी से चलें। शरीर को ज्यादा देर तक ठण्ड के सम्पर्क में ना रखें। बीच बीच में गर्म स्थान पर जाएं।

**5-वाहन चलाते समय:** सुबह व रात में कोहरा/धुंध पर गति धीमी रखें। हेडलाइट/ फाग लाइट का सही उपयोग करें। वाहन की बैटरी, टायर, और ब्रेक की जांच रखें।ठण्ड में गाडियां कभी कभी स्टार्ट होने में समय लेती है।

**6-स्वास्थ्य सम्बन्धी बचाव**

हाइपोथर्मिया के लक्षण पहचानें- कंपकंपी, कमजोरी, भ्रम, धीमी सांसलेना। त्वचा फटने से रोकने के लिए मॉइस्चराइजर का प्रयोग करें। जरूरत पडने पर डॉक्टर से तुरन्त सम्पर्क करें। जिसको अस्थमा, दिल की बीमारियां या आर्थराइटिस है वे विशेष सावधानी रखें। ग्रमीण जन एवं प्रिय कृषक भाइयों सुबह शाम अत्यंत ठण्ड में काम से बचें।

## जनपद में निकाली गई नगर कीर्तन यात्रा

**लखीमपुर-खीरी।** जिले में सिखों के 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी दिवस पर नगर कीर्तन कारसेवा निकाली गई। गुरुद्वारा महंगापुर नानक प्याऊ से मुख्य जत्थेदार संत बाबा गुरनाम सिंह अगुवाई में नगर कीर्तन अरदास के बाद महंगापुर से पलिया, भीरा, बिजुआ, बसतोला मार्ग होते हुए अलीगंज मार्ग हडेला स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर के लिए रवाना की गई। श्री गुरु तेग बहादुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। बच्चों एवं अन्य लोगों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर पानी का छिड़काव किया। जगह-जगह स्टाल लगाकर नगर कीर्तन का स्वागत व जलपान की व्यवस्था कराई गई। नगर कीर्तन में मुख्य रूप से महंगापुर गुरुद्वारा के मुख्य जत्थेदार संत बाबा गुरनाम सिंह, गुरप्रीत सिंह भिंडर, गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह, स्कूल प्रबन्धक तीर्थ सिंह, सर्वजीत सिंह, प्रधान गुरमीत सिंह, गुरुद्वारा के कई जत्थेदार,महिला पुरुष संगत मौजूद रही।

# अवैध प्लाटिंग को किया गया ध्वस्त



पायनियर संवाददाता। बांदा

विकास प्राधिकरण के प्रर्वतन दल द्वारा भू-स्वामी उर्मिला एवं किशोरी उर्फ बुल्लू विक्रेता अजीत गुप्ता, प्रकाश मिश्रा एवं राजभवन उपाध्याय द्वारा नरैनी रोड बांदा मेडिकल कालेज के पीछे की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। उक्त अवैध प्लाटिंग किये जाने पर प्राधिकरण द्वारा दिनांक 31.07.2025 को चालानी कार्यवाही करते हुये प्राधिकरण में वाद संख्या 124/2025 योजित किया गया एवं विपक्षी को पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरान्त दिनांक 22.09. 25 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया एवं विपक्षी को निर्देश दिये गये कि उक्त अवैध प्लाटिंग को 30 दिवस के अन्दर स्वतः हटाते हुये प्राधिकरण को सूचित करें किन्तु विपक्षी द्वारा उक्त का पालन न किये जाने पर प्राधिकरण द्वारा दिनांक 8 को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। उक्त ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक एव नायब तहसीलदार के साथ विकास प्राधिकरण बांदा का प्रर्वतल दल उपस्थित रहा।बांदा शहर के आम जन मानस से अपील की जाती है कि किसी भी अवैध प्लाटिंग में प्लाट न खरीदें।

## नाले की सफाई न होने से रास्ते में भरा पानी

**जालौन (उरई)।** नाले की सिल्ट की सफाई न होने से आम रास्ते और खेतों में पानी भर रहा है। जिससे आवागमन में दिक्कत होने के साथ ही फसल भी खराब हो रही है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सिल्ट की सफाई कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी राजेंद्र कुशवाहा ने एसडीएम हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के पानी को बाहर करने के लिए गांव में नाला का निर्माण कराया गया था। यह नाला मलंगा नाले से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में यह नाला चोक हो गया है। नाले में जमा गंदगी और सिल्ट के चलते जलभराव हो रहा है। आम रास्ते पर जलभराव होने के साथ ही पानी गांव के बाहर स्थित खेतों में भी भर रहा है। जिससे खेत की फसल खराब हो रही है। नाले की सफाई के लिए कई बार प्रधान व सचिव से शिकायत की है लेकिन अब तक सफाई नहीं हुई है। उन्होंने एसडीएम से नाले की सिल्ट की सफाई कराने के लिए प्रधान को निर्देशित किए जााने की मांग की है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर अवैध कट स्थाई रूप से हो बंद: डीएम



पायनियर संवाददाता। उरई (जालौन)

❖ एक सप्ताह में राजमार्ग को गड्ढा मुक्त करने का आदेश

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में एनएचएआई अधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बने अनाधिकृत कटों पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजमार्ग पर बने सभी अवैध कटों को तत्काल प्रभाव से स्थाई रूप से बंद कराया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को रोका जा सके। बैठक के दौरान एनएचएआई अधिकारियों ने अवगत कराया कि फिलहाल सभी अवैध कट अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं तथा राजमार्ग पर गड्ढा मुक्त अभियान प्रगति पर है। इस पर डीएम ने निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर राष्ट्रीय राजमार्ग-27 को पूर्णतः गड्ढा मुक्त कर दिया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम सहित एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ढाई लाख की नकली करेंसी सहित युवक गिरफ्तार

**पायनियर, महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले की कुलपहाड़ पुलिस ने सोमवार को ढाई लाख से अधिक की नकली करेंसी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया की बेलाताल रेलवे स्टेशन के निकट पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर पकड़ा गया। जिसकी तलाशी में दो लाख 62 हज़ार रूपये की नकली करेंसी बरामद की गयी.इसमें 200 रूपये के 684 ओर 100 रूपये के 1252 नोट शामिल थे.पुलिस की पूँछताछ में आरोपी की पहचान आरी गाँव के 33 वर्षीय देवेंद्र अहिरवार के रूप में हुयी है। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार देवेंद्र ने बताया है की उक्त नकली करेंसी उसे अंकुल नामक ब्यक्ति द्वारा बाजार में खपाने को दी गयी थी। लेकिन उसके पहले ही वह पकड़ा गया। पुलिस अब अंकुल की तलाश में जुटी है। उन्होंने बताया की देवेंद्र को लेकर यह छानबीन भी की जा रही है की वह नकली नोटों के कारोबार में कब से संलिप्त है। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत करके अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

### विद्या निकेतन में तंबाकू मुक्त पीढ़ी कार्यक्रम संपन्न

**पायनियर, गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** वि० कु० स्मा० सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ-खीरी में तंबाकू मुक्त पीढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र /छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू सेवन कैंसर के अलावा कई अन्य बीमारियों का कारण बनता है।भारत में हर साल लगभग 13 लाख लोग तंबाकू के सेवन से मरते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है तथा तंबाकू मुक्त पीढ़ी के निर्माण में युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। तत्पश्चात बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी द्वारा छात्र /छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।



### ट्रैक्टर से कुचलकर चालक की मौत

**पायनियर, राठ (हमीरपुर)** उरई मार्ग स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के पास चालक ट्रैक्टर से गिरकर पहियों के नीचे आ गया। जिससे ट्रैक्टर चढ़ने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस युवक की शिनाख्त में जुटी हुई है। सोमवार की शाम करीब 5 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय के पास राठ की ओर आ रहे ट्रैक्टर चालक अचानक सड़क के नीचे गिर गया। ट्रैक्टर उसके ऊपर से निकल गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर की स्टीयरिंग मुड़ गई और ट्रैक्टर गोल.गोल घूमने लगा सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक युवक का शव मर्चरी में रखवा दिया है।

### परिषदीय विद्यालय में अभिभावकों और शिक्षकों में तीखी झड़प

**पायनियर, मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के सिजनौडा पढोरी भैंसता के बाद सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली के स्कूल में तैनात अध्यापकों पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए सैकड़ो ग्रामीण स्कूल पहुंच गए इस दौरान शिक्षकों और अभिभावकों में तीखी झडप भी हुई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलौली स्थित स्कूल में तैनात शिक्षकों रामलखन सोनी राजकुमार गुप्ता और हरिमोहन गुप्ता पर सैकड़ो ग्रामीणों ने शिक्षण कार्य में रुचि नहीं लेनेए बच्चों को जातिसूचक शब्द बोलने स्कूल में घ्रूमपान करने और अपनी गाडियां धुलवाने सहित मिडडे मील भोजन घटिया परोसने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए स्कूल पहुंच गया जहां ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों और अध्यापकों में नीखी नोकझोंक भी हुई जिसके वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहे हैं।



# पुलिस मारपीट में चार महिला समेत पांच गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता। कुरारा (हमीरपुर)

थाना क्षेत्र के उमराहट गांव में दो दिसंबर को पुलिस कर्मी जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपी महिलाओं सहित एक पुरुष आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। वही एक महिला के निशान देही पर हाथ पैर बांधने वाली रस्सी बरामद की है। क्षेत्र के उमराहट गांव में दो दिसंबर को पुरवा में झगड़े की शिकायत पर गए पुलिस कर्मी के साथ दबंगों ने जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर दिया था। तब से कानपुर में सिपाही आशीष मौर्या जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। अभी उसकी हालत में सुधार नहीं हो पा रहा है पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। आज रस्सी से आशीष के हाथ पैर बांधने वाली महिला श्याम कली पत्नी दुर्गा उर्फ दुर्गा चरण को महिला पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी निशान देही पर एक अदद रस्सी बरामद की गई। पुलिस ने गांव के बाहर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## पुलिस ने चार वांछित गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मितौली पुलिस द्वारा 04 वांछित वारंटियों अमर सिंह पुत्र जयलाल निवासी ग्राम ओदारा थाना मितौली जनपद खीरी सम्बन्धित मु0स0- 669/18 धारा 494/323/506/498ए भादवि, भोपराम पुत्र बंशीराम निवासी ग्राम पलियामाफी थाना मितौली जनपद खीरी सम्बन्धित मु0स0- 2295/23 धारा 60(2) आबकारी अधि, प्रकाश पुत्र बनवारी निवासी ग्राम हैदरनगर थाना मितौली जनपद खीरी सम्बन्धित मु0स0- 204/24 धारा 60 आबकारी अधि में सरला देवी पत्नी प्रेमकुमार निवासी ग्राम गहियापुरवा थाना मितौली जनपद खीरी एक्ट में गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया। वारंटियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0 नि0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी होरीलाल एवं अमरेश चौधरी, आरक्षी सुगम सिंह,महिला आरक्षी सभ्या देवी थाना मितौली जनपद खीरी शामिल रहे।

# निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता। कस्ता-खीरी

आरडीसी ग्लोबल स्कूल सीतापुर रोड सनंडिलवा मैं डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा आई कैंप का लगाया गया जिसमें निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित करके मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा जिसमें मरीजों की आंखों का लाल होना, मोतियाबिंद, आंखों का गड़ना आंखों में सूजन तथा आंखों के संबंधित अन्य रोगों की जांच हुई, आंखों में होने वाले रोगों के प्रति सावधानियां व आंखों की सुरक्षा के बारे में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दिशा निर्देश बताएं वह समझाए गए कैंप में लगभग 110 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें लगभग 40 मरीज को मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किया गया जिसमें 35 मरीज को ऑपरेशन के लिए अस्पताल ले जाया गया। जिसमें मरीज रामप्यारी लाल जी सीताराम जसवंत मूलचंद आदि मरीज भेजे गए उन मरीजों की सर्जरी और लेंस दवाई चश्मा और सारी सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी जो मरीज कैंप के द्वारा भेजे गए हैं और लगभग 30 मरीजों को चश्मा लगाने की सलाह दी गई।

## खाद वितरण को लेकर किसानों ने काटा हंगामा

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के पहाड़ी गढ़ी गांव में स्थित सहकारी समिति में खाद वितरित को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा काटा। मौके पर तहसीलदार दिलीप कुमार लेखपाल सावित्री पाल ने पुलिस की मौजूदगी में किसानों को टोकन वितरित कराएं। कुछ किसान बिना खाद के मायूस लौट गए। सोमवार को कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समितिए गल्ला मंडी में स्थित केंद्र पर खाद न मिलने से किसान इधर उधर भटकते रहे। क्रय विक्रय केन्द्र के प्रभारी उमाकांत बादल ने बताया कि सोमवार को क्रय विक्रय केन्द्र में डीएपी खाद का वितरण किया गया। जिसमें 80 किसानों ने डीएपी खाद ली। बताया कि यूरिया खाद नहीं आईं हैं। किसानों की भीड़ को देखते हुए तहसीलदार व लेखपाल मौका पर पहुंचे। तहसीलदार ने पुलिस की मौजूदगी में किसानों को 600 टोकन वितरित करायें। जिसमें दौ सौ किसानों को ही खाद मिल सकी। बाकी 400 किसान मायूस होकर वापस लौट गए।

## मारपीट कर की फायरिंग, दहशत

**राठ (हमीरपुर)।** रविवार की रात पुरानी विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई और ग्रामीणों का आता देखकर फायरिंग कर भाग गए। कोतवाली के नौहाई गांव निवासी गनेशी अहिरवार ने बताया कि कुछ दिन किसी बात को लेकर पुत्री का विवाद गांव के युवक के साथ हो गया था। उसी खुन्नस के चलते रविवार की रात युवक अपने साथियों के साथ घर पर आया और गाली गलौज करने लगे। जब विरोध जताया तो स्वजनों के साथ मारपीट की। शोर सुनकर ग्रामीणों को आता देखकर उक्त युवकों ने दहशत फैलाने की गरज से फायरिंग कर भाग खड़े हुए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। गनेशी अहिरवार ने बताया कि उक्त युवक आए दिन विवाद करते हैं। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में विवाद हुआ है। फायरिंग नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# अराजक तत्वों की सुरक्षित पनाहगाह बनी कांशीराम कालोनियां

पायनियर संवाददाता। मौदहा, हमीरपुर



कस्बे में तीन स्थानों पर बनी कांशीराम कालोनियां अराजक तत्वों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनी हुई हैं जहां पर बाहरी लोग किराए पर रह रहे हैं जिससे कालोनियों का माहौल दूषित होने के साथ ही साथ कस्बे की शांति व्यवस्था भी भंग होने की आशंका बनी हुई है। जबकि कई बार जांच के बाद भी जिम्मेदार किसी बडी अनहोनी का इन्तजार कर रहे हैं।

कस्बे के वार्ड नम्बर नौ निजामीपुरा के सभासद मोहम्मद रमजानी ने उपजिलाधिकारी को बताया कि कांशीराम कालोनी छिमौली रोड उनके वार्ड में आती है जिसमे कालोनी जिन लोगों को आवंटित हैं उन्होंने बिना जांच पडताल के बाहरी लोगों को किराये पर ठहरा दिया है जो कालोनी में जुआ शराब सहित अन्य आपराधिक काम करने के साथ ही साथ कालोनी में अभद्रता और महिलाओ से अश्लीलता करते हैं और मना करने पर गाली गलौज करते हैं। कांशीराम कालोनियों में अपहरण बलात्कार आत्महत्या सहित लैंगिक अपराध आम बात हैं और यह सारे काम बाहरी लोगों द्वारा किए जा रहे हैं हालांकि मामलों को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका और कोतवाली पुलिस ने कस्बे की तीनों कालोनियों की जांच कराई थी लेकिन सभासदों द्वारा अपना वोट बैंक बचाने के चलते जांच ठण्डे बस्ते में पडी हुई कार्यवाही का इंतजार कर रही है।

# पुलिस टीम के साथ अराजकतत्वों ने की अभद्रता

पायनियर संवाददाता। बेलरायां/सिंगाही-खीरी।

न्यायालय के आदेश पर जारी गैर जमानती वारंट में अभियुक्त के घर गिरफ्तारी के लिए शुरू हुई पुलिसिया कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करनेवाला नवीन दीक्षित निवासी सिंगाही शातिर किस्म का अपराधी है 2016 में सदर कोतवाली पुलिस ने एक चोरी के घटना में जेल भेजा था। इस पर चोरी करने व बरामद माल को बेचने का आरोप था। 2016 में निघासन पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी की मोटर साइकिल के साथ रंगे हाथों पकड़ा था। बताया जाता है कि इस ऑटो लिफ्टर गैग के सदस्य व चोरी के आरोपी पर थाने के एक हल्का नंबर दो के दरोगा का संरक्षण प्राप्त है जिसके बल बूते पर थाने में सुबह शाम तक अपने दलाली का धंधा भी फलता फुलाता है।

अपर प्रधान न्यायाधीश लखीमपुर के आदेश पर जारी गैर जमानती वारंट पर अभियुक्त को पकड़ने के लिए गयी पुलिस के कार्य में बांधा उत्पन्न कर मोहल्ले के अराजकतत्वों ने खूब हंगामा किया। जिससे अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। आरोपी के पिता ने पुलिस फोर्स पर मारपीट करने का आरोप लगाया है रात दस बजे शुरू हुए हाई प्रोफाइल ड्रामा का वीडियो शोशल मिडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

रविवार को अनिल पुत्र रामेश्वर वार्ड नम्बर 6 मोहल्ला पुरानी भट्ठी सिंगाही रात दस बजे सिंगाही कस्बा इंचार्ज दरोगा आसुतोष सिंह अपने हमराही सिपाही योगेश गौरव के साथ अपर प्रधान न्यायाधीश न्यायलय लखीमपुर के वाद सं० 345/25 रेखा बनाम अनिल जो की पति पत्नी है। न्यायलय ने महिला के भरण पोषण करने के लिए 87000 का अर्थ दंड लगाया और यह रकम महिला को प्रदान करने का आदेश किया था। निर्धारित समय सीमा में अर्थ दंड की रकम महिला को उपलब्ध नहीं कराई। उपरोक्त न्यायालय ने अपने आगामी आदेश में आरोपी की संपत्ति को कुर्क कर उसका विक्रय करने का आदेश जारी कर अनिल का घर जमानती वारंट जारी कर दिया और 8 दिसंबर 25 को अभियुक्त को गिरफ्तार कर उपरोक्त न्यायालय में पेस करने का आदेश सिंगाही पुलिस को दिया। न्यायालय के आदेश पर सिंगाही पुलिस रात के 10 बजे आरोपी के घर उसको पकड़ने के पहुंची तो मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए और आरोपी का पिता रामेश्वर बड़े जोर से चीखने चिल्लाने लगा और पुलिस पर मारने पीटने का आरोप लगाकर पुलिस जीप के सामने आ गया पुलिस के कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए वहां पर हाई प्रोफाइल ड्रामा शुरू हो गया। इसी बीच मौके का फायदा उठाकर आरोपी अनिल मौके से भागने में कामयाब हो गया। बताया जाता है मोहल्ले के ही नवीन कुमार दीक्षित पुलिस के कार्य में बाधा पहुंचाकर हल्का दरोगा से भिड़ गया।

# जल निकासी समस्या के समाधान के लिए अपना दल एस आया आगे



पायनियर संवाददाता। माधौगढ़ (जालौन)

❖ अपना दल एस के प्रदेश महासचिव ने स्ट्रीट लाइटें भी बांटी

रामपुरा ब्लॉक के ग्राम हनुमान गढ़ी में विकास कार्यों को गति देते हुए अपना दल (एस) के प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए पाँच स्ट्रीट लाइटों का वितरण किया। लाइटों की कमी के कारण गाँव के कई हिस्सों में अंधेरा रहता था, जिससे आवागमन में दिक्कतें आती थीं। स्ट्रीट लाइटें लगने के बाद अब लोगों को रात में भी सुरक्षित आवाजाही का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से वे लाइट की समस्या से जूझ रहे थे, ऐसे में यह पहल उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी।

लाइट वितरण कार्यक्रम के पश्चात ग्रामीणों ने ओंकार सिंह के समक्ष जल निकासी से जुड़ी गंभीर समस्या भी रखी। गाँव में बारिश या नाली का पानी रुके रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# पश्चिम बंगालः हुमायूं कबीर पलटे, कहा- विधायक पद नहीं छोड़ेंगे

एजेंसी। मुर्शिदाबाद

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को अपने पहले के रुख से पलटते हुए कहा कि वह पश्चिम बंगाल विधानसभा से इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने यह बात मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की आधारशिला रखने के कुछ दिन बाद कही। मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर से विधायक कबीर ने संवाददाताओं से कहा, "अब मेरे इस्तीफे का कोई सवाल ही नहीं है। मैं विधायक पद से इस्तीफा नहीं दे रहा हूं। उन्होंने दावा किया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने उनसे इस्तीफा नहीं देने को कहा है।

उन्होंने कहा, लोगों ने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है। वे नहीं चाहते कि मैं इस्तीफा दूं। उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए, मैंने इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया है।'' कबीर ने पहले घोषणा की थी कि वह 22 दिसंबर को एक नयी राजनीतिक पार्टी बनाने से पहले 17 दिसंबर को विधानसभा से इस्तीफा दे देंगे। विधायक ने यह भी दावा किया था कि कोलकाता में स्थायी समिति की बैठक में भाग लेने के बाद वह औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा सौंप देंगे। इस बीच, राज्य में सत्तारूढ़ दल टीएमसी ने विधानसभा के अंदर भी कबीर से दूरी बनाए रखने का फैसला किया है। टीएमसी नेताओं ने कहा कि सदन में उनके बैठने की व्यवस्था बदली जाएगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि विधायक बने रहने के उनके फैसले के बाद, तृणमूल कांग्रेस विधायक दल ने सत्तारूढ़ दल के सदस्यों से दूर रखने के लिए कबीर की सीट भाजपा सदस्यों की सीट के पास करने की पहल की है। इससे पहले, कबीर को उनके पूर्व मंत्री पद के कारण सत्ता पक्ष की सीट के पास अगली पंक्ति में सीट दी गई थी। वर्ष 2012 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्होंने पशु संसाधन राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया था, लेकिन 2015 के रेजिनगर उपचुनाव में हार के बाद उन्होंने मंत्री पद गंवा दिया था। तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने कहा कि पार्टी स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है।



■ लोगों ने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है। वे नहीं चाहते कि मैं इस्तीफा दूं

उन्होंने बताया, "निलंबित विधायकों को विधानसभा में बैठने की व्यवस्था पर फैसला अगले कुछ दिन में लिया जाएगा। पश्चिम बंगाल विधानसभा के कार्यकाल की समाप्ति से पहले सदन का शीतकालीन सत्र और अंतरिम बजट सत्र की बैठक होने की उम्मीद है। टीएमसी के निलंबित विधायक कबीर ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की नींव रखी, जिस पर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं हुईं और सत्तारूढ़ दल के भीतर तनाव गहरा गया। कबीर ने दावा किया कि आधारशिला समारोह को ₹अप्रत्याशित जन प्रतिक्रिया₹ मिली, जिसके कारण उन्होंने अपने इस्तीफे के फैसले पर पुनर्विचार किया। उन्होंने कहा, ₹नींव रखने के बाद मुझे लोगों का भारी समर्थन मिला। इस समर्थन ने मेरे संकल्प को और मजबूत किया है।₹ टीएमसी ने कबीर को पार्टी अनुशासन का बार-बार उल्लंघन करने और मस्जिद परियोजना से जुड़े भड़काऊ बयान देने के लिए निलंबित कर दिया था। विधायक बने रहने का फैसला करने के बावजूद, कबीर ने दोहराया कि वह इस महीने के अंत में एक नया राजनीतिक दल बनाने की योजना पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने दावा किया, "मैंने अभी तक कांग्रेस से बात नहीं की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने उनके साथ बातचीत की जिम्मेदारी ली है। अगले विधानसभा चुनाव के लिए मुर्शिदाबाद में कांग्रेस और वाम दलों के साथ सीट के बंटवारे की प्रबल संभावना है।

## अब भारत में ही होगी सी-130जे सुपर हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट की मरम्मत

■ टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, लॉकहीड मार्टिन ने भारत में नये सी-130जे एमआरओ केंद्र की स्थापना की घोषणा की

एजेंसी। नई दिल्ली



टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और लॉकहीड मार्टिन ने भारत में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान के संचालन में मदद के लिए एक नये रखरखाव, मरम्मत एवं नवीकरण (एमआरओ) केंद्र की स्थापना की सोमवार को घोषणा की। बेंगलुरु में इस केंद्र की स्थापना की घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब टाटा-लॉकहीड मार्टिन संयुक्त उद्यम भारतीय वायु सेना को लगभग 80 भारी मालवाहक विमानों की आपूर्ति से जुड़ा करार हासिल करने की दौड़ में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस को सर्वश्रेष्ठ विमान के रूप में पेश कर रहा है।

भारतीय वायु सेना फिलहाल लॉकहीड मार्टिन के 12 सी-130जे विमानों का संचालन करती है, जिन्हें दुनिया के अग्रणी सामरिक मालवाहक विमानों में से एक माना जाता है। एमआरओ केंद्र की स्थापना की घोषणा के अवसर पर भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी, सरकारी गणमान्य व्यक्ति, उद्योग जगत के दिग्गज और लॉकहीड मार्टिन तथा टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। लॉकहीड मार्टिन के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) फ्रैंक सेंट जॉन ने कहा, "आज की घोषणा दर्शाती है कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत के साथ हमारा सहयोग कितनी दूर तक पहुंच गया है और हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, "सात दशक से भी ज्यादा समय से, हम भारत के बढ़ते एयरोस्पेस और रक्षा औद्योगिक आधार के साथ आगे बढ़े हैं। यह नया सी-130जे एमआरओ केंद्र उस नींव को मजबूत करता है। जॉन ने कहा कि यह केंद्र भारत में विश्वस्तरीय रखरखाव क्षमता विकसित करेगा, भारतीय वायु सेना की तैयारियों में सुधार लाएगा और ऐसे अवसर पैदा करेगा, जो क्षेत्रीय और वैश्विक सी-130जे संचालकों के लिए मददगार होंगे। उन्होंने कहा, "हम आने वाले दशकों में भारत के लिए और भारत के भीतर क्षमता निर्माण के वास्ते प्रतिबद्ध हैं।

## धर्मांतरण रोधी कानून के खिलाफ याचिका पर राजस्थान से जवाब तलब

एजेंसी। नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान के अवैध धर्मांतरण विरोधी अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने 'कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया' द्वारा दायर याचिका को राजथान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम -2025 के विभिन्न प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली अलग-अलग लंबित याचिकाओं के साथ संलग्न कर दिया। शीर्ष अदालत इससे पहले इसी तरह के मुद्दों को उठाने वाली कुछ अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करने को लेकर सहमति जताई थी और राज्य सरकार से जवाब तलब किया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि इसी तरह के मामले उसके समक्ष विचाराधीन हैं। याचिकाकर्ता ने उच्चतम न्यायालय से 2025 के अधिनियम को असंवैधानिक घोषित करने का आग्रह किया है। राजस्थान के इस कानून में धोखे से सामूहिक धर्मांतरण कराने पर 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान किया गया है, जबकि धोखाधड़ी से व्यक्ति का धर्मांतरण कराने पर सात से 14 साल तक के कारावास की सजा का प्रावधान है। अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि धोखे से नाबालिगों, महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और दिव्यांगों का धर्मांतरण कराने पर 10 से 20 साल तक कारावास की सजा और कम से कम 10 लाख रुपये का जुर्माना होगा। शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ ने सितंबर में विभिन्न राज्यों से उनके धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली अलग-अलग याचिकाओं पर उनसे रुख स्पष्ट करने को कहा था।

## ओडिशाः छात्रा की अस्पताल में मौत

### पटनायक ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में कथित तौर पर आत्मदाह करने वाली एक छात्रा की राउरकेला के इस्पात जनरल अस्पताल (आईजीएच) में मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्नातक की पढ़ाई कर रही छात्रा सुंदरगढ़ जिले में कथित तौर पर आत्मदाह का प्रयास करने के बाद लगभग 90 प्रतिशत तक झुलस गई थी।

स्नातक छात्रा को 25 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर ब्लैकमेल किया था, जिसके बाद उसने शुक्रवार रात राजगंगपुर थाना क्षेत्र स्थित अपने घर में कथित तौर पर आत्मदाह कर लिया। उसे आईजीएच राउरकेला में भर्ती कराया गया। ओडिशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग ने आईजीएच का रविवार को दौरा किया था और अस्पताल प्राधिकारियों को उसे बेहतर इलाज के लिए एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) भुवनेश्वर ले जाने का निर्देश



■ आत्मदाह का प्रयास करने के बाद लगभग 90 प्रतिशत तक झुलस गई थी स्नातक छात्रा

दिया था, लेकिन अस्पताल के प्राधिकारियों ने बताया कि पीड़िता ने रविवार रात को दम तोड़ दिया। पिछले छह महीनों में राज्य में इस तरह की यह पांचवीं घटना है। बालासोर, पुरी, केंद्रपाड़ा और बारगढ़ में भी इसी प्रकार की घटनाओं में महिलाओं की मौत हुई है। इस बीच, बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष नवीन पटनायक ने छात्रा की मौत पर गहरी चिंता व्यक्त की। पटनायक ने 'एक्स' पर लिखा, "राजगंगपुर लांजीबेरना में जलने से कॉलेज छात्रा की जान जाने की दुखद घटना दिल दहला देने वाली है। दुख की इस घड़ी में, मैं शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। पटनायक ने कहा कि छात्रा के परिवार के सदस्यों द्वारा यह बताए जाने के बाद भी सरकार की निष्क्रियता सभी को हैरान करती है कि उन्हें जान से मारने की धमकियां पहले भी मिली थीं।

ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता पटनायक ने कहा, "सरकार इस तरह और कितने निर्दोष लोगों की जान जाने देगी? ओडिशा में ऐसी बढ़ती घटनाओं को रोकने के प्रति सरकार की उदासीनता अपराधियों के हौसले बढ़ा रही है।'' उन्होंने कहा कि ओडिशा के लोगों में असुरक्षा की भावना है। पटनायक ने आरोप लगाया कि अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। पटनायक ने कहा, "सरकार को राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

## अग्निकांड को लेकर लोगों में गुस्से के बावजूद हांगकांग में मतदान दर बढ़ी

एजेंसी। हांगकांग

चीन के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र हांगकांग में 2021 में व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करके लोकतंत्र समर्थक विपक्ष को खत्म किए जाने के बाद दूसरी बार हो रहे आम चुनाव के लिए लगभग एक तिहाई पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया।

मतदान दर 31.9 प्रतिशत दर्ज की गई जो 2021 के चुनाव में करीब 30.2 प्रतिशत थी। यह चुनावी बदलाव होने से पहले की तुलना में काफी कम मतदान है। इससे पहले मतदान 50 प्रतिशत से ऊपर रहा था। लगभग दो सप्ताह पहले एक अपार्टमेंट में आग लगने से 159 लोगों की मौत के बाद हुए ये चुनाव इस त्रासदी से निपटने को लेकर सरकार के बारे में जनता की राय भांपने का जरिया माना जा रहा है। शहर के 41 लाख पात्र मतदाताओं में से विशेष रूप से लोकतंत्र समर्थक लोगों ने 2019 में विरोध प्रदर्शनों के बाद हुए दमन के पश्चात राजनीति से दूरी बना ली है। इस चुनाव में उम्मीदवारों का चीन के प्रति



निष्ठावान होना आवश्यक है। सरकार का कहना है कि 2019 में बड़े पैमाने पर हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद स्थिरता लाने के लिए ये बदलाव जरूरी थे। इस बार मतदान प्रतिशत पर सबकी नजरें थी जो 2021 में हुए पिछले चुनाव में 30 प्रतिशत तक गिर गया था। शहर के मुख्य कार्यकारी जॉन ली ने शुक्रवार को लोगों से मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि वह नयी 'लेजिस्लेटिव काउंसिल' में एक प्रस्ताव पेश करेंगे, जिसमें यह बताया जाएगा कि आग से प्रभावित पीड़ितों की कैसे सहायता की जा सकती है। वर्ष 2021 में हुए परिवर्तनों से पहले भी 70 सदस्यीय 'लेजिस्लेटिव काउंसिल' में से केवल आधे सदस्यों को सामान्य मतदाता चुनते थे।

## मोटरसाइकिल-ट्रक की टक्कर में परिवार के दो लोगों की मौत

■ ट्रक को ज़ब्त कर लिया गया है और उसके चालक की तलाश है जारी

एजेंसी। रायसेन (मप्र)

मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में सोमवार को लोहे से लदे एक तेज रफ्तार ट्रक और एक मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो जाने से एक परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हादसा पूर्वाह्न करीब 10 बजे रायसेन जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर भोपाल रोड पर एक मिल के पास हुआ।

पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) आलोक श्रीवास्तव ने को बताया कि एक ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर में एक परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जिन लोगों की जान चली गयी वे मोटरसाइकिल से किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। एसडीओपी ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार वीरपुर निवासी अलीम मंसूरी (60) की मौके पर ही मौत हो



गई, जबकि उनकी मां घूरन (75) ने उपचार के लिए भोपाल ले जाते समय दम तोड़ दिया। श्रीवास्तव के अनुसार मंसूरी की 50 वर्षीय पत्नी को गंभीर चोटें आईं। उन्हें भोपाल के एक अस्पताल में रेफर किया गया है। एक और अधिकारी ने कहा कि ट्रक को ज़ब्त कर लिया गया है और उसके चालक की तलाश जारी है।

## तनाव बढ़ने पर थाईलैंड ने कंबोडियाई सीमा पर हवाई हमले शुरू किए

एजेंसी। बैंकॉक

थाईलैंड ने सोमवार को कंबोडिया से लगती विवादित सीमा पर हवाई हमले शुरू किए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर उस संघर्ष विराम समझौते को तोड़ने का आरोप लगाया, जिसके कारण पहले हुई लड़ाई रुक गयी थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अक्टूबर में कराए गए एक संघर्ष विराम समझौते के बाद भी दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। इससे पहले दोनों दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसी देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद के कारण जुलाई में पांच दिनों तक संघर्ष हुआ था, जिसमें कई सैनिक और आम नागरिक मारे गए थे। थाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 50,000 से अधिक लोग सीमा के निकटवर्ती क्षेत्रों को छोड़कर आश्रय स्थलों में चले गए हैं तथा माना जा रहा है कि और भी लोग अन्यत्र अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। वहीं, कंबोडिया के सूचना मंत्री नेथ फेकट्रा ने कहा कि सीमा के निकट के कई गांवों के निवासियों को वहां से निकाल लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ताजा झड़पों में कम से कम एक थाई सैनिक और चार कंबोडियाई नागरिक मारे गए हैं।

## अभाविप ने की देश के हर विवि में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग

■ हमने इस सिलसिले में केंद्र सरकार से की है मांग

एजेंसी। इंदौर (मध्यप्रदेश)

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने सोमवार को मांग की कि देश के हर विश्वविद्यालय में छात्रसंघ के चुनाव कराए जाने चाहिए ताकि इन शैक्षणिक परिसरों के जरिये नया नेतृत्व उभर सके।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने यहां संवाददाताओं से कहा,"न सिर्फ मध्यप्रदेश, बल्कि देश भर के सभी विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने चाहिए। हमने इस सिलसिले में केंद्र सरकार से मांग की है और हम राज्य सरकार से भी यही मांग करते हैं।'' उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव कराए जाने से शैक्षणिक परिसरों के जरिये नया नेतृत्व



उभरेगा और समाज को इसका फायदा होगा। सोलंकी ने कहा,"कुछ सरकारों को लगता है कि छात्रसंघ चुनावों के चलते शैक्षणिक परिसरों का वातावरण प्रभावित हो सकता है और अप्रिय घटनाएं होने पर अराजकता फैल सकती है, लेकिन हमारा कहना है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को इंतजाम करने चाहिए।''

अभाविप महामंत्री ने कहा कि जब दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में छात्रसंघ चुनाव कराए जा रहे हैं, तो मध्यप्रदेश में प्रशासन यह चुनाव कराने में खुद को 'असफल' क्यों महसूस करता है।

उन्होंने कहा,"हमारी मांग है कि मध्यप्रदेश में 2026 के दौरान किसी भी तरह से छात्रसंघ चुनाव कराए जाने चाहिए।'' सोलंकी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए आवश्यक कदम है और अभाविप इस विषय में लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि करीब 77 लाख सदस्यों वाली अभाविप 'वंदे मातरम' को 150 साल पूरे होने पर देश के हर शैक्षणिक परिसर में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गान का कार्यक्रम आयोजित करेगी।

स्वर्ग हो या धरती, हम हमेशा हैं साथ, पिता के साथ तस्वीरें की साझा


## ईशा ने पिता धर्मेंद्र की 90वीं जयंती पर उन्हें किया याद


■ उन्होंने लिखा, मेरे प्यारे पापा के लिए, हमारा रिश्ता, सबसे खास और सबसे मजबूत था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अभिनेत्री ईशा देओल ने सोमवार को अपने पिता धर्मेंद्र की 90वीं जयंती पर उन्हें याद किया और कहा कि धरती हो या स्वर्ग, वह (धर्मेंद्र) हमेशा उनके साथ हैं। धर्मेंद्र का 24 नवंबर को मुंबई में 89 साल की उम्र में निधन हो गया था। ईशा ने 'एक्स' पर अपने पिता के साथ की कुछ तस्वीरें साझा कीं।

उन्होंने लिखा, "मेरे प्यारे पापा के लिए। हमारा रिश्ता, सबसे खास और सबसे मजबूत था। 'हम' ताउम्र साथ रहेंगे, सभी लोकों में और उससे परे... हम हमेशा साथ हैं पापा। चाहे स्वर्ग हो या धरती। हम साथ हैं। अभी के लिए मैंने आपको बहुत संभालकर अपने दिल में बसा लिया है... ताकि मैं जिंदगी भर आपको अपने साथ लेकर चल सकूं।'' ईशा ने कहा, "अनमोल यादें... अपनी बेटी के रूप में





आपने मुझे जीवन के जो सबक, शिक्षाएं, मार्गदर्शन, गर्मजोशी, बिना शर्त प्यार, गरिमा और ताकत दी, उनकी कोई बराबरी नहीं कर सकता।'' उन्होंने लिखा, "मुझे आपकी बहुत याद आती है पापा... आपका मुझे गले लगाना, जो सबसे ज्यादा सुकून देता था, आपके नरम लेकिन मजबूत हाथों को पकड़ना, जिनमें अनकहे संदेश होते थे और आपका मेरा नाम पुकारना, जिसके बाद हमारे बीच अंतहीन बातचीत होती थी, ये सब बहुत याद आता है पापा।'' ईशा ने कहा कि वह अपने पिता की विरासत को गर्व और सम्मान के साथ आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने लिखा, "और मैं आपके प्यार को उन लाखों लोगों तक पहुंचाने की पूरी कोशिश करूंगी, जो आपसे मेरी तरह ही प्यार करते हैं। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं पापा। आपकी प्यारी बेटी, आपकी ईशा, आपकी बिट्टू।''

गीता पाठ कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर बोलीं ममता

## भाजपा का कार्यक्रम था, मैं कैसे जाती

■ अगर यह एक निष्पक्ष कार्यक्रम होगाा, तो मैं निश्चित रूप से वहां जाती

पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को सनातन संस्कृति संसद द्वारा आयोजित भगवद्गीता पाठ कार्यक्रम में अपनी अनुपस्थिति को सही ठहराते हुए कहा कि उन्होंने इसमें हिस्सा इसलिए नहीं लिया, क्योंकि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ा एक कार्यक्रम था।

रविवार को यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में हुए इस कार्यक्रम में राज्य भर से लाखों लोग जुटे थे। इसे 2026 विधानसभा चुनावों से पहले हिंदू पहचान के प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा था। उत्तर बंगाल के आधिकारिक दौरे पर निकलने से पहले, बनर्जी ने कोलकाता हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, अगर यह एक निष्पक्ष कार्यक्रम होगाा, तो मैं निश्चित रूप से वहां जाती। मैं एक पार्टी से जुड़ी हूं और एक विचारधारा का अनुसरण करती हूं। मैं सभी धर्मों, जातियों और पंथों का सम्मान करती हूं। उन्होंने जोर देकर कहा, मैं ऐसे कार्यक्रम में कैसे शामिल हो सकती हूं, जिसमें भाजपा सीधे तौर पर शामिल है? मैं उन लोगों के कार्यक्रमों में शामिल नहीं होती, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस से नफरत



करते हैं और महात्मा गांधी के आदर्शों का पालन नहीं करते। मेरे बंगाल और मेरे शिक्षकों ने मुझे बनाया है। जो बंगाल का अपमान करते हैं और बांग्ला विरोधी है, मैं उनके साथ नहीं हूं। मुख्यमंत्री और राज्यपाल सी वी आनंद बोस दोनों को निमंत्रण भेजा गया था। राज्यपाल बोस ने कार्यक्रम में भाग लिया, जबकि बनर्जी अनुपस्थित रहीं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने उनकी अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा, एक सच्चे हिंदू को ऐसे निमंत्रणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

# शुभमन गिल व हार्दिक पांड्या की होगी वापसी

## टी20 विश्व कप के लिए तैयारी करेगा भारत

**भाषा। कटक**

शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की वापसी से मजबूती हासिल करने वाली मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम मंगलवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के साथ अगले साल स्वदेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेगी।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली यह श्रृंखला फरवरी में होने वाले विश्व कप के लिए भारत की औपचारिक तैयारी का आगाज है। विश्व कप से पहले भारतीय टीम 10 टी20 मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका के बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ भी पांच मैच की श्रृंखला खेलेगी। विश्व कप में भारत अपना पहला मैच सात फरवरी को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम इन दोनों श्रृंखला में स्पष्ट नजरिये के साथ उतरेगी जिसमें इसका मुख्य लक्ष्य विश्व कप से पहले खिलाड़ियों की भूमिका तय करना और उपयुक्त संयोजन तैयार करना होगा।

पिछले वर्ष विश्व कप जीतने के बाद से भारत ने टी20 में दमदार प्रदर्शन किया है। विश्व कप में उसने लगातार आठ मैच जीतकर खिताब जीता था। तब से भारत ने अपनी जीत का आंकड़ा 26 मैच तक पहुंचा दिया है जिसमें एशिया कप में लगातार सात मैच जीतना भी शामिल है। इस बीच भारतीय टीम को केवल चार मैच में हार मिली। इस अवधि में भारतीय टीम ने कोई टी20 श्रृंखला नहीं हारी है और अब उसका लक्ष्य उस टीम के खिलाफ अपनी धार को और अधिक मजबूत करना होगा जिसे उसने टी20 विश्व कप फाइनल में हराया था। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण बाहर हो जाने के बाद वापसी कर रहे हैं। पिछले आईपीएल से लगातार क्रिकेट खेलने के कारण और भारत के आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए उनके कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर रखी जाएगी। लेकिन 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 29.89 की औसत से 837 रन बनाने वाले गिल के लिए यह श्रृंखला आईसीसी प्रतियोगिता से पहले अच्छी तैयारी करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।



गिल की वापसी से अभिषेक शर्मा के साथ उनकी मजबूत सलामी जोड़ी बनेगी। अभिषेक ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 163 रन बनाए थे और वह भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

## अभिषेक मैच विजेता खिलाड़ी, हमारे लिए उसका विकेट अहम: मारक्रम



**कटक (भाषा)।** दक्षिण अफ्रीका टी20 टीम के कप्तान एडेन मारक्रम ने अभिषेक शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि यह भारतीय सलामी बल्लेबाज बेखौफ और उस अति-आक्रामक खेल शैली का प्रतीक है जिसने इस प्रारूप को नयी पहचान दी है। सनराइजर्स हैदराबाद में अभिषेक के साथ खेलने वाले मारक्रम ने इस 25 वर्षीय वामहस्त बल्लेबाज के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। बाराबती स्टेडियम में होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच की पूर्व संध्या पर मारक्रम ने कहा कि मैं सनराइजर्स में पहले भी अभिषेक के साथ खेल चुका हूं, वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं, इसलिए इसमें कोई शक नहीं कि यह हमारे लिए एक बड़ा विकेट है। उन्होंने कहा कि जो भी नयी गेंद से गेंदबाजी करेगा उसके लिए अभिषेक को जल्दी आउट करना एक चुनौती होगी। वह मैच जिताने वाले खिलाड़ी हैं और यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण विकेट है। मारक्रम ने कहा कि मौजूदा समय में टी20 बल्लेबाजी में युवाओं का दबदबा है जो इसकी आक्रामक प्रवृत्ति को मनोरंजन और अवसर दोनों के रूप में देखते हैं। मारक्रम ने कहा कि यह शायद बेखौफ होकर खेलने का ही नतीजा है और इसमें पहली गेंद से ही दबदबा कायम करने की कोशिश होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर जुर्माना

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में धीमी ओवर गति के लिए सोमवार को भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा एकदिवसीय मैच जीतकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी थी लेकिन भारत ने विशाखापत्तनम में तीसरा एकदिवसीय जीतकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। मैच रैफरी के एलीट पैनल में शामिल रिची रिचर्डसन ने जुर्माना लगाया क्योंकि लोकेश राहुल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंके थे। खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी की आचार संहिता के न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों से जुड़े नियम 2.22 के अनुसार निर्धारित समय में टीम जितने ओवर कम फेंकती है उसके खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### दुबई कैपिटल्स की अबूधाबी नाइट राइडर्स पर बड़ी जीत

**दुबई।** वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल की धमाकेदार पारी की मदद से दुबई कैपिटल्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को 83 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। पॉवेल ने 52 गेंदों पर नाबाद 96 रन बनाए जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल हैं। उन्होंने जॉर्डन कॉक्स (32 गेंदों पर 52 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी की जिससे दुबई कैपिटल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए चार विकेट पर 186 रन बनाए। इसके जवाब में नाइट राइडर्स की टीम 15.3 ओवर में 103 रन पर ढेर हो गई और दुबई कैपिटल्स ने आसान जीत हासिल की। नाइट राइडर्स के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। दुबई कैपिटल्स की तरफ से वकार सलामखेल ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा डेविड विली, मोहम्मद नबी और मुस्तफिजुर रहमान ने दो-दो विकेट हासिल किए।

### मैं थका हुआ था और इसलिए मैंने जानबूझकर 'चकिंग' की: शाकिब

**लंदन।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने स्वीकार किया कि शारीरिक थकान के कारण उन्हें सरे की तरफ से खेलते हुए इंग्लिश काउंटी मैच के दौरान जानबूझकर चकिंग (गलत एक्शन से गेंदबाजी करना) का सहारा लेना पड़ा, जिसके कारण उन्हें गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया। बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा आयोजित की जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि पिछले साल दिसंबर में लॉफबोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र जांच में उनके गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया गया था। अंपायरों ने टांटन में समरसेट के खिलाफ सरे के प्रथम श्रेणी मैच के दौरान उनके गेंदबाजी एक्शन को लेकर शिकायत की थी। इस मैच की दो पारियों में उन्होंने लगभग 65 ओवर गेंदबाजी की थी। शाकिब ने बियर्ड बिफोर विकेट पॉडकास्ट से कहा कि मुझे लगता है कि मैं जानबूझकर ऐसा कर रहा था, क्योंकि मैंने (एक मैच में) 70 से अधिक ओवर फेंके थे। मैंने अपने करियर में कभी भी टेस्ट मैच में 70 ओवर नहीं किए। मैं टांटन में समरसेट के खिलाफ सरे की तरफ से चार दिवसीय मैच खेल रहा था। मैं बहुत थका हुआ था। उन्होंने कहा कि मैंने पाकिस्तान में लगातार दो टेस्ट मैच खेले थे। हमने उस श्रृंखला में जीत हासिल की थी।

### भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ने यूएई में टी20 श्रृंखला के लिए टीम जर्सी का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने तीन मैच की आगामी टी20 श्रृंखला के लिए सोमवार को टीम की जर्सी का अनावरण किया। यह श्रृंखला आईडीसीए की बधिर टीम और दुबई की बधिर टीम के बीच 10 से 13 दिसंबर तक यूएई के शारजाह में खेली जाएगी। जर्सी का अनावरण श्रृंखला में हिस्सा ले रही भारतीय बधिर क्रिकेट टीम, आईडीसीए के सहयोगी साझेदारों और आईडीसीए के बोर्ड सदस्यों की मौजूदगी में किया गया। आईडीसीए अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि हमारे खिलाड़ी चैंपियनशिप के लिए अच्छी तरह से तैयार और उत्साहित हैं। वे अपना कौशल दिखाने और प्रतिष्ठित खिताब के लिए मुकाबला करने को तैयार हैं। मैं उन्हें इस श्रृंखला के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आईडीसीए बधिर टीम इस प्रकार है: वीरेंद्र सिंह (कप्तान), सुहैल अहमद, आर यशवंत नायडू, संतोष कुमार महापात्रा, अश्विन कलियापेरुमल, राहुल वाघमशी, इहजास पट्टापिल, समीउल्लाह खान पठान, प्रणिल मोरे, विराज कोल्टे, जिगर ठक्कर, वैभव परांजपे, दीपक कुमार, फहीमुद्दीन।

## रियाल मैड्रिड की घरेलू मैदान पर पहली हार

मैड्रिड(एपी)। रियाल मैड्रिड को नौ खिलाड़ियों के साथ खेलने की भारी कीमत चुकानी पड़ी और वह स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रविवार को सेल्टा विगो के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 से हार गया। रियाल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में यह पहली पराजय है। इससे वह बार्सिलोना से खिताब की दौड़ में भी पिछड़ गया है। रियाल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में जल्दी ही गोल खा लिया। इसके बाद उसके दो खिलाड़ियों फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास को रेड कार्ड दिखाए गए जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। मैड्रिड के बेंच पर बैठे खिलाड़ी एंड्रिक को भी शिकायत करने पर रेड कार्ड दिखाया गया। विलियट स्वेडबर्ग ने 54वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट के पास से एक बेहतरीन फ्लिक से सेल्टा विगो के लिए पहला गोल किया। रियाल मैड्रिड ने 64वें मिनट में गार्सिया को और स्टॉपेज टाइम में कैरेरास को खो दिया। मैड्रिड के नौ खिलाड़ियों पर सिमट जाने के कुछ ही देर बाद स्वेडबर्ग ने गोल करके सेल्टा विगो की जीत पक्की कर दी। इस हार से रियाल मैड्रिड की टीम बार्सिलोना से चार अंक पीछे हो गई है। बार्सिलोना ने शनिवार को रियाल बेटिस पर 5-3 से जीत हासिल की थी।

## आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भारत का प्रभावी प्रदर्शन

# जोरावत सातवें स्थान पर



**भाषा। दोहा**

निशानेबाज जोरावर सिंह संधू पुरुषों के ट्रैप फाइनल में शुरुआती 10 शॉट में सात हिट के साथ सातवें स्थान पर रहे जबकि भारत ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में दो स्वर्ण सहित छह पदक के साथ अपने शानदार अभियान का अंत किया।

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जोरावर लुसैल निशानेबाजी परिसर में शॉटगन प्रतियोगिताओं के आखिरी दिन अकेले भारतीय प्रतिस्पर्धी थे। जोरावर ने क्वॉलीफाइंग में 125 में से 119 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया जिसमें अब नए आईएसएसएफ नियमों के अनुसार पहले के छह के बजाय आठ निशानेबाजों ने जगह बनाई। तीस शॉट के फाइनल में जोरावर लय में नहीं दिखे और इटली के जियोवानी पेलिएलो के साथ बाहर होने वाले शुरुआती दो निशानेबाजों में शामिल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित नौ पदक के साथ शीर्ष पर रहा। पुरुषों के ट्रैप और स्कीट में सोमवार को दो स्वर्ण के साथ अमेरिका भारत के बाद तीसरे स्थान पर रहा।

भारत के लिए सिमरनप्रीत कौर बरार ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और सुरुचि फोगाट ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल की किसी स्पर्धा में दो पदक जीते जब 10 मीटर एयर पिस्टल में संयम दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश भानवाला ने भी रजत पदक जीते।

## लियोन से कोई शिकायत नहीं, बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए उन्हें बाहर किया: स्मिथ

**भाषा। एडिलेड**

ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे एशेज टेस्ट में नाथन लियोन को अंतिम एकादश से बाहर रखने पर उठे विवाद को शांत करने की कोशिश करते हुए कहा कि यह फैसला बल्लेबाजी क्रम को मजबूत करने के लिए लिया गया था और स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज के खिलाफ कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं थी। यह पिछले 13 साल में पहला अवसर था जबकि लियोन को घरेलू टेस्ट मैच से बाहर किया गया। इस स्पिनर ने इसके बाद कहा था कि उनका मूड बेहद खराब है। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा था कि लियोन को केवल इस मैच के लिए बाहर किया गया। उन्होंने एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए इस 38 वर्षीय स्पिनर को अंतिम एकादश में जगह देने की गारंटी दी थी। स्मिथ ने मैच के बाद फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा कि लियोन को लेकर कुछ भी व्यक्तिगत शिकायत नहीं है। वह पिछले कई वर्षों से हमारे मुख्य स्पिनर रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए यह फैसला किया गया।

## विश्व कप से पहले टी20 टीम में बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं: सलमान

**भाषा। कराची**



पाकिस्तान की टी20 टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने अगले साल के शुरू में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में किसी भी बड़े बदलाव से इनकार किया और कहा कि पिछले कुछ महीनो में खिलाड़ियों को उनकी विशिष्ट भूमिकाएं सौंपे जाने के बाद टीम में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

पाकिस्तान ने इस वर्ष एशिया कप के फाइनल में भारत से मिली हार के बाद बड़े बदलाव करते हुए अब्दुल समद, बाबर आजम, उस्मान खान और नसीम शाह को टीम में शामिल किया था। पाकिस्तान ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में हराया और फिर पिछले महीने जिम्बाब्वे और श्रीलंका के साथ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला जीती।

सलमान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट पर कहा कि मुझे विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टी20 टीम में कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आता है। मुझे लगता है कि हमारा मौजूद संयोजन विश्व कप में भी बरकरार रहेगा। पिछले कुछ महीनो में प्रत्येक खिलाड़ी को कुछ विशिष्ट भूमिका दी गई और टीम के प्रदर्शन में उसके बाद सुधार हुआ है। पाकिस्तान को विश्व कप से पहले छह टी20 मैच खेलने हैं। विश्व कप अगले साल सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। सलमान ने कहा कि मैचों की सीमित संख्या के कारण बड़े बदलाव करना मुश्किल होगा।

उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले हमें छह टी20 मैच खेलने हैं और मुझे नहीं लगता कि हम इन बचे हुए मैचों में अब कोई बड़ा बदलाव कर सकते हैं। हमें अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखानी होगी और मौजूदा संयोजन के साथ ही आगे बढ़ना होगा।

## एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप

# भारत ने वेल्स को 3-1 से हराया

**भाषा। सैंटियागो (चिली)**

भारत ने एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में वेल्स पर 3-1 की शानदार जीत के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारत की तरफ से हिना बानो (14वें मिनट), सुनलिता टोप्पो (24वें) और इशिका (31वें) ने गोल किए, जबकि एलोइस मोट (52वें) ने वेल्स के लिए एकमात्र गोल किया।

भारत ने मैच पर शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। उसे पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए लेकिन शुरुआत में गोल नहीं कर सके। वेल्स को भी इस बीच पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए बढ़त बनाने का मौका मिला, लेकिन निधि ने उसे रोक दिया और स्कोर बराबर बनाए रखा। भारत पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में गोल करने में सफल रहा। हिना ने साक्षी राणा के पास पर यह गोल किया। अपनी बढ़त को दोगुना करने की कोशिश में भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके दबाव बनाए रखा।

भारतीय टीम ने लगातार मौके बनाए जिसका उन्हें फायदा भी मिला जब राणा का शॉट सुनलिता के पास गया, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। इस तरह से भारत ने मध्यांतर तक 2-0 की बढ़त बना ली थी। भारत ने दूसरे हाफ के शुरू में ही अपनी बढ़त 3-0 कर ली, जब वेल्स की गोलकीपर से मिले रिबाउंड पर इशिका ने गोल कर दिया। भारत ने लगातार मौके बनाते हुए वेल्स को अपने ही हाफ में पीछे धकेलते हुए तीसरा क्वार्टर समाप्त किया।

## तेज गेंदबाज ठाकुर ने चार विकेट लिए, विदर्भ ने आंध्र को हराया

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

विदर्भ ने तेज गेंदबाज यश ठाकुर के चार विकेट की मदद से सोमवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अंतिम दौर के मैच में आंध्र को 19 रन से पराजित किया। आंध्र की टीम ग्रुप ए से मुंबई के साथ पहले ही अगले दौर में अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी है लेकिन अंतिम मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 154 रन बनाए। इसके जवाब में आंध्र की टीम नौ विकेट पर 135 रन नहीं बना सकी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ठाकुर ने 22 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने पहले मैच में पांच विकेट लिए थे और इस तरह से कुल 18 विकेट लेकर प्रतियोगिता में अपने अभियान का समापन किया। विदर्भ की पारी अमन मोखड़े (50) और विकेटकीपर बल्लेबाज अक्षय वाडकर (41) के इर्द-गिर्द घूमती रहीं। आंध्र के तेज गेंदबाज सत्यनारायण राजू ने 26 रन देकर चार विकेट लिए।

## बिहार ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ किया उलटफेर

**भाषा। कोलकाता**



भारत के टी20 विशेषज्ञ रिंकू सिंह बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके जिससे बिहार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां उत्तर प्रदेश को छह विकेट से हरा दिया। सलामी बल्लेबाज पीयूष सिंह की 54 गेंदों में 57 रनों की पारी के दम पर बिहार ने 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली।

इससे पहले मंगल महरौर ने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे उत्तर प्रदेश छह विकेट पर 144 रन ही बना सका। मध्यम गति की गेंदबाजी करने वाले महरौर को कप्तान सकीबुल गनी (20 रन पर एक विकेट) और साकिब हुसैन (31 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। इन दोनों ने अपने-अपने चार ओवरों में एक-एक विकेट लिया। आमोद यादव महंगे साबित हुए और उन्होंने एकमात्र सफलता के लिए 50 रन लुटाये। रिंकू की 25 गेंद पर 19 रन पारी पर महरौर ने विराम लगाया। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आये प्रशांत वीर ने जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर के मैदान पर 26 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाकर टीम को 140 रन के पार पहुंचाया। मध्यक्रम के बल्लेबाज समीर रिजवी को भी महरौर ने 17 गेंदों में 22 रन बनाने के बाद आउट किया जबकि तेज गेंदबाज शिवम मावी 12 गेंदों में 13 रन बनाकर नाबाद रहे।

प्रशांत और मावी ने सातवें विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पीयूष और विकेटकीपर आयुष लोहारुका (36 गेंदों में 36 रन) की सलामी जोड़ी ने 11.3 ओवर में 83 रन जोड़कर बिहार को मजबूत शुरुआत दिलाई। पीयूष ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। बिपिन सौरभ ने 16 गेंदों में नाबाद 26 रनों की आक्रामक पारी खेलकर बिहार की जीत सुनिश्चित की। प्रिंस यादव 24 रन पर तीन विकेट के साथ उत्तर प्रदेश के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

ग्रुप के एक अन्य मैच में महाराष्ट्र ने राहुल त्रिपाठी के 83 रन की शानदार पारी के बाद जलज सक्सेना, तनय सांघवी और विक्की ओस्तवाल के तीन-तीन विकेटों से गोवा को 15 रन से हराया।

## अभी भी पदक जीतने का एक मौका है, इसे गंवाना नहीं है : जूनियर हॉकी कोच श्रीजेश

**भाषा। चेन्नई**

सात बार की चैम्पियन जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में 1-5 से करारी हार के बाद नौ साल बाद जूनियर विश्व कप जीतने का सपना टूटने के बावजूद भारतीय टीम के मुख्य कोच पी आर श्रीजेश ने कहा कि अभी भी टीम के पास पदक जीतने का एक मौका है और इसे गंवाना नहीं है।

भारतीय टीम अब दस दिसंबर को कांस्य पदक के मुकाबले में अर्जेंटीना से खेलेगी जबकि फाइनल में स्पेन की टक्कर जर्मनी से होगी। सेमीफाइनल हारने के बाद श्रीजेश ने भाषा से खास बातचीत में कहा कि यह दिन खराब नहीं था लेकिन टीम अच्छा नहीं खेल सकी । हमारी जो अपेक्षायें थी, हम उस स्तर पर खेल नहीं पाये । जब आप जूनियर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट का सेमीफाइनल खेल रहे हैं तो आसान मौके नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि हमे काफी मौके मिले लेकिन हम भुना नहीं सके। पेनल्टी कॉर्नर भी एक ही मिला जिस पर गोल तो हुआ लेकिन तब तक



बहुत देर हो चुकी थी। कई बार विरोधी टीम बहुत अच्छा खेलती है तो आप बेसिक चीजें करना भूल जाते हैं।

यह पूछने पर कि मौजूदा चैम्पियन टीम के सामने होने के कारण क्या कोई मानसिक दबाव था, श्रीजेश ने कहा कि माहौल की वजह से कई बार दबाव बन जाता है। उन्होंने कहा कि कोई मानसिक कारण नहीं था लेकिन कई बार माहौल की वजह से दबाव बन जाता है। इतने बड़े टूर्नामेंट में दबाव रहता ही है चूंकि इन खिलाड़ियों के पास उतना अनुभव अभी नहीं है। आपको उनकी टक्कर का मैच खेलना था क्योंकि एक बार दबाव में आने के बाद वापसी करना मुश्किल होता है।

इसके लिये मानसिक दृढता की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को जर्मनी की तरह खेल पर नियंत्रण बनाना सीखना होगा। उन्होंने कहा कि हमें खेल पर नियंत्रण रखना चाहिये था जिसमें हम नाकाम रहे। हमारी छोटी छोटी गलतियों का जर्मनी ने पूरा फायदा उठाया और गोल किये। उन्होंने बहुत अच्छा खेला और वन टच यूरोपीय हॉकी खेलकर मैच पर नियंत्रण बनाये रखा जो हमें सीखना और समझना होगा। ये भारतीय हॉकी के भविष्य हैं और उनके लिये यह अच्छा सबक होगा।

दो बार ओलंपिक कांस्य पदक का मुकाबला जीत चुके श्रीजेश ने कहा कि टीम के लिये जरूरी है कि अगले मैच का महत्व समझे क्योंकि अभी भी हमारे पास एक पदक जीतने का मौका है। यह खिलाड़ियों के लिये अहम है कि इस हार को भुलाकर अगले मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। हमें बड़ी टीमों के खिलाफ मैचों में मौकों को भुनाना और मौके नहीं गंवाना सीखना होगा।

## एलपीएल सीज़न-1 के लिए ट्रायल 26 से

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) के द्वारा आयोजित लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) की तैयारियों को रफ्तार मिल गई है और इसके ट्रायल की शुरुआत 26 दिसंबर से होगी। इस आशय की घोषणा करते हुए सीएएल ने बताया कि खिलाड़ियों को पहली बार डे-नाइट ट्रायल का मौका मिलेगा और इस दौरान सफेद गेंद का इस्तेमाल होगा।

**पहली बार डे-नाइट में सफेद गेंद का इस्तेमाल**

इस संबंध में फैसला एलपीएल की तकनीकी समिति की बैठक में लिया गया। इसके साथ ही बैठक में एलपीएल के सुचारू आयोजन से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। बैठक की अध्यक्षता टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर और उत्तर प्रदेश टीम के पूर्व कप्तान ज्ञानेंद्र पांडेय ने की, जो इस प्रतिष्ठित लीग के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। एलपीएल का प्रबंधन क्वाड स्पोर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि एलपीएल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म की शुरुआत भी कर दी गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तय की गई है। इसके लिए 14 से 30 वर्ष की आयु के खिलाड़ी पंजीकरण करा सकते हैं।

वहीं प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके 30 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी भी पंजीकरण के पात्र होंगे। सूत्रों के मुताबिक एलपीएल का पहला संस्करण फरवरी या मार्च में आयोजित होने की संभावना है, जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। यह टीमें - लखनऊ चैलेंजर्स, लखनऊ पैंथर्स, लखनऊ एसेस, लखनऊ लायंस, लखनऊ नवाब्स और लखनऊ स्ट्राइकर्स होंगी।

इस बैठक के दौरान सीएएल के सचिव केएम खान, पूर्व रणजी खिलाड़ी आरिश आलम, अभिनव दीक्षित सहित सीएएल के अन्य अधिकारी एसपी सिंह, विकास पांडेय, नईम चिश्ती और शुभांश कुमार भी उपस्थित रहे।

# वॉक करते समय न करें ये गलतियां

हेल्दी रहने के लिए रोजाना वॉक करना सबसे आसान और फायदेमंद एक्सरसाइज मानी जाती है। यह न केवल वजन कम करने में मदद करता है, बल्कि दिल की बीमारियां, डायबिटीज और स्ट्रेस जैसी समस्याओं से भी बचाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वॉक करने के तरीके में छोटी-छोटी गलतियां आपकी सेहत को फायदे की बजाय नुकसान पहुंचा सकती हैं? जी हां, गलत तरीके से की गई वॉक आपके जोड़ों, मांसपेशियों और पोश्चर पर बुरा प्रभाव डाल सकती है। एक बड़ी समस्या यह भी है कि लोगों को अक्सर इन गलतियों के बारे में मालूम भी नहीं होता है। आइए जानते हैं ऐसी ही 5 आम गलतियों के बारे में, जिन्हें वॉक करते समय करने से बचना चाहिए।





### गलत जूतों का चयन

वॉक के दौरान सबसे बड़ी गलती गलत फुटवियर पहनना है। टाइट जूते, सैंडल, या फ्लैट चप्पल पहनकर वॉक करने से पैरों में दर्द, एड़ियों में चोट, यहां तक कि प्लांटर फैसीसाइटिस की समस्या हो सकती है। हमेशा ऐसे जूते चुनें जो आरामदायक हों, एड़ी को सही सपोर्ट दें और तलवों में कुशनिंग हो। वॉकिंग या स्पोर्ट्स शूज इसके लिए सबसे बेहतर हैं।

### गलत पोश्चर

कई लोग वॉक करते समय झुककर चलते हैं, सिर नीचा कर लेते हैं या कंधे आगे की ओर झुका लेते हैं। इस गलत पोश्चर से कमर दर्द, गर्दन में अकड़न और रीढ़ की हड्डी पर दबाव बढ़ता है। सही तरीका यह है कि सीधे खड़े होकर, सिर ऊपर, कंधे सीधे और छाती खुली रखते हुए चलें। कदम हमेशा एड़ी से पंजे की ओर रखें।

### बिना वॉर्म-अप के चलना शुरू कर देना

अचानक तेज गति से वॉक शुरू करना मांसपेशियों और जोड़ों के लिए खतरनाक हो सकता है। इससे मोच आने या मांसपेशियों में खिंचाव का जोखिम रहता है। वॉक से पहले 5-10 मिनट हल्की स्ट्रेचिंग या धीमी वॉक जरूर करें। इसी तरह, वॉक खत्म करने के बाद भी कूल डाउन करें ताकि हार्ट बीट धीरे-धीरे सामान्य हो सके।

### ज्यादा लंबे कदम उठाना

कुछ लोग सोचते हैं कि लंबे-लंबे कदम उठाने से ज्यादा कैलोरी बर्न होगी, लेकिन यह गलत है। बहुत लंबे कदम उठाने से जांघों, घुटनों और पीठ पर ज्यादा दबाव पड़ता है, जिससे चोट लग सकती है। नेचुरल और आरामदायक कदम ही सही रहते हैं। कदमों की गति धीरे-धीरे बढ़ाएं, लेकिन लंबाई बढ़ाने की जरूरत नहीं है।

### पानी न पीना

वॉक करने से पहले पर्याप्त पानी न पीना डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है। वहीं, बिल्कुल खाली पेट तेज वॉक करने से चक्कर आना, कमजोरी या शुगर लेवल गिरने की समस्या हो सकती है। वॉक से करीब 30 मिनट पहले हल्का पानी पिएं और अगर लंबी वॉक पर जा रहे हैं, तो साथ में पानी की बोतल जरूर रखें। हल्का स्नैक (जैसे केला या मुट्ठीभर ड्राई फ्रूट) भी ले सकते हैं।



## मोटापा, डायबिटीज और हार्ट रोग अलग-अलग समस्याएं नहीं

भारत में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टर अब तीन ऐसी बीमारियों पर अधिक ध्यान दे रहे हैं, जो आपस में गहराई से जुड़ी हुई हैं मोटापा, डायबिटीज और हार्ट रोग। पहले इन्हें अलग-अलग समस्याओं की तरह देखा जाता था, लेकिन अब शोध दिखा रहे हैं कि ये एक ही चेन की कड़ियों की तरह एक-दूसरे को प्रभावित करती हैं। इस संबंध को समझना लोगों, परिवारों और समुदायों के लिये बेहद जरूरी है।

**मोटापा सिर्फ बढ़ा हुआ वजन नहीं:** मोटापा सिर्फ बढ़े हुए वजन का मामला नहीं है, यह शरीर की मेटाबॉलिज्म पर असर डालने वाली एक लंबी बीमारी है। नए शोध बताते हैं कि शरीर की चर्बी सिर्फ जमा नहीं रहती, बल्कि हार्मोन जैसे केमिकल भी छोड़ती है, जो शरीर की इंसुलिन प्रणाली को बिगाड़ देते हैं। इससे शरीर धीरे-धीरे इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं कर पाता। समय के साथ यह स्थिति टाइप 2 डायबिटीज में बदल जाती है। चिंता की बात यह है कि यह प्रक्रिया अब कम उम्र में ही शुरू हो रही है। कई डॉक्टर युवा लोगों में पेट के आसपास बढ़ी चर्बी के कारण डायबिटीज के शुरूआती संकेत देख रहे हैं। पेट की यह चर्बी सबसे ज्यादा हानिकारक मानी जाती है क्योंकि यह अंदरूनी अंगों के पास होती है और ऐसे पदार्थ छोड़ती है, जो धमनियों को सख्त और ब्लॉकेज-प्रोन बनाते हैं। जिसकी वजह से भविष्य में व्यक्ति के लिए हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

**डायबिटीज और हार्ट रोग के बीच भी मजबूत रिश्ता:** खून में लगातार बढ़ी हुई शुगर रक्त वाहिकाओं को अंदर से नुकसान पहुंचाती है, जिससे उनमें ब्लॉकेज की स्थिति बन सकती है। टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों में हार्ट रोग का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में 2 से 4 गुना ज्यादा होता है। कई बार व्यक्ति को कोई लक्षण नहीं दिखते, और नुकसान चुपचाप बढ़ता रहता है। इसलिए डॉक्टर अब ऐसे लोगों को भी जांच कराने की सलाह देते हैं जिनके परिवार में डायबिटीज या हार्ट रोग की हिस्ट्री रही हो।

रोबोटिक, मिनिमल एक्सेस और बैरिएट्रिक सर्जन डॉ. पांडे कहते हैं कि आज के समय में बढ़ता तनाव, कम नींद और अनियमित काम के घंटे शरीर के महत्वपूर्ण हार्मोन जैसे कॉर्टिसोल (तनाव हार्मोन), घ्रेलिन (भूख बढ़ाने वाला) और लेप्टिन (पेट भरने का संकेत देने वाला) को बुरी तरह प्रभावित करते हैं, जिससे भूख, वजन, मूड और नींद का संतुलन बिगड़ जाता है, और इसके कारण मोटापा, डायबिटीज, चिंता और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि मोटापा सिर्फ खान-पान या एक्सरसाइज से जुड़ा मुद्दा नहीं है, यह पूरी जीवनशैली से जुड़ा मामला है। अच्छी खबर यह है कि इस चक्र को तोड़ा जा सकता है। डॉक्टरों के अनुसार, यदि व्यक्ति अपना वजन 5-10 प्रतिशत भी कम कर ले, तो इंसुलिन का काम बेहतर और हार्ट रोग का खतरा काफी कम हो जाता है। छोटे कदम जैसे रोजाना चलना, संतुलित भोजन करना, हल्की-फुल्की स्ट्रेंथ एक्सरसाइज और पूरी नींद लंबे समय में बड़ा फर्क ला सकते हैं।

## महिलाओं का साइलेंट किलर है हार्ट अटैक

**लगभग 48 फीसद महिलाओं की मौत के ज्यादातर कारणों में से एक हैं- हार्ट अटैक। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के लिए यह एक साइलेंट किलर के रूप में जाना जाता है। महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण पुरुषों के मुकाबले अलग होते हैं। आज की बदलती जीवनशैली में कम उम्र में भी महिलाएं हार्ट अटैक का शिकार बन रही हैं। फास्ट फूड का सेवन, तनाव, अनियमित खानपान और घर-बाहर की भागदौड़ में उनका स्वास्थ्य इग्नोर हो रहा हैं। ऐसें में छोटी-मोटी बीमारियों के अलावा बड़ी बीमारियां भी उन्हें चपेट में ले रही हैं। हार्ट अटैक के लक्षणों और अगर समय रहते न पहचाना गया, तो ये मृत्यु का कारण बनते हैं।**



पुरुषों में जहां हार्ट अटैक के लक्षणों में सीने में दर्द और सांस लेने में परेशानी शामिल है, वहीं महिलाओं में दर्द के बिना सांस लेने में दिक्कत होती है, इस वजह से कई महिलाएं इसे मामूली परेशानी समझ लेती हैं और नतीजा हार्ट अटैक। सांस संबंधी परेशानी में तुरंत डॉक्टर के पास जरूर जाएं ताकि समय रहते इलाज किया जा सकें। सर्वे के मुताबिक लगभग 40 फीसद महिलाओं में ऐसी परेशानी देखने को मिली है। इसके अलावा अगर आपके शरीर के ऊपरी हिस्से में दर्द हैं तो यह खतरनाक हो सकता है, जैसे गर्दन, पीठ, कंधा बगैरह। इनमें अगर दर्द ज्यादा हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। यह हार्ट अटैक के लक्षणों में से एक हो सकते हैं। इन जगहों से दिल की कई धमनियां जुड़ी रहती हैं। इसीलिए इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है।

दिल तक खून पहुंचाने वाली दाई धमनी में अगर कोई रूकावट आ जाए तो यह हार्ट अटैक का कारण बनते हैं। इस परिस्थिति में उल्टी, मितली और पेट की गड़बड़ी जैसे लक्षण महिलाओं में दिखते हैं। इसलिए ऐसे लक्षणों को हल्के में न लें, ये हार्ट अटैक के लक्षण भी हो सकते हैं।

बेवजह की थकान और अचानक से तेज नींद आना हार्ट अटैक का कारण बनता हैं। कई महिलाओं में यह परेशानी देखने को मिलती हैं कि अचानक उन्हें बेवजह थकान महसूस होने लगती है और फिर हार्ट अटैक के कारण उन्हें अस्पताल में एडमिट होना पड़ा। कई महिलाएं तो ऐसी हालात को दिन-भर की थकान समझ बैठती है और नतीजा अच्छा नहीं होता। मेनोपॉज के बाद अचानक घबराहट या पसीना आए तो किसी भी महिला के लिए शायद नार्मल बात होगी। मगर मेनोपॉज के पहले ही अगर यह लक्षण नजर आने लगे, तो बुद्धिमानी इसी में हैं कि समय रहते संभल जाइए। वरना ये लक्षण आपको अस्पताल पहुंचा सकते हैं।

## इन 5 चीजों को पेट साफ न होने पर कभी भूलकर भी न खाए

**अगर पेट साफ ना हो तो पूरे दिन पेट में भारीपन महसूस होता है। अगर ऐसी स्थिति में आपको उन चीजों की जानकारी न हो, जिन्हें खाने पर पेट और ज्यादा खराब हो सकता है, तो उन्हें खाना आपको और भी परेशानी में डाल सकता है। आइए, जानते हैं ऐसी ही चीजों के बारे में जिन्हें पेट साफ नहीं होने पर आपको भूलकर भी नहीं खाना चाहिए-**



1. पेट को दूध से बने किसी भी उत्पाद को पचाने में काफी समय लगता है, अगर आपका पेट पहले से ही साफ नहीं हैं तो दूध से बने उत्पाद को खाने से बचें, ऐसे में अगर उन्हें खाएंगे तो कब्ज हो सकता है।
2. पेट साफ नहीं होने पर चिप्स और तली-भुनी चीजों का सेवन करने से भी बचें, क्योंकि इनमें वसा ज्यादा होता है जो पचने में समय लगाता है।
3. फ्रोजन खाद्य पदार्थ भी खाने से बचें, ये आपके पेट को और ज्यादा खराब कर देती है।
4. बिस्कुट और कुकीज में मैदे की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जो कि इस दौरान आपके पेट को ज्यादा नुकसान करेगी।
5. वैसे तो केला खाना पचाने में सहायता करता है, लेकिन पेट साफ नहीं होने की स्थिति में कच्चा केला भूलकर भी न खाएं।

## जरा कान की भी सुनिए

**आजकल सुनने की क्षमता में कमी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। एक शोध कहता है कि 20 से 40 आयु वर्ग के 80 प्रतिशत लोगों में यह समस्या मोबाइल फोन के ज्यादा उपयोग के कारण बढ़ रही है। इसके अलावा भी इस समस्या के अनेक कारण हैं, जो आपके कानों को परेशान करते हैं। आप अपने कानों का कैसे रख सकते हैं ख्याल...**



विज्ञान के विकास ने हमारी जीवनशैली को काफी बदल दिया है। मोबाइल और गाडियों के बढ़ते उपयोग से ध्वनि प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है और उसी अनुपात में कानों की समस्याएं भी बढ़ी हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कानों की समस्याएं युवाओं में तेजी से बढ़ रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक भारत के 20-22 प्रतिशत लोग कान की किसी न किसी बीमारी के शिकार हैं। इनमें कानों में दर्द होना, धीमी आवाजें सुनाई न देना, कान में किसी तरह का दबाव महसूस होना, कान में सूजन आ जाना या कान से तरल पदार्थ का बहना प्रमुख हैं। इसके अलावा कानों की एक गंभीर समस्या और है कि जब बाहर कोई आवाज नहीं है, तब भी आवाज सुनाई देना या कानों में घंटी बजना। ये समस्याएं आपके एक या दोनों कानों में हो सकती हैं।

**ध्वनि प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव:** ध्वनि प्रदूषण का सबसे अधिक जाना-पहचाना नुकसान है सुनने की क्षमता प्रभावित होना या कुछ निश्चित आवाजों को सुनने में अक्षमता, लेकिन ध्वनि प्रदूषण के कुछ दूसरे प्रभाव भी हैं।

**ईयरफोन से दूरी जरूरी:** आजकल युवाओं में ईयरफोन या हेडफोन का बड़ा क्रेज है। इनके लगातार इस्तेमाल से सुनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। लंबे समय तक तेज ध्वनि सुनने से कान के पर्दे की मोटाई प्रभावित होती है। इससे सुनने की क्षमता प्रभावित होती है और धीमी आवाजें सुनाई नहीं देती हैं। इसके अलावा इससे याददाश्त और बोलने की क्षमता भी प्रभावित होती है। शोधों में यह बात सामने आई है कि यदि कोई व्यक्ति रोज एक घंटे से अधिक 80 डेसीबल्स से तेज वॉल्यूम में संगीत सुनता है तो उसे अगले पांच वर्षों में सुनने में कठिनाई हो सकती है या स्थाई रूप से बहरा हो सकता है।

**कान के पर्दे में छेद होना:** जानलेवा घटना जैसे विस्फोट या वाहन चलाते समय कोई दुर्घटना घटित होने से कान में अचानक तेज दर्द हो तो हो सकता है कि कान के पर्दे में छेद हो गया हो। अगर दुर्घटना के समय तेज दर्द हो और फिर सुनाई पड़ना बंद हो जाए तो समझिए की कान के मध्य भाग को नुकसान पहुंचा है। अगर कान के पर्दे में छोटा छेद है तो वह खुद ही भर जाता है, लेकिन अगर बड़ा छेद हो जाए तो सर्जरी की आवश्यकता होती है।

**स्विमिंग से संक्रमण:** देर तक पानी में रहने से कानों में पानी चला जाता है। इससे कानों में दर्द होना या तरल पदार्थ बहने की समस्या हो सकती है। बचाव के लिए ईयर प्लग का इस्तेमाल करें।

**हवाई यात्रा में बरतें सावधानी:** हवाई यात्रा के दौरान अक्सर लोगों को कान में दर्द की शिकायत होती है। यह समस्या प्लेन के लैंडिंग करते समय अधिक होती है। बचाव के लिए ईयर प्लग का इस्तेमाल करें। च्यूइंगम चबा कर भी बच सकते हैं।

**सावधानी से करें सफाई:** कान से मैल अपने आप न निकल पाने के कारण अंदर जमा होने लगता है। इस पर तेल, धूल, धुआं, कचरा आदि लगने के कारण यह कड़ा हो जाता है, जिसे निकालना बेहद जरूरी होता है। कुछ दवाओं की मदद से मैल को मुलायम करके उसे निकाला जाता है।

**शोर-शराबे से रहें दूर:** मशीनों, फैक्ट्रियों और खासतौर पर ऑटोमोबाइल से निकलने वाले शोर के कारण वातावरण में ध्वनि प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। इस शोर-शराबे का हमारे स्वास्थ्य पर दो तरह से प्रभाव होता है। प्राथमिक स्तर पर इससे हमारी सुनने की क्षमता प्रभावित होती है। दूसरे स्तर पर एंग्जाइटी और अनिद्रा की समस्या होती है। 20-40 वर्ष की आयु वर्ग के 80 प्रतिशत लोगों में सुनने की समस्या अत्यधिक मोबाइल फोन का उपयोग करने से होती है।

### कानों को स्वस्थ रखने के टिप्सः

- अपने कानों को अत्यधिक सावधानी से साफ करें। कान में कोई नुकीली चीज न डालें। इससे ईयर कनैल या ईयरड्रम क्षतिग्रत हो सकता है।
- ईयर वैक्स स्वयं ही कान की सफाई करता है। अगर यह अधिक मात्रा में एकत्र हो जाए और सुनने में दिक्कत हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।
- कान के संक्रमण से बचने के लिए गले और नाक के संक्रमण को गंभीरता से लें और तुरंत इलाज कराएं।
- कई बीमारियां भी सुनने की क्षमता को प्रभावित करती हैं, इसलिए अगर कोई ऐसा लक्षण दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- अगर कानों से मवाद बह रहा है तो इसे गंभीरता से लें और जितनी जल्दी हो सके डॉक्टर को दिखाएं।
- कई दवाएं भी सुनने की क्षमता को प्रभावित करती हैं। अगर कानों में घंटी बजे या दूसरी आवाजें आएं तो इसे गंभीरता से लें।
- अत्यधिक तेज आवाज में संगीत न सुनें।
- कान का मैल साफ करने के लिए नुकीली चीजों या ईयर बड का उपयोग न करें।
- नहाने के तुरंत बाद कानों को अच्छी तरह साफ करके सुखाना चाहिए।
- कान में कभी कोई तेल न डालें।

## दांत-मसूड़ों के दर्द से छुटकारा पाने में काम आएंगे ये घेरलू उपाय





दांतों और मसूड़ों का दर्द आपको काफी परेशान कर देता है। दांत या मसूड़े में किसी भी तरह की समस्या में दर्द से तो परेशान होते ही हैं, इसके अलावा खाना-पीना भी ठीक से नहीं हो पाता है जिससे परेशानी बढ़ जाती है। आइए, आपको बताते हैं इनसे छुटकारा पाने के कुछ घरेलू उपाय।

**नमक पानी:** नमक का पानी आपको इनफेक्शन से बचाता है और दांतों के बीच में फंसे खाने को भी निकालने में मदद करता है। इससे सूजन भी खत्म हो जाती है और मसूड़ों में मौजूद बैक्टीरिया भी खत्म होते हैं। गुनगुने पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर उस पानी को कुछ देर मुंह में रखें और कुल्ला कर लें।

**लहसुन:** लहसुन अपने औषधीय गुणों के कारण जाना जाता है। इसे आमतौर पर सर्दी-जुकाम ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह मुंह के बैक्टीरिया को खत्म करने की भी क्षमता रखता है और पेनकिलर का भी काम करता है। लहसुन की एक कली को पील लें और इस पेस्ट को मसूड़े या दांत पर लगाएं।

**लौंग:** दांत में दर्द से राहत देने के लिए लौंग भी काफी कारगर है। इसे मुंह में दबाए रखें। दर्द से राहत मिलेगी।

**टी बैग्स:** चाय में टैनिन नाम का कम्पाउंड होता है जो बैक्टीरिया का खत्म कर सकता है। ऐसे में टी बैग्स भी आपको दांट के दर्द से छुटकारा दिला सकते हैं। टी बैग को गर्म पानी में उबले हुए पानी में डालकर 5 मिनट तक छोड़ दें। इसके बाद इसे निकालें जब थोड़ा ठंडा हो जाए तो उस जगह पर लगाएं जहां दर्द हो रहा है।

**तो डेन्टिस्ट से मिलें:** दांतों के हल्के दर्द को आप घरेलू उपाय से ठीक कर सकते हैं लेकिन अगर दर्द ज्यादा है तो आपको डेन्टिस्ट से मिलना चाहिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्टियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन : 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।